E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in हिंदी दैनिक गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 168 | गुवाहाटी | रविवार, 14 जनवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12
| VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

## श्रीराम से पहले बाबर को नमन करेगा नेहरू परिवार : सीएम




**नई दिल्ली/गुवाहाटी ( एजे / हि.स. )।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं के जाने से इनकार के बाद पार्टी आलोचकों के निशाने पर है। अब असम सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस पर इसे लेकर तगड़ा निशाना साधा है। असम सीएम ने कहा कि वे बाबर से प्यार करते हैं ना कि भगवान राम से। ऐसे में उन्हें निमंत्रण देने का फैसला ही गलत था। जिनकी भगवान राम में आस्था है, उन्हें ही कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया जाना चाहिए। भगवान राम और बाबर में गांधी परिवार पहले बाबर को ही प्रणाम करेगा। बीते दिनों कांग्रेस ने आधिकारिक बयान जारी अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं शामिल होने की जानकारी दी थी। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को निमंत्रण भेजा गया था। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाकर कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया। हिमंत विश्व शर्मा से जब ईडी द्वारा दिल्ली सीएम केजरीवाल को चौथी बार समन भेजने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अगर आपको चौथी बार समन भेजा जा रहा है और आप नहीं जा रहे हैं तो इसका मतलब है कि आप अल्पकालिक तौर पर नहीं बल्कि स्थायी तौर पर जाना चाहते हैं। ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए दिल्ली सीएम को यह समन भेजा है। इससे पहले ईडी केजरीवाल को 2 नवंबर, 21 दिसंबर और 3 जनवरी को भी समन भेज चुकी है, लेकिन किसी ना किसी कारण से केजरीवाल अभी तक ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। -शेष पृष्ठ तीन पर

## मुंबई से गुवाहाटी आ रही फ्लाइट ढाका डायवर्ट

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में खराब मौसम के कारण मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। खराब मौसम के कारण फ्लाइट 6ई 5319 को बांग्लादेश के ढाका की ओर मोड़ दिया गया था। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद ढाका से गुवाहाटी तक उड़ान संचालित करने के लिए अब एक वैकल्पिक चालक दल की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को अपडेट के बारे में सूचित किया गया और उन्हें -शेष पृष्ठ तीन पर

## पुरुलिया में साधुओं पर हमला, 12 गिरफ्तार

### पहले नंगा किया फिर जटाएं खींचकर पीटा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर प्रदेश के 3 साधुओं के मारपीट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गांगा सागर जा रहे साधुओं के साथ कुछ लोगों ने बच्चा चोर समझ कर पिटाई कर दिया। घटना गुरुवार 11 जनवरी की बताई जा रही है, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यूपी के रहने वाले तीनों साधु मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे थे। साधुओं ने गंगासागर पहुंचने के लिए एक गाड़ी किराए पर ली थी। उनके साथ एक तीन लोग और थे। वे मकर संक्राति पर गंगासागर पहुंचने वाले थे, जैसे ही ही गाड़ी पुरुलिया पहुंची उन्होंने कुछ लोगों से रास्ता पूछ लिया। लोग भड़क गए और उन्हें बच्चा चोर समझकर पीटने लगे। घटना पर बंगाल भाजपा ने ट्वीट किया, ममता बनर्जी को इस चुप्पी पर शर्म आनी चाहिए! क्या हिंदू साधु आपकी मान्यता के योग्य नहीं हैं? हम इस अत्याचार आपकी जवाबदेही की मांग करते हैं। वायरल हो रहे 30 सेकंड के एक वीडियो में, साधु को एक भीड़ द्वारा निर्वस्त्र होते और उन पर हमला करते हुए दिखाया गया है। इस घटना की तुलना 2020 के पालघर मॉब -शेष पृष्ठ तीन पर






# भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है : पीयूष हजारिका

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के सूचना जनसंपर्क, जल संसाधन आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की जनता के बीच में लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्तशासी परिषद के पिछले चुनाव में भाजपा ने 19 सीटें जीती थी, जबकि इस बार पार्टी को 28 में से 25 सीटें मिली हैं। जबकि, कांग्रेस अपना खाता तक नहीं खोल सकी। पीयूष हजारिका आज गुवाहाटी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार तथा राज्य की डॉ. हिमंत विश्व शर्मा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के कारण भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि असम में बीते दो लोकसभा चुनावों, दो विधानसभा चुनावों के साथ ही जितने भी



स्वायत्तशासी परिषदों, निगमों, निकायों के चुनाव हुए हैं- सभी में भाजपा की जीत का सिलसिला बरकरार रहा है। बल्कि यूं कहिए कि हर बार बीते बार की तुलना में अधिक सीटें भाजपा को मिल रही है। उन्होंने कहा कि एक चुनाव में झूठ बोलकर जनता का वोट लिया जा सकता है, लेकिन 10 साल तक कोई झूठ बोलकर चुनाव नहीं जीत सकता है। यह भाजपा के सुशासन का ही नतीजा है कि लोगों में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लोकप्रियता लगातार काम हो रही है। उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्तशासी परिषद चुनाव में जहां भाजपा को 55 फीसदी से अधिक वोट मिले हैं, वहीं कांग्रेस को सिर्फ आठ फीसदी दिए वोट मिले। उन्होंने कहा कि जिन निर्दलीय उम्मीदवारों ने वोट लिए हैं, वे भी भाजपा से ही चुनाव के दौरान निकालकर चुनाव लड़ने वाले हैं। कांग्रेस का एक तरह से नामोनिशान समाप्त हो गया है।

## ड्रग्स के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** एसटीएफ की एक टीम ने जोराबाट के निकट नौ माइल में अभियान चलाकर एक ड्रग्स तस्कर को ड्रग्स समेत गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने बताया कि इंस्पेक्टर के नेतृत्व में शनिवार को वशिष्ठ थाना क्षेत्र के नौ माइल इलाके चलाए गए अभियान के दौरान एक ड्रग्स तस्कर बीशू राय (32, नौ माइल, मेघालय) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से हेरोइन से भरी 52 प्लास्टिक की सीसी, नगद 3,290 रुपये, तीन खाली प्लास्टिक की सीसी के अलावा एक लाईटर बरामद की गई। गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर के पास बरामद की गई हेरोइन की वजह लगभग 86.5 ग्राम है। गिरफ्तार आरोपी को एसटीएफ की टीम ने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार महिला से सघन पूछताछ कर रही है।

## पूसीरे की रेसुब ने यात्रियों के चोरी हुए लाख से अधिक मूल्य के सामान बरामद किए

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) की रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) ने 10 और 11 जनवरी को जोन में नियमित जांच और अभियान चलाते हुए यात्रियों के सामान की चोरी मामले में लिप्त 07 लोगों को पकड़ा। विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में इस जांच के दौरान, रेसुब ने गुवाहाटी, जागीरोड, लमडिंग, न्यू कोचबिहार और चापरमुख रेलवे स्टेशनों से लगभग 2.92 लाख रुपए मूल्य के कीमती सामान सफलतापूर्वक बरामद किये। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया कि गत 10 जनवरी को एक घटना में, गुवाहाटी की रेसुब टीम ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया और चोरी हुए लगभग 20 हजार रुपए के दो मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। उसी दिन, अलीपुरद्वार रेसुब ने न्यू कोचबिहार रेसुब के साथ संयुक्त रूप से न्यू कोचबिहार रेलवे स्टेशन पर एक अभियान चलाया और चोरी हुए लगभग 2.32 लाख रुपए के आठ मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। 11



जनवरी को चापरमुख की रेसुब टीम ने जागीरोड रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया और चोरी हुए लगभग 10 हजार के मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। पकड़े गए सभी व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी प्रभारी को सौंप दिया गया।

## राहुल की यात्रा मणिपुर के निजी मैदान से होगी शुरू : कांग्रेस

**आइजोल ( हिंस )।** राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा राज्य की राजधानी इंफाल के बजाय 14 जनवरी को मणिपुर के थौबल जिले के एक निजी मैदान से शुरू होगी। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने आज कहा कि इम्फाल के पैलेस कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दे दी, जिससे अंतिम क्षण में कार्यक्रम स्थल को लगभग 34 किमी दूर स्थानांतरित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमने 2 जनवरी को राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया था कि इंफाल में पैलेस कांगजीबुंग सार्वजनिक मैदान को भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने की अनुमति दी जाए। हमने यह भी घोषणा की थी कि यात्रा इंफाल से शुरू होगी और मुंबई में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि हमने 10 जनवरी को इस संबंध में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मुलाकात की थी, लेकिन उन्हें बताया गया कि अनुमति नहीं दी जाएगी। बाद में उस रात एक आदेश जारी किया गया, जिसमें पैलेस कांगजीबुंग मैदान के लिए अनुमति दी गई, लेकिन सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ। मेघचंद्र ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की एक टीम ने फिर से डीजीपी राजीव सिंह और इंफाल पूर्व के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) और एसपी की मौजूदगी में मुख्य सचिव विनीत जोशी से मुलाकात की। हमें बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर एक हजार से अधिक लोगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। अनुमति नहीं दी गई थी इसलिए हम चिंता में थे। गुरुवार देर रात थौबल डीसी ने जिले के खोंगजोम इलाके में एक निजी भूमि से यात्रा को शुरू करने की अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे वहां से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होने के बाद, यात्रा 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। यह 15 राज्यों के 110 जिलों से गुजरते हुए 67 दिनों में छह हजार 713 किमी की दूरी तय करेगी।

## छात्र संगठनों के नेताओं सहित सैकड़ों लोग बीपीएफ में शामिल



**तामुलपुर ( हिंस )।** जिला मुख्यालय स्थित तामुलपुर पार्क में आयोजित ज्वाइनिंग समारोह में बीपीएफ के सिद्धांतों से आकर्षित होकर सैकड़ों युवा एवं छात्र संगठनों के नेता तथा कार्यकर्ता आज बीपीएफ में शामिल हुए। बीपीएफ प्रमुख हग्रामा महिलरी की उपस्थिति में आयोजित इस ज्वाइनिंग सेरेमनी में करीब 900 लोग बीपीएफ में शामिल हुए। तामुलपुर जिला युवा बीपीएफ के तत्वावधान में यह ज्वाइनिंग सेरेमनी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेता हग्रामा महिलरी ने कहा कि बीपीएफ पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। हग्रामा महिलरी ने यह भी खुलासा किया कि एबीएसयू पिछले बीटीसी समझौते के लिए सहमत नहीं था। इस अवसर पर बीपीएफ पार्टी के कार्यकर्ता, युवा बीपीएफ कार्यकर्ता तथा अन्य उपस्थित थे।

## एसएसबी, रंगिया का 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शानदार समापन

**रंगिया।** श्री दीपक सिंह कमांडेंट 24वीं वाहिनी रंगिया (असम) के दिशा-निर्देश में वाहिनी प्रागंण में कराए जा रहे 30 दिवसीय योग प्रशिक्षण का आज समापन किया गया। इस कोर्स के माध्यम से जवानों को योगभ्यास की सही ज्ञान दिया गया। इस प्रशिक्षण अवधि में 24वीं वाहिनी एवं क्षेत्रक मुख्यालय के महिला एवं पुरुष कार्मिको ने भाग लिया। इस कोर्स का उद्देश्य सभी जवानों को योग की सही शिक्षा देना ही नहीं अपितु साथ-ही-साथ इस कोर्स के माध्यम से योग को अन्य जवानों एवं उनके परिवार व परिजनो तक पहुंचाना है। श्री जसबीर सिंह द्वितीय-कमान-अधिकारी द्वारा बताया गया कि योग स्वस्थ्य जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे न केवल हमारे शरीर को लाभ ही लाभ नहीं होता अपितु हमारे मन-मस्तिष्क को भी शांति का अनुभव होता है। यह योग शिविर *हर आंगन योग* थीम के तहत किया गया। योग के द्वारा न केवल मानव जीवन को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ



बिमारियों से भी दूर रहा जा सकता हैं। इस योग प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी ने योग का भरपूर आनंद एवं योग करने की सही विधि का ज्ञान प्राप्त किया, साथ-ही-साथ योग का उचित समय के बारे में भी जानाकारी ली। इस कार्यक्रम में श्री मोती लाल, श्री विश्वा नाथ मिश्रा उप कमांडेंट 24वीं वाहिनी रंगिया एवं अन्य बल कर्मी उपस्थित रहे।

## शंकरदेव विद्या निकेतन परिसर में मना भोगली बिहू



**होजाई ( निसं )।** शंकरदेव विद्या निकेतन परिसर में आज स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने मिलकर भोगली बिहू का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ, इसके बाद छात्राओं को पीठा व लड्डू बनाने का तरीका सिखाया गया एवं उसका प्रदर्शन किया। वहीं भोगली बिहू के उपलक्ष पर भेला घर वह मेजी बनाई गई। स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर विजई बच्चों को पुरस्कार दिया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के पश्चात मेंजी वह बेलघर को जलाया गया एवं अग्नि पूजा की गई। तत्पश्चात सामूहिक रूप से स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों ने मिलकर दही चिड़ावा एवं पिता का जलपान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में निकेतन के सभापति तथा कंपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अवसर प्राप्त विषय शिक्षक कल्याण कुमार राय चौधरी, निकेतन के पूर्व अध्यक्ष अजीत बोरा, विद्या भारती जिला टोली के प्रचार प्रमुख व पत्रकार प्रणव शर्मा सहित कई विशेष जन उपस्थित थे,। सभी विशिष्ट जनों ने भौगालि बिहू की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा की पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम को शक्तिशाली करने हेतु ऐसे आयोजन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, सभी विशिष्ट जनो ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। मुक्त जानकारी निकेतन के प्राचार्य तपन शर्मा ने दी।

## पेट्रोल पंप पर करंट लगने से मजदूर की मौत

**तिनसुकिया ( हिंस )।** लिड्डू के तिराप में एक पेट्रोल पंप पर करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचान मार्घेरिटा के सगुनबाड़ी के पपू बरुवा के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि घटना तिराप कोलियरी स्थित भारत पेट्रोल पंप पर हुई। पपू बरुवा एक कोयला डिपो में काम करता था। यह घटना उस समय हुई जब जेसीबी डंपर से तेल का ड्रम नीचे गिरा रही थी। पुलिस ने शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल में भेज दिया। इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## जिलापाल ने किया लायंस उमंग का औपचारिक दौरा

### क्लब के मानव सेवा कार्यों की खुले दिल से की सराहना

**गुवाहाटी ( विभास )।** मानव सेवा के कार्यों में हरदम तत्पर रहने वाली महिलाओं की अग्रणी संस्थानों में से एक लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग का लायंस जिला 322जी के जिलापाल निर्मल भूरा ने औपचारिक दौरा कर उमंग के सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस मौके पर क्लब की ओर से आयोजित चार्टर नाइट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलापाल ने क्लब की सदस्याओ को और अधिक सेवा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही जिलापाल ने क्लब की सदस्याओ को विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका गर्ग ने बताया कि अध्यक्ष कंचन पोद्दार की अध्यक्षता में लोहड़ी थीम पर चार्टर नाइट



सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की सभी सदस्याएं पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में नजर आई। अध्यक्ष कंचन पोद्दार ने सभी का स्वागत करते हुए सभी को सदस्यों को मकर संक्रांति, बोहाग बिहू, लोहड़ी आदि पर्व की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात सचिव संगीता अग्रवाल ने अपनी सचिव रिपोर्ट तथा कोषाध्यक्ष स्वाति चौधरी ने आय व्यय का लेखा-जोखा रखा। सयोजिका प्रीति भजनका ने बताया की संगीता नंदलाल अग्रवाल की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में वीडीजी (प्रथम) श्रीमती सीमा गोयनका, वीडीजी (द्वितीय) पंकज पोद्दार ने भी क्लब के कार्य की सराहना की। इस मौके पर पूर्व जिलापाल डीपी बजाज, राधा अग्रवाल, मंदिरा चंदा, सुधीर चौधरी, एलएन अग्रवाल, बीएस राठौड़, अमर बरुआ, एलसीआईएफ समन्वयक मनोज भजनका, जीएमटी समन्वयक सुरेश गग्गड़, जिला सचिव अनिल जैन, जिला कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन रितु बांका, लायंस गौहाटी के अध्यक्ष अजय पोद्दार, लायंस अर्पण की अध्यक्ष पायल भारतीय, रतन गोयनका के अलावा अन्य क्लब से आए पदाधिकारी गण मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में क्लब की सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा।

## कश्मीरी युवा संवाद कार्यक्रम का सफल समापन

**गुवाहाटी।** डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट (डीबीआई), गुवाहाटी के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), गुवाहाटी द्वारा आयोजित छह दिवसीय कश्मीरी युवा संवाद कार्यक्रम का बुधवार रात इंस्टीट्यूट में एक भव्य समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के छह जिलों के 132 कश्मीरी युवाओं को पूर्वोत्तर के 60 स्थानीय युवाओं के साथ संपर्क और बातचीत के अवसर प्रदान करना है। समारोह के मुख्य अतिथि असम विधानसभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी थे, जिन्होंने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए नेहरू युवा केंद्र संगठन और डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट के प्रयासों की सराहना की, जो विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यक्रम का सर्वोत्तम उपयोग करने और एक-



दूसरे के अनुभवों और दृष्टिकोण से सीखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने 132 कश्मीरी युवाओं को पूर्वोत्तर के 60 स्थानीय युवाओं को असम विधान सभा भी दिखाया और उनके साथ टी पार्टी का आयोजन किया और उनके तथा हमारे कल्चर से रूबरू कराया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्याक्रम का भी आयोजन किया गया। श्री दैमारी ने कश्मीरी युवाओं तथा पूर्वोत्तर के स्थानीय युवाओं को तामुलपुर और भूटान का भी दौरा कराया। संस्थार्न के कार्यकारी निदेशक फादर क्लेटस सेबेस्टियन एसडीबी, भारत पर्यटन के क्षेत्रीय निदेशक अनिल ओराव, नेहरू युवा केंद्र संगठन, पूर्वोत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक इंखुआंगुआंग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के उप निदेशक प्रमोतेश चक्रवर्ती उपस्थित थे। समारोह में प्रतिभागियों द्वारा अपनी-अपनी संस्कृतियों की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करते हुए कश्मीरी लोक नृत्य, गीतों की प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागियों ने देश में युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, अखंडता और शांति के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ भी ली। कश्मीरी युवा संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, राष्ट्र निर्माण, कौशल विकास, सांप्रदायिक सद्भाव, भारतीय संविधान, लोकतंत्र, नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य पर सत्र और भूटान और गुवाहाटी और उसके आसपास के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का दौरा शामिल किया गया। यह कार्यक्रम कश्मीर घाटी के युवाओं तक पहुंचने और उन्हें उनके समग्र विकास और मुख्यधारा में शामिल होने के अवसर प्रदान करने के सरकार के प्रयासों का एक हिस्सा है।

## हिंदी सेवी संतोष कुमार महतो को मिला विद्यावाचस्पति मानद सम्मान

**पाभोई रोड ( विभास )।** विश्वनाथ जिले में हिंदी भाषा, साहित्य के प्रगति में जुड़े संतोष कुमार महतो को विक्रमशिला हिंदी विद्यालय पीठ अकादमी परिषद की अनुशंसा पर सुदीर्घ हिंदी सेवा, सारस्वत साधना हेतु आज विद्यावाचस्पति मानद सम्मान प्राप्त हुआ। सम्मान प्राप्त संतोष कुमार महतो विश्वनाथ के राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार में अमिट भूमिका के साथ प्रतापगढ़ चाय बागान आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के सहायक हिंदी शिक्षक, कवि, लेखक,विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति के सचिव,पूर्वोत्तर हिंदी



साहित्य अकादमी, विश्वनाथ जिला इकाई के जिलासचिव, शहर समता पुरुष काव्य मंच के जिलाध्यक्ष, तथा विभिन्न साहित्यिक सेवी संस्थानों से जुड़े हुए है। इस पुरस्कार के प्राप्त खबर फैलते ही साहित्यिक प्रेमी में खुशी की लहर व्याप्त है। पुरस्कार प्राप्त संतोष कुमार महतो को हिंदी प्रेमी क्रमशः प्रभुनाथ सिंह,मनीषा पाल,गीता लिम्बू, सैयदा आनोवारा खातुन, सागर सापकोटा,विनय कुमार बुद्ध,सत्यप्रकाश गुप्ता, चित्रप्रसाद पौड़ेल, आभा कुमारी चौधरी ने बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संतोष कमार महतो ने कहा यह सम्मान मुझमें और राष्ट्रीय भावना के साथ राष्ट्रभाषा के विकास कार्य में उत्साह प्रेरित करेगा। विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के विशेष आभार जिन्होंने मुझे विद्यावाचस्पति सम्मान देने के योग्य समझे, अकादमी को विशेष आभार व्यक्त करता हूं।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र का जागरूकता कार्यक्रम

**गुवाहाटी।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत नेहरू युवा केंद्र संगठन ने 11 से 17 जनवरी तक पूरे भारत में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर रहा हैं। इसी कड़ी में कामरूप महानगर के जिला नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में जिला प्रशासन के परोक्ष सहयोग से रुक्मिणीगांव, छमाइल, उलूबाड़ी, भांगाढ़, गणेशगुड़ी, दिसपुर और पलटन बाजार इलाके में 300 से अधिक स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों अपने हाथों में बैनर प्रचार पुस्तिका आदि लेकर पैदल यात्रियों, वाहन चालकों, कंडक्टरों, यात्रियों के साथ-साथ रिक्शा चालकों और ऑटो चालकों को यातायात कानून सुरक्षा, यातायात कानूनों के विभिन्न पहलू, सड़क सुरक्षा, नियंत्रित गति से वाहन चलाना, यातायात संकेतों का पालन करना, हेलमेट पहनना, दोपहिया वाहनों के चालकों और यात्रियों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग, चार पहिया वाहनों के चालकों और यात्रियों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग, मादक पदार्थों का सेवन कर गाड़ी नहीं चलाने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के बारे में जागरूकता फैलाने का




भी आग्रह किया। सड़क सुरक्षा ही जीवन की सुरक्षा, तेज रफ्तार में से वाहन नहीं चलाने आदि दिशा निर्देश का पालन कर एक सड़क दुर्घटना मुक्त राज्य बनाने के लिए आह्वान किया। आगामी 17 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कामरूप महानगर के विभिन्न इलाके में आयोजित होगा और सभी वर्ग के लोगों से सहयोग और सहभागिता के लिए नेहरू युवा केंद्र, महानगर जिले के युवा अधिकारी चयन शुक्लवैद्य एवं लेखाकार एवं कार्यक्रम निरीक्षक जीवन चंद्र दलै ने नगर से आह्वान किया।

## हनुमान मंदिर में चोरी, मूर्तियों को भी किया क्षतिग्रस्त

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की घटना हुई है। चोर मंदिर के अंदर से बहुत सारा कीमती सामान चुरा ले गए हैं। साथ ही मंदिर में लगे दान पात्र से पैसे भी चोर चुराकर फरार हो गए हैं। चोरों ने हनुमान मंदिर के अंदर भगवान राम और मां सीता की मूर्तियों को भी तोड़ दिया। मूर्ति को पहनाए गए सोने-चांदी के जेवरात भी चोर उठा ले गए। हैलाकांदी पुलिस ने शनिवार सुबह मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस की फिंगरप्रिंट टीम भी पहुंचकर चोरों के अंगुलियों के निशान खोज रही है। मंदिर के पुजारियों और समितियों के सदस्यों ने कहा कि चोर मंदिर से लाखों रुपए का सामान और नकदी चुरा ले गए हैं। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष देखा जा रहा है।

## प्रेम और भावना से बढ़कर कुछ नहीं है : शंभारण लाटाजी महाराज

**गुवाहाटी ( विभास )।** श्री राम सेवा सत्संग समिति के सौजन्य से फैंसी बाजार तेरापंथ धर्मस्थल में चल रही संगीतमयी राम कथा के आठवें दिन शनिवार को कथावाचक संत श्री शंभुशरण लाटा जी महाराज ने कहा कि अच्छे कर्म करने से व्यक्ति का बल बढ़ता है। जबकि गलत कर्म करने से बुद्धि और बल कम हो जाता है। वर्तमान समय में वाणी का महत्व भी बहुत अधिक है। प्यार से बोले गए मीठे बोल इंसान को बहुत सुकून देते हैं। इसलिए जब भी किसी से मिलें तो मीठा बोलें। महाराज श्री ने कहा कि राम का नाम इस ब्रह्मांड में सर्वश्रेष्ठ है। राम नाम में ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड समाहित है। राम नाम सर्वोत्तम मंत्र है। इसके स्मरण मात्र से ही मनुष्य को दैवीय शक्ति प्राप्त होती है। मनुष्य को हृदय से निरंतर भगवान के नाम और उनके स्वरूप का चिंतन करना चाहिए। और यह मनुष्य जन्म हमें भगवान की भक्ति के लिए ही मिला है। आज की कथा में महाराज ने सीता द्वारा सूर्पनखा की नाक काटने व जटायु वध जैसे मार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया है। कल की कथा में सुंदरकांड और सीताराम के राज्याभिषेक का



विस्तार से वर्णन किया जाएगा। आज की कथा में श्री राम सेवा सत्संग समिती केराम चंद्र तिवारी ने गुरुजी का सम्मान किया। तेरापंथ धर्मस्थल के अध्यक्ष बजरंग सुराणा, सचिव रामचंद पटवारी के अलावा बाबूलाल सुराणा, पवन जम्मड़, राजू बैद ने गुरुजी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। आज के यजमान राधाकृष्ण अग्रवाल और बिमला देवी अग्रवाल ने व्यासपीठ पर पूजा की। कल सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कथा वाचन के पश्चात कथा समापन किया जाएगा।

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 168 | गुवाहाटी | रविवार, 14 जनवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का किया आग्रह पेज 4
पेंशन, मकान, राशनकार्ड सब दिलाएंगे : मुख्यमंत्री पेज 5
सरकार में यादव समाज की उपेक्षा के विरोध में अलवर में हुआ प्रदर्शन पेज 8
एडिलेड इंटरनेशनल : लेहेका ने ड्रेपर को हराकर ट्रॉफी जीती पेज 11

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

## सूचना

सभी विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, हॉकरों और पाठकों को **विकसित भारत समाचार** परिवार की ओर से माघ बिहू और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं। इस उपलक्ष्य में 14 और 15 जनवरी को कार्यालय में अवकाश रहेगा। हम 17 जनवरी के अंक के साथ आपकी सेवा में प्रस्तुत होंगे।

–संपादक

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*एक आदर्श पत्नी वो है जो अपने पति की सुबह मां की तरह सेवा करे और दिन में एक बहन की तरह प्यार करे और रात में एक वेश्या की तरह खुश करे।*

– **आचार्य चाणक्य**

## न्यूज गैलरी

### किन्नर गिरोह ने डॉक्टर को लगाया 11 लाख का चूना

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दंपति को काला साया होने का डर दिखाकर 11 लाख रुपए के जेवरात उड़ाने वाले शातिर चोरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि 25 जुलाई 2023 को चांद निवासी मनोज ने शिकायत की थी कि उनके घर पर एक किन्नर आया था और उनकी पत्नी बीमार थी तो उसने पूजा करने की बात कही और अगले दिन पीली पूजा के नाम पर जेवरात ले गया। किन्नर कार से आए थे उन्होंने डॉक्टर से कहा कि उसके घर की परेशानियां दूर कर देंगे। पीली पूजा करने को बोला और पूजा में जेवरात लाने को कहा जिन्हें चावल के साथ कपड़े में पोटली में बांधकर पूजा

# कांग्रेस ने अल्फा से समझौता करने में देर की : सीएम



**गुवाहाटी/भुवनेश्वर( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने अल्फा के साथ शांति समझौता करने में काफी देरी की। जो समझौता आज किया गया है वह पहले ही हो जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा आज उड़ीसा में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस छह दशक तक सत्ता में रहने के बावजूद राष्ट्रहित में नीतियां अपनाने के प्रति उदासीन रही। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों की व्यापक पैमाने पर हुई भर्ती की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि ऐसा कांग्रेस के समय में क्यों नहीं होने दिया गया। उन्होंने इस दौरान दिल्ली पुलिस की दो असमिया महिला कांस्टेबलों के साथ मुठभेड़ का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा ही पूर्वोत्तर को देश की मुख्य धारा से काटकर वोट बैंक के राजनीति करती रही। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में राष्ट्रीय संस्थानों में असम के लोगों की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चाहे वह धारा 370 का मुद्दा हो या अन्य राष्ट्रहित का मुद्दा– कांग्रेस इसकी अनदेखी करती रही। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के शासनकाल में देश हित के तमाम लंबित मुद्दों का निपटारा किया गया। देशभर में राष्ट्रवाद की भावना इस दौरान प्रगाढ़ हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर जैसे राष्ट्रीय संपत्ति के निर्माण में एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत थी, लेकिन कांग्रेस इसको लेकर उल्टी नीति अपनाती रही। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से अपील की कि वह नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र निर्माण के किए जा रहे प्रयासों का समर्थन करें और इसमें सरकार का साथ दे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बातें रखी।

*सूर्य का उत्तरायण होना और संक्रांति दो अलग-अलग तथ्य*

# पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने पर आधारित है मकर संक्रांति का पर्व

**भोपाल ( हि.स. )।** देशभर में सूर्य की आराधना से जुड़ा पर्व दक्षिण में पोंगल, पूर्व में बिहु तो मध्यभारत में मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण हो जाता है, लेकिन वास्तव में अब ऐसा नहीं होता है। सूर्य उत्तरायण होना और संक्रांति दो अलग-अलग तथ्य है। हजारों साल पहले मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण हुआ करता था, इसलिये यह बात अब तक प्रचलित है। यह जानकारी नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी। उन्होंने शनिवार को मकर संक्रांति पर्व के वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी देने के उद्देश्य से सूर्य का साइंस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में सारिका ने बताया कि वैज्ञानिक रूप से सूर्य गत 22 दिसम्बर को प्रातः 8 बजकर 57 मिनट पर उत्तरायण हो चुका है। उस समय सूर्य मकर रेखा पर था। इसके बाद दिन की अवधि बढ़ने लगी है। उन्होंने बताया कि संक्रांति का अर्थ सूर्य का एक तारामंडल से दूसरे तारामंडल में पहुंचने की घटना है। सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती पृथ्वी एक साल में 360 डिग्री घूमती है। इस दौरान पृथ्वी के आगे बढ़ने से सूर्य के पीछे दिखने वाला तारामंडल बदलता जाता है। जब सूर्य धनु तारामंडल छोड़ कर मकर तारामंडल में प्रवेश करता दिखता है, तो इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। इस वर्ष मान्यता के अनुसार यह 15 जनवरी को होने जा रहा है। सारिका ने बताया कि अभी से लगभग 1800-2000 वर्ष पूर्व मकर संक्रांति 22 दिसंबर के आसपास मानी जाती थी। उस समय संक्रांति और सूर्य उत्तरायण एक साथ होते थे। इसी गति और समय अंतराल के बढ़ते क्रम के कारण यह संक्रांति अब 14-15 जनवरी तक आ गई है। लगभग 80 से 100 वर्ष में यह संक्रांति काल एक दिन बढ़ जाता है। एक गणना के अनुसार एक साल में संक्रांति नौ मिनट आगे बढ़ जाती है तथा 400 साल में औसत रूप से 5.5 दिन आगे बढ़ जाती है।

## आग से झुलसी महिला और बच्चे की मौत

**ढाका ( हि.स. )।** बांग्लादेश की राजधानी में आज तड़के एक झुग्गी बस्ती में आग लगने से झुलसी एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई। इस दौरान ठंड भी कहर बरपा रही है। पिछले छह दिनों में एक अस्पताल में भर्ती तीन सौ से ज्याद बच्चों में से 16 ने दम तोड़ दिया। स्थानीय समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी ढाका के कारवां बाजार में आज तड़के एक झुग्गी बस्ती में आग लगने से एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई और कई अन्य झुलस गए। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है।

# सुरक्षाबलों ने एनएससीएन-आईएम के छह आतंकवादी को किया गिरफ्तार

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में सुरक्षा बलों ने एनएससीएन-आईएम के छह आतंकवादियों को पकड़ा है। कब्जे से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। लोंगडिंग शहर और नियाउसा के बीच क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों और लोंगडिंग पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया था। लोंगडिंग के एसपी डेकियो गुमजा ने शनिवार को कहा कि इस अभियान के दौरान गुरुवार को विद्रोहियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार कैडरों ने खुलासा किया कि उनके पास नॉकनु और खासा गांवों के बीच एक ठिकाने में अत्याधुनिक हथियार भी थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आगे की कार्रवाई के परिणामस्वरूप तीन एमक्यू असॉल्ट राइफलें, डेटोनेटर, मोबाइल फोन और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद हुए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि लोंगडिंग पुलिस स्टेशन में हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। गिरफ्तार विद्रोहियों की पहचान स्वयंभू एएसओ और वांचो क्षेत्र के सचिव वांगपांग वांगसा (28), स्वयंभू प्रमुख पंसा (64), स्वयंभू कप्तान मिकगाम (27), स्वयंभू सार्जेंट थांगवांग (29), स्वयंभू कप्तान अलुंग नगोदाम (31) और स्वयंभू लांस कॉर्पोरल जामगांग गैंगसा (27) के रूप में की गई है। पुलिस ने कहा कि गैंगसा ईस्टर्न नागा नेशनल गवर्नमेंट (ईएनएनजी) संगठन का पूर्व कैडर है, जिसने 21 जुलाई, 2021 को आत्मसमर्पण कर दिया था और बाद में उसी साल 31 दिसंबर को एनएससीएन (आईएम) में शामिल हो गया।

# बंगाल में अपनी कमजोरियों को स्वीकार करे कांग्रेस : टीएमसी

**कोलकाता।** 2024 के चुनाव में एनडीए का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन बनाया है। हालांकि, इस गठबंधन में शामिल दलों के बीच नाराजगी खबरें लगातार सामने आ रही हैं। आज विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. की वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें टीएमसी समेत कई दलों ने शिरकत नहीं की। इस बीच टीएमसी ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बंगाल में अपनी सीमाओं को स्वीकार करना चाहिए और राज्य में उन्हें राजनीतिक लड़ाई का नेतृत्व करने की अनुमति देनी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि हम विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. के लिए प्रतिबद्ध हैं और भाजपा को हराने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम ईमानदारी से चाहते हैं कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी बंगाल इकाई की सीमाओं और कमजोरियों को स्वीकार करे और टीएमसी को राज्य में लड़ाई का नेतृत्व करने की अनुमति दे। बता दें कि एक दिन पहले ही टीएमसी ने ममता बनर्जी के वर्चुअल बैठक में शामिल नहीं होने को लेकर जानकारी दी थी।

# गणतंत्र दिवस की परेड में दिखेगा मेड इन इंडिया हथियारों का जलवा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की ओर से इस साल की गणतंत्र दिवस परेड में मेड इन इंडिया के निर्मित हथियार आकर्षण का केंद्र होंगे। इसमें एलसीएच प्रचंड हेलिकॉप्टर, पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर और नाग एंटी-टैंक मिसाइलें शामिल हैं। रक्षा बलों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को भी सेना परेड में प्रदर्शित करेगी। इसमें 60 महिला सैनिक ट्राई सर्विस की सभी महिला मार्चिंग टुकड़ी का हिस्सा बनने जा रही हैं, जिसमें वायु सेना और नौसेना की महिलाएं भी शामिल होंगी। एलसीएच प्रचंड एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है। इसमें शक्तिशाली जमीनी हमले और हवाई युद्ध क्षमता है। हेलीकॉप्टर में आधुनिक स्टील्थ विशेषताएं, मजबूत कवच सुरक्षा और जबरदस्त रात में हमला करने की क्षमता है। बता दें कि जहाज पर उन्नत नेविगेशन प्रणाली, नजदीकी लड़ाई के लिए तैयार बंदूकें और शक्तिशाली हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें एलसीएच को आधुनिक युद्धक्षेत्र के लिए विशेष रूप से अनुकूल बनाती हैं। एनएजी को डीआरडीओ द्वारा दिन और रात की स्थितियों में अत्यधिक मजबूत दुश्मन टैंकों से निपटने के लिए विकसित किया गया है। मिसाइल में समग्र और प्रतिक्रियाशील कवच से लैस सभी एमबीटी को हराने के लिए निष्क्रिय होमिंग मार्गदर्शन के साथ *फायर एंड फॉरगेट टॉप अटैक* क्षमताएं हैं। एनएजी मिसाइल वाहक नामिका उभयचर क्षमता वाली बीएमपी टू आधारित प्रणाली है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि भारतीय उद्योग द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित नवीनतम बख्तरबंद वाहनों और विशेषज्ञ वाहनों को भी परेड में प्रदर्शित किया जाएगा, जहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन मुख्य अतिथि होंगे। क्विक फाइटिंग रिएक्शन व्हीकल, लाइट स्पेशलिस्ट व्हीकल और ऑल टेरेन व्हीकल इस साल कर्तव्य पथ पर मार्च करेंगे।

# ब्रिटिश उच्चायुक्त के पीओके दौरे पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति



**नई दिल्ली।** इस्लामाबाद में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने विदेश कार्यालय के एक अधिकारी के साथ हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया। इस पर शनिवार को भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि उसने इस मामले पर नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायुक्त के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एमईए ने एक बयान में कहा कि भारत ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में एक अधिकारी के साथ ब्रिटेन की उच्चायुक्त की अत्यधिक आपत्तिजनक यात्रा को गंभीरता से लिया है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के उल्लंघन को स्वीकार नहीं किया जा सकता। मंत्रालय ने बताया कि विदेश सचिव ने इस पर भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त के सामने कड़ा विरोध जताया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और हमेशा रहेंगे। इसी तरह, पिछले साल अक्तूबर में इस्लामाबाद में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लूम ने भी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया था।

# नेपाल : राप्ती नदी में बस गिरने से 12 यात्रियों की मौत, मृतकों और घायलों में कई भारतीय

**काठमांडू ( हि.स. )।** नेपाल में बीती देर रात एक यात्री बस भालुवांग के निकट राप्ती नदी के पुल से नीचे नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई और 23 लोगों के घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों और घायल यात्रियों में कई भारतीय नागरिक भी हैं। नेपालगंज से काठमांडू की तरफ आ रही यह यात्री बस बीती देर रात भालुवांग के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल यात्रियों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम को नेपालगंज से काठमांडू के लिए रवाना हुई इस बस की स्पीड बहुत अधिक थी। राप्ती नदी के पुल पर ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया और बस पुल से नीचे नदी में गिर गई। जान बचाने के लिए कई यात्रियों ने बस से छलांग लगा दी थी। दुर्घटनास्थल से पुलिस को शनिवार दोपहर तक 12 शव मिल चुके थे। हालांकि इनमें से शाम चार बजे तक 9 शवों की ही पहचान हो पाई है। पुलिस इंस्पेक्टर उज्जवल बहादुर सिंह ने बताया कि मरने वालों में उत्तर प्रदेश के मनोज (31) तथा बिहार के योगेंद्र राम (67) भी हैं। पुलिस ने यह भी बताया है कि जिन तीन शवों की पहचान नहीं हो पाई है, उनमें भी कोई भारतीय नागरिक हो सकता है। इस दुर्घटना में घायल हुए 23 यात्रियों को नेपालगंज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक गम्भीर रूप से घायल भारतीय नागरिकों में उत्तर प्रदेश के निरंजन कोरी (20), आशुतोष गौतम (24), अरबाज खान (20), मोहम्मद जावेद (25), छोटी सिलौरा (20), नाफीजा खान (19), राहुल कुमार अहीर (23) हैं। इनके अलावा 16 नेपाली नागरिक भी घायल हुए हैं। पुलिस ने बस चालक और सह चालक को हिरासत में ले लिया है।

## पृष्ठ एक का शेष

### श्रीराम से पहले ...

आप का आरोप है कि ईडी केजरीवाल को समन के बहाने बुलाकर गिरफ्तार करना चाहती है। आप ने ईडी से अपने सवाल लिखकर देने की मांग की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को दो जगह रात्रि विश्राम की इजाजत नहीं दी गई। कांग्रेस के इस आरोप पर हिमंत विश्व शर्मा ने कहा हमने सभी जरूरी इजाजत दी है। इसमें कोई समस्या नहीं है। हमें विपक्षी गठबंधन की बैठक से कोई समस्या नहीं है। वह सीटों का बंटवारा करते हैं या नहीं, यह उन पर है। हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों ने पूरे देश में रामलला के खिलाफ एक इको सिस्टम तैयार किया, ताकि रामलला का मंदिर नहीं बने। फिर भी उन्हें इसमें आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक– सभी ने अफगानिस्तान में जाकर बाबर का दर्शन किया। उन लोगों को बाबर से प्रेम है। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि वे बाबर से प्यार करते हैं, भगवान श्रीराम से नहीं। इसलिए उन्हें आमंत्रित करने का निर्णय ही गलत था। केवल भगवान श्रीराम में आस्था रखने वालों को ही आमंत्रित किया जाना चाहिए था। इससे पहले अपने एक्स हैंडल पर डॉ शर्मा ने गांधी परिवार की अफगानिस्तान में बाबर के मकबरे की यात्रा पर भी सवाल उठाया, विशेष रूप से 2005 में राहुल गांधी की यात्रा पर प्रकाश डाला। मीडिया के सवाल पर उन्होंने भड़कते हुए पूछा कि रामलला से इतनी नफरत क्यों है? आप हिंदुओं से इतनी नफरत क्यों करते हैं?

### पुरुलिया में साधुओं ...

लिंचिंग से करते हुए, अमित मालवीय ने लिखा कि पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से बिल्कुल चौंकाने वाली घटना सामने आई। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा। उधर तीनों साधु शनिवार को वापस उत्तर प्रदेश गए। हमले में घायल साधुओं में से एक ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे लोग अपनी गाड़ी से गंगासागर जा रहे थे, अचानक गाड़ी रोक दी गई। उन्हें जान से मारने की कोशिश हुई। इस दौरान वे बेहोश हो गए थे। उनका कहना था कि, अब गाड़ी टूट गई है, दूसरा कोई रास्ता नहीं है। गंगासागर जाने का अब कोई मतलब नहीं रह गया। हमलोग उत्तर प्रदेश के बरेली अपने आवास पर लौटेंगे। साधुओं ने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भी हमला किया है उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। जो होना था हो गया। वहीं पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें अपहरण करने वाला समझ कर हमला कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साधुओं को भीड़ से बचा कर नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचाया। पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना के संबंध में बताया कि साधुओं से मारपीट करने वाले 12 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी भी की जा रही है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर सब डिविजनल कोर्ट में पेश किया जाएगा।पुलिस ने यह भी कहा कि कुछ लड़कियों के साधुओं से डर कर भागने से स्थानीय लोगों को उन पर शक हुआ, जिसके बाद भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। बाद में पुलिस ने साधुओं को गंगासागर मेला पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था की। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें गुस्साई भीड़ साधुओं के वाहन में भी तोड़फोड़ करती दिख रही है। उल्लेखनीय है कि यह घटना गुरुवार को हुई थी। घटना को लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए घटना की आलोचना की है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्विटर पर लिखा, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में पालघर जैसी लिंचिंग की घटना हुई है। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े लोगों ने निर्वस्त्र कर पीटा। ममता बनर्जी के शासन में शाहजहां शेख को सरकारी संरक्षण मिलता है और साधुओं की हत्या की जा रही है। पश्चिम बंगाल में हिंदू होना क्राइम बन गया है।

### मुंबई से गुवाहाटी ...

जहाज पर खाना परोसा गया है। बता दें कि इस फ्लाइट में एक कांग्रेस नेता सूरज ठाकुर भी फंस गए हैं। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि गुवाहाटी जाने वाली फ्लाइट में सवार एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि *घने कोहरे* के कारण फ्लाइट को ढाका की ओर मोड़ दिया गया था। सभी यात्री विमान के अंदर रहे थे, क्योंकि उनके पास पासपोर्ट नहीं था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि और पूर्व राज्य युवा कांग्रेस के सूरज सिंह ठाकुर ने कहा कि मैंने मुंबई से गुवाहाटी के लिए इंडिगो की उड़ान 6ई 5319 ली, लेकिन घने कोहरे के कारण उड़ान गुवाहाटी में नहीं उतर सकी।

# कश्मीर में हथियारों की सप्लाई कर रहा टीटीपी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर समेत पंजाब में सुरक्षा एजेंसियों को कुछ ऐसे सबूत मिले हैं, जिससे भारत-पाकिस्तान सीमा पर हथियारों की इस वर्ष सप्लाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है और अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या आतंकी संगठन हथियारों की सप्लाई को फिर से बहाल करने की कोशिश में जुट गए हैं? सूत्रों के अनुसार केंद्रीय एजेंसियों और विभिन्न फोर्सेज ने जनवरी की शुरुआत में एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान मुख्य रूप से भारत पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में ग्रेनेड, गोला-बारूद, एके सीरीज के हथियार, आईईडी, डेटोनेटर और वायरलेस उपकरणों जैसे हथियारों की बढ़ती बरामदगी पर चिंता व्यक्त की। इससे अधिक पंजाब और जम्मू-कश्मीर में एके सीरीज के हथियारों सहित कुछ विदेशी प्रकार के हथियारों और आईईडी की बरामदगी में बढ़ोतरी देखी गई है। सरकार ने आकलन किया कि इन हथियारों की आपूर्ति पीओके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकी संगठनों को की गई होगी और इन हथियारों में उच्च श्रेणी के ड्रोन भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार आतंकी संगठनों द्वारा हथियारों की प्राप्ती के लिए सप्लाई की बहाली और हाल में आतंकी हमले में इस्तेमाल अमेरिका में बनी एम 4 कार्बाइन राइफल समेत कुछ हाई टेक ड्रोन से यह संकेत मिलता है कि ये हथियार अमेरिकी सेना ने अफगानिस्तान से निकलते समय वहां छोड़ दिए हैं। फंड रेजिंग के लिए तालिबान अब इन हथियारों को पाकिस्तान समेत अन्य देशों में तस्करी के जरिए बेच रहा है। कश्मीर बीएसएफ के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कश्मीर हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति के लिए शीर्ष विकल्प बना हुआ है। साल 2023 में 31 एके सीरीज हथियार, 240 पिस्टल, 43 ग्रेनेड, 1927 राउंड्स, 6 आईईडी, अन्य गोला बारूद जब्त किए गए। गोला-बारूद की बरामदगी में वृद्धि हुई है, जबकि ग्रेनेड की बरामदगी में वृद्धि देखी गई है।

# प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी को हर घर में 'श्रीराम ज्योति' प्रज्ज्वलित करने का किया आग्रह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोनल माता के जन्म शताब्दी कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। सोनल मां गुजरात में गढ़वी चारण समाज की एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थीं। उन्होंने कहा कि हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। प्रधानमंत्री ने सभी से 22 जनवरी के शुभ अवसर पर श्रीराम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा, आज इस अवसर पर मैं आप सभी से, 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह भी करूंगा। प्रधानमंत्री ने देश में मंदिरों के लिए कल शुरू हुए स्वच्छता अभियान का भी जिक्र किया और कहा, हमें इस दिशा में भी मिलकर काम करना होगा। मुझे विश्वास है कि हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूरे चारण समाज और सभी व्यवस्थापकों को बधाई दी और कहा, मढड़ा धाम चारण समाज के लिए श्रद्धा, शक्ति, संस्कार और परंपराओं का केंद्र है। मैं आई के चरणों में सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवती स्वरूपा सोनल मां इस बात का जीवंत उदाहरण थीं कि भारत किसी भी युग में अवतारी आत्माओं से खाली नहीं होती है। उन्होंने उल्लेख किया कि पवित्र गिरनार भगवान दत्तात्रेय और अनगिनत संतों का स्थान रहा है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'श्री सोनल माता आधुनिक युग के लिए प्रकाशपुंज की तरह थीं। उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा, मानवीय शिक्षाओं और तपस्या ने उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत दिव्य आकर्षण पैदा किया जिसे आज भी जूनागढ़ और मढड़ा के सोनल धाम में महसूस किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, सोनल मां का पूरा जीवन जन कल्याण, देश और धर्म की सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने भगत बापू, विनोबा भावे, रविशंकर महाराज, कानभाई लहेरी, कल्याण शेठ जैसे महान लोगों के साथ काम किया। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वह चारण समाज के विद्वानों के बीच एक विशेष स्थान रखती थीं और उन्होंने कई युवाओं को दिशा देकर उनके जीवन को भी बदल दिया। समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने समाज में शिक्षा और नशामुक्ति की दिशा में उनके अद्भुत कार्यों का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि सोनल माता ने समाज को कुरीतियों से बचाने के लिए काम किया और कच्छ के वोवार गांव से एक विशाल प्रतिज्ञा अभियान शुरू किया था जिसमें कड़ी मेहनत करके आत्मनिर्भर बनने और पशुधन की रक्षा पर जोर दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सोनल मां आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों के साथ-साथ देश की एकता और अखंडता की भी मजबूत प्रहरी थीं। भारत विभाजन के समय जब जूनागढ़ को तोड़ने की साजिशें चल रही थीं, तब उसके खिलाफ सोनल मां चंडी की तरह उठ खड़ी हुई थीं। प्रधानमंत्री ने कहा, आई श्री सोनल मां देश में चारण समाज के योगदान का एक महान प्रतीक हैं ह्व मोदी ने कहा कि इस समाज को भारत के शास्त्रों में भी एक विशेष स्थान और सम्मान दिया गया है। भागवत पुराण जैसे पवित्र ग्रंथों में चारण समाज को श्रीहरि का प्रत्यक्ष वंशज बताया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनल मां को पारंपरिक पद्धति से कभी शिक्षा नहीं मिली, लेकिन संस्कृत भाषा पर भी उनकी अद्भुत पकड़ थी। शास्त्रों का उन्हें गहराई से ज्ञान प्राप्त था। प्रधानमंत्री में कहा, उनके मुख से जिसने भी रामायण की मधुर कथा सुनी, वो कभी नहीं भूल पाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सोनल मां की प्रेरणा हमें भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने की नई ऊर्जा देती है। प्रधानमंत्री ने चारण समाज से जागरुकता पैदा करने के लिए काम करना जारी रखने का आग्रह करते हुए कहा, सोनल मां के दिए गए 51 आदेश, चारण समाज के लिए दिशा-निर्देशक हैं।

## सीट बंटवारे को लेकर हुई आईएनडीआईए घटक दलों की बैठक




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए) घटक दलों के नेताओं की शनिवार को एक वर्चुअल बैठक हुई। इसमें लोकसभा सीटों के बंटवारे सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, शरद पवार, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एमके स्टालिन सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। सूत्रों का कहना है कि बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आईएनडीआईए गठबंधन का संयोजक बनाने को लेकर चर्चा हुई। हालांकि नीतीश कुमार ने इस पद को अस्वीकार कर दिया और कांग्रेस से किसी अन्य को संयोजक बनाने का अनुरोध किया। इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शामिल नहीं हुए। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने बैठक के दौरान 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को लेकर भी चर्चा की और सभी दलों के नेताओं को यात्रा में शामिल होने व समर्थन देने का अनुरोध किया।

## पुरुलिया में साधुओं की मॉब लिंचिंग पर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में उत्तर प्रदेश से गंगासागर जा रहे साधुओं पर हमले पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। साधुओं को भीड़ द्वारा पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने कुछ बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ममता बनर्जी की गहरी चुप्पी शर्मशार करने वाली है। क्या ये साधु आपकी मान्यता के योग्य नहीं हैं? अत्याचार जवाबदेही की मांग करता है। सोशल मीडिया पर 30 सेकेंड का फुटेज वायरल हो रहा है जिसमें तीन साधुओं के समूह को भीड़ की ओर से निर्वस्त्र करते और उन पर हमला करते देखा जा सकता है। वे जान की भीख मांग रहे हैं लेकिन भीड़ उन्हें पीट रही है। अमित मालवीय ने इस घटना की तुलना साल 2020 में महाराष्ट्र के पालघर मॉब लिंचिंग से करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से चौंका देने वाली घटना सामने आई है। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं को सत्तरूढ़ पार्टी तृणमूल से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा। अमित मालवीय ने कहा, बंगाल में हिंदू होना अपराध है। भाजपा नेता ने कहा, ममता बनर्जी के शासन में शहजहां शेख जैसे आतंकवादी को राज्य संरक्षण मिलता है और साधुओं को पीट-पीटकर मार डाला जाता है। बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने भी हमले को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पुरुलिया से चौंकाने वाली घटना। गंगासागर जा रहे साधुओं को तृणमूल से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा, जो पालघर त्रासदी की तरह है। ममता बनर्जी के शासन में, शाहजहां जैसे आतंकवादी को राज्य संरक्षण मिलता है, जबकि साधुओं को हिंसा का सामना करना पड़ता है। पश्चिम बंगाल में हिंदू होना अपराध है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, "आखिरकार ये वातावरण क्यों है। रामजन्म भूमि का शिलान्यास हो तो बंगाल में कर्फ्यू लगा दिया। साधुओं की हत्या का प्रयास किया जाता है। तुष्टिकरण की राजनीति बंगाल को कहां लेकर जा रही है। आखिर ये हिन्दू विरोधी सोच क्यों?

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना उचित नहीं : दिग्विजय सिंह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना करना उचित नहीं है। चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक हैं। उनकी बात पर गौर किया जाना चाहिए। दिग्विजय ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक और शीर्ष हैं। उनके आदेश की अवहेलना कर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करना धर्म विरुद्ध कृत्य है। यह राजनीतिक प्रयोग है। कांग्रेस जन इसलिए वहां नहीं जाएंगे, क्योंकि हम हमारे सनातन गुरु और आदर्श शंकराचार्य धर्म गुरुओं की अवहेलना नहीं कर सकते हैं और न ही सनातन धर्म के सच्चे अनुयायियों की भावना पर आघात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लिए सनातन धर्म की सबसे सम्मानित प्रमाणित गद्दी चार शंकराचार्यों की होती है। इनमें आज सब से वरिष्ठ व शास्त्रों के ज्ञाता पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं। उनके अनुसार निमार्णाधीन मंदिरों में मूर्ति की प्रतिष्ठा कभी नहीं होती है।

## ईडी ने अरविंद केजरीवाल को भेजा चौथा समन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शराब घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चौथी बार समन भेजा है। अब तक किसी भी समन में केजरीवाल पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने अपनी लीगल टीम से समन का जवाब भेजा था। अब ईडी ने नया समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, केजरीवाल 18, 19 और 20 जनवरी को गोवा दौरे पर रहेंगे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री संभवतः इस बार भी ईडी मुख्यालय नहीं जाएंगे। इससे पहले 11 और 12 जनवरी को केजरीवाल का गोवा दौरा प्रस्तावित था। प्रस्तावित दौरा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियों से जुड़ी मीटिंग के कारण निरस्त हो गया था।

## एलायंस एयर 21 जनवरी से लक्षद्वीप के लिए शुरू करेगी अतिरिक्त उड़ानें




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत-मालदीव विवाद के बीच लक्षद्वीप घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। एलायंस एयर ने लक्षद्वीप के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एलायंस एयर लक्षद्वीप समूह में परिचालन करने वाली एकमात्र भारतीय एयरलाइन कंपनी है। एयरलाइन ने शनिवार को एक्स पर बताया कि एलायंस एयर 21 जनवरी से कोच्चि-अगत्ती-कोच्चि के लिए अतिरिक्त फ्लाइट्स शुरू करेगी। यह अतिरिक्त फ्लाइट्स हफ्ते में दो दिन रविवार और बुधवार को अपनी उड़ानें भरेगी। पर्यटकों की बढ़ती मांग के कारण यह फैसला लिया गया है। उसकी अतिरिक्त उड़ानें 21 जनवरी से 27 मार्च तक के लिए होंगी। एलायंस एयर केरल के कोच्चि और लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप के बीच उड़ानें भरती है। अगत्ती एयरपोर्ट लक्षद्वीप का इकलौता हवाई अड्डा है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर, एयर इंडिया की एक कम-कीमत वाली सहायक विमानन कंपनी है। एयरलाइन की स्थापना 1996 में हुई थी। इसका मुख्यालय मुंबई में है। एलायंस एयर की साप्ताहिक 357 उड़ानें 25 घरेलू गंतव्यों को जोड़ती हैं।

## 'नमो नवमतदाता' अभियान की शुरूआत, 25 जनवरी तक एक करोड़ नए मतदाता बनाने का लक्ष्य



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में शनिवार को 'नमो नवमतदाता' अभियान की शुरूआत की गई। नमो नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि 25 जनवरी तक नमो नवमतदाता अभियान के तहत एक करोड़ से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर 25 जनवरी को प्रधानमंत्री इन सभी नए मतदाताओं को संबोधित करेंगे। इसके लिए देश भर में 5000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के मौके पर अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-उठो जागो और रुको मत, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। ये वाक्य अनंतकाल तक प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने कहा कि आज का युवा भाग्यशाली है कि वे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के परिवर्तन की इस शानदार यात्रा को देख रहे हैं। आज भारत हर मोर्चे पर सक्षम है। विश्व स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने से लेकर एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत हर क्षेत्र में अत्यधिक प्रगति कर रहा है।

**गठबंधन को बताया अभासी गठबंधन** - युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा "आईएनडीआई गठबंधन की बैठक के बारे में सुना, तो मैंने पूछा कि बैठक कहां हो रही है, तब पता चला कि यह एक आभासी बैठक है। एक आभासी गठबंधन केवल एक आभासी बैठक करेगा। वे इससे ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी का एजेंडा विकसित भारत, युवा सशक्तीकरण, महिला सशक्तीकरण और गरीबी कम करना है लेकिन विपक्ष का एजेंडा 'मोदी हटाओ' है। आईएनडीआई गठबंधन के केवल दो एजेंडे हैं, 'परिवार बचाओ और संपत्ति बचाओ'।"

## एनएलसीआईएल ने ओडिशा में 2400 मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना बीएचईएल को सौंपी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कोयला मंत्रालय की सहायक कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में 2,400 मेगावाट क्षमता पिटहेड ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए आ-ईसीबी रूट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ईपीसी अनुबंध के तहत प्रतिस्पर्धी निविदाएं आमंत्रित करने के बाद यह बीएचईएल को सौंपा गया है। यह प्रोजेक्ट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित है। संपूर्ण 2400 मेगावाट बिजली तमिलनाडु, ओडिशा, केरल और पुडुचेरी राज्यों से जुड़ी हुई है। इस संबंध में योजना, तैयारी और मूल्यांकन पहले से हो चुका है। अनुबंध के दायरे में 3 x 800 मेगावाट - चरण कके लिए बॉयलर, टर्बाइन, जनरेटर, संयंत्रों का संतुलन, एफजीजी और एससीआर जैसे उपकरणों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग शामिल है। इस तापीय परियोजना के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड की 20 मिलियन टन प्रति वर्ष तालाबेरा क्क और क्क्क खदानों से कोयला लिंकेज उपलब्ध है, जो ओडिशा के झारसुगुड़ा और संबलपुर जिलों में 2020 तक पहले से ही चालू हैं। परियोजना के लिए आवश्यक पानी को हीराकुंड जलाशय से जोड़ा गया है और उत्पन्न बिजली को आईएसटीएस और एसटीयू नेटवर्क के माध्यम से पंप किया जाएगा। यह परियोजना पर्यावरण और वन मंत्रालय के दिशानिर्देशों को पूरा करने के लिए एफजीडी और एससीआर जैसे अत्याधुनिक प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के साथ स्थापित की जाएगी। विद्युत मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार बायोमास हैंडलिंग प्रणाली के साथ-साथ हरित पहल के हिस्से के रूप में बॉयलरों को बायोमास जलाने के लिए डिजाइन किया जाएगा। परियोजना की पहली इकाई वित्तीय वर्ष 2028-29 के दौरान चालू होने वाली है। पिथेड थर्मल परियोजना होने के कारण, परिवर्तनीय लागत प्रतिस्पर्धी होगी और एनएलसी इंडिया अपने लाभार्थियों को कम लागत वाली बिजली का उत्पादन और आपूर्ति करेगा।

## भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके यात्रा पर जताई आपत्ति




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में 10 जनवरी को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके की यात्रा को गंभीरता से लेते हुए इसे अत्यधिक आपत्तिजनक बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा उल्लंघन अस्वीकार्य है। इसमें बताया गया कि विदेश सचिव ने इस उल्लंघन पर नई दिल्ली में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं और हमेशा रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने 10 जनवरी को पीओके के मीरपुर क्षेत्र का दौरा किया था।

## आर्टिफैक्ट न्यूज ऐप बंद करने की घोषणा

**-इंस्टाग्राम के सह-संस्थापकों ने फीचर्स सपोर्ट में स्टाफ अभाव को बताया कारण**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एआई-पावर्ड न्यूज एग्रीगेटर ऐप आर्टिफैक्ट का संचालन बंद होने जा रहा है। इंस्टाग्राम के सह-संस्थापक केविन सिस्ट्रॉम और माइक क्राइगर ने शनिवार को इस आशय की घोषणा करते हुए बताया कि बाजार का अवसर इतना बड़ा नहीं था कि निरंतर निवेश की गारंटी दी जा सके। सिस्ट्रॉम, जो ऐप के सीईओ हैं, ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, स्टार्टअप के लिए इस वास्तविकता को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन अक्सर पहले ही कठिन निर्णय लेना इसमें शामिल सभी लोगों के लिए बेहतर होता है। आर्टिफैक्ट ऐप को हाल ही में गूगल प्ले स्टोर द्वारा साल का एव्रीडे एसेंशियल ऐप नामित किया गया था। कंपनी ने नए कमेंट्स और पोस्ट जोड़ने की क्षमता को हटाने का निर्णय लिया है। सीईओ ने कहा, इस प्रकार के कंटेंट के लिए उचित मात्रा में संयम और निरीक्षण की आवश्यकता होती है और हमारे पास इन फीचर्स को सपोर्ट करने के लिए भविष्य में स्टाफ नहीं होगा। हालांकि, मौजूदा पोस्ट यूजर्स को उनकी प्रोफाइल सेल्फ-व्यू पर दिखाई देती रहेंगी। इस बीच, आर्टिफैक्ट फरवरी के अंत तक कोर न्यूज-रीडिंग की क्षमता का संचालन जारी रखेगा। सिस्ट्रॉम ने कहा, हम अस्तित्व के ऐसे क्षण में हैं जहां कई पब्लिकेशन बंद हो रहे हैं या संघर्ष कर रहे हैं, लोकल न्यूज लगभग गायब हो गए हैं, और बड़े पब्लिशर्स के लीडिंग टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ संबंध खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि टेक्नोलॉजी इन संस्थानों को समर्थन देने, संरक्षित और विकसित करने के तरीके ढूंढ सकती है और ये संस्थान उस पैमाने का लाभ उठाने के तरीके खोज सकते हैं जो एआई जैसे तथ्य प्रदान कर सकती हैं। स्मार्टन्यूज जैसे अन्य न्यूज एग्रीगेटर्स के उपयोग में मंदी के बीच यह शटडाउन हुआ।

## पश्चिम बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार, तुष्टिकरण में बंगाल को बर्बाद किया : अनुराग ठाकुर



कोलकता, 13 जनवरी (हि.स.)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर दी है। आज जब पूरे देश में रामनाम की गूंज है तब पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को खुशियां भी नहीं मानने दिया जा रहा। यहां कर्फ्यू जैसी स्थिति है। अब साधुओं के साथ मारपीट और उनकी हत्या के प्रयास के मामले सामने आए हैं। लगातार मीडिया में खबर चलाने के बाद कार्रवाई हुई। शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से मुखातिब अनुराग ठाकुर ने राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाली पर गंभीर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ममता दीदी के राज में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई ईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सिर फोड़ने का काम किया जाता है। पश्चिम बंगाल की सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। अनुराग ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं? पश्चिम बंगाल में अगर किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता बनर्जी उसे बचाने के लिए सड़क पर उतर आती हैं। छापेमारी होती है तो करोड़ों रुपये बरामद होते हैं। तृणमूल के ही लोगों का नाम उसमें क्यों आता है?

**केजरीवाल पर भी उठाए सवाल** - दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े सवाल पर ठाकुर ने कहा, "जो लोग कभी कांग्रेस के भ्रष्टाचार और देश से भ्रष्टाचार हटाने की बात करते थे वह आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। आज उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद जेल में हैं। किसी को जमानत नहीं मिल रही। अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाई है।"

**गठबंधन में ना कोई नेता न नीति** - इंडी गठबंधन की बैठक को लेकर पूछे गए सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस गठबंधन एक नेता दूसरे से बात नहीं करता। पश्चिम बंगाल में ही अधीर रंजन चौधरी कुछ और कहते हैं, ममता बनर्जी कुछ और कहती हैं। इनके पास ना नेता है, ना नीति है, ना नीयत है।

## शुक्रवार रहा सीजन का सबसे ठंडा दिन, दो दिन घना कुहरे का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि पांच साल बाद सर्दियों में दिल्ली इतनी ठिठुर रही है। शुक्रवार को सीजन का पहले सबसे ठंडा दिन रहा। मौसम विभाग बताया कि जब न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है उसे कोल्ड डे कहते हैं। सफदरजंग स्थित मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान गुरुवार के 5.8 डिग्री के मुकाबले शुक्रवार को 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय काफी घना छाया रहा। सुबह चार बजे विजिबिलिटी जीरो रही। वहीं सुबह 9.30 बजे तक इसमें थोड़ा सुधार हुआ और विजिबिलिटी 50 मीटर हो गई। आईएमडी के क्षेत्रीय केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि हवा की गति कम होने की वजह से सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। चूंकि आसमान साफ था इसलिए सूर्य की किरणों की गर्मी बादलों या कोहरे की परत में कैद नहीं हुई। जिसकी वजह से ज्यादा सर्दी का अहसास हुआ।

यह स्थिति कोहरा बनाने में भी मदद करती है। आइएमडी से जारी अलर्ट के अनुसार शनिवार को न्यूनतम तापमान में मामूली सी बढ़ोतरी हो सकती है। आईएमडी ने शनिवार और रविवार सुबह को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस और रविवार को 4 डिग्री के आसपास रह सकता है। श्रीवास्तव ने कहा, शुक्रवार सुबह घने से बहुत घने कोहरे के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी जीरो थी। दिल्ली में भी शीत लहर की स्थिति है क्योंकि कोहरे की लेयर और आसमान में बादल नहीं हैं, जिससे सतह की गर्मी खत्म हो गई है। हालांकि सुबह के समय हवा की गति भी धीमी हो जाती है। राजधानी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब स्तर पर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक स्थिति में बदलाव की संभावना नहीं दिख रही है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, हवा की गुणवत्ता शनिवार से सोमवार तक बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। अगले छह दिनों तक हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है। जबकि रविवार सुबह घने कोहरे के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ ही गुरुग्राम में अगले दो दिनों तक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव को लेकर तैयारी तेज, इंटर व डिग्री कॉलेजों में होंगी प्रतियोगिताएं

**कानपुर, (हि.स.)।** नाना राव स्मारक पार्क में तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव 9 फरवरी से 11 फरवरी तक होगा। इस कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत उप्र के सुप्रसिद्ध उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी। यह जानकारी शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में कानपुर नगर के इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पहली प्रतियोगिता कॉलेजों में होगी और प्रतियोगिताओं का समापन बिठूर महोत्सव में होगा। इसकी तैयारी की



जा रही है। बिठूर महोत्सव का भव्य आयोजन करने के लिये एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के प्रसिद्ध उत्पादों की प्रदर्शनी, सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, फूट कोर्ट, किड्स प्ले जोन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। हालांकि अभी तैयारी के स्तर पर महोत्सव के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सुनिश्चित करने हेतु कार्य और विभिन्न समितियों का गठन, महोत्सव के तैयार किये गये लेआउट की अग्निशमन विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त की जाये। महोत्सव के कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के लिए विचार विमर्श तेजी से किया जा रहा है। महोत्सव के कार्यों को सुनिश्चित कराने हेतु समस्त औपचारिकता पूर्ण करते हुये समय से टेंडर करा लिया जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठाः अतिथियों की सेवा-सत्कार के साथ स्वच्छता में जुटेंगे संघ के स्वयंसेवक

**- अयोध्या में 51 स्थानों पर शुरू होंगे भंडारे**

**अयोध्या, (हि.स.)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देशभर से लोग अयोध्या आएंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 हजार अति विशिष्ट लोग भी अयोध्या में निवास करेंगे। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने आए अतिथियों की सेवा व सत्कार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भी लगेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने अयोध्या आएंगे। अयोध्या आने वाला कोई भी श्रद्धालु भूखा न रहे इसके लिए अयोध्या के 51 स्थानों पर भंडारे शुरू होंगे। भण्डारों का संचालन 15 जनवरी से प्रारम्भ हो जायेगा और पूरे फरवरी माह तक चलेंगे।




इनके लिए स्थान चिन्हित कर लिये गये हैं। जहां-जहां भंडारे शुरू होंगे वहां पर वितरण एवं स्वच्छता के कार्य में संघ के कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। तीर्थक्षेत्रपुरम की व्यवस्था में बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता लगे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़ी जो भी व्यवस्था है, अतिथि आगमन से लेकर उनके ठहरने, भोजन व दर्शन आदि तक का प्रबंध स्वयंसेवक करेंगे। इसके अलावा अयोध्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी जगह-जगह भंडारा शुरू करेंगी उनका सहयोग भी संघ के स्वयंसेवक करेंगे। संघ के अयोध्या विभाग के सेवा प्रमुख बालेंद्र भूषण सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 500 संघ कार्यकर्ता अयोध्या में स्वच्छता कार्य में सहयोग करेंगे। अभी तक 41 स्थान चिह्नित किए गए हैं जहां पर भंडारे शुरू होंगे। कुछ स्थानों पर भंडारे शुरू हो गए हैं। जहां-जहां भंडारे चलेंगे वहां पर पांच-पांच संघ कार्यकर्ता प्रसाद वितरण एवं स्वच्छता में सहयोग के लिए रहेंगे।

# जब जेल में गूंज रहा था जय श्रीराम, जय श्रीराम

**बलरामपुर, (हि.स.)।** अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हर ओर उत्सव मनाया जा रहा है। 22 जनवरी को हर कोई अपने-अपने तरह से अपने आराध्य के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हैं। इनमें सबसे ज्यादा उत्साह उन राम भक्तों में है जो मंदिर आंदोलन के दिनों में जेल गए। वे आज इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने जा रहे हैं। राम मंदिर आंदोलन के दिनों बाराबंकी जेल में एक महीना तक रहे शिशु काल से ही जुड़े राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक तुलसीपुर के निवासी राम जी आर्य बताते हैं कि 1984 में सरयू का जल लेकर आंदोलन का संकल्प लिया गया था। आंदोलन में शीर्ष संतों अवैद्यनाथ, साध्वी ऋतंभरा, स्वामी चिन्मयानंद के



साथ रथयात्रा में भी शामिल हुआ था। चार अक्टूबर 1990 को जब शिलापूजन हुआ तो उस दौरान नगर तुलसीपुर से उनके साथ एक दर्जन से अधिक रामभक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर गोंडा जेल भेजा गया। वहां जगह न होने पर बाराबंकी जेल भेज दिया गया। वहां पूर्व विधायक राम प्रताप वर्मा, तुलसीदास राय चंदानी, सेवानिवृत्त डीजीपी रामभक्त विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी श्री चंद दीक्षित से मुलाकात हुई। और जेल में ही राम भक्तों का शाखा लगता था। जेल में ही जय श्री राम का उद्घोष होता था। नारा लगाता था हम हिंदू हैं, 60 करोड़ ताला देंगे तोड़.मरोड़। रामजी आर्य के साथ ही एक माह के लिए बाराबंकी जेल में बंद हुए तुलसीपुर के निवासी सुरेश मित्तल उन दिनों को याद कर बताते हैं कि आंदोलन के दिनों में सत्ता पक्ष के खिलाफ जोरदार आक्रोश था। जगह-जगह गिरफ्तारी चल रही थी। जेलों में जगह नहीं बची थी। आज प्रभु अपने मंदिर में स्थापित हो रहे हैं। हम सभी बहुत ही सौभाग्यशाली पीढ़ी है। जो अपने आराध्य के प्राण प्रतिष्ठा समय के साक्षी बन रहे हैं। 22जनवरी हम सभी अपने घरों में प्रभु श्री राम का पूजन व दीपोत्सव मनाएंगे।

# रांची के श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर त्रिवेणीपुरम का प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

**रांची, (हि.स.)।** राजधानी रांची के बूटी मोड़ के पास त्रिवेणीपुरम स्थित श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। मंदिर में भगवान शंकर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसके लिए श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर त्रिवेणीपुरम परिसर में 20 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने बताया कि हम बड़े हर्ष के साथ शहरवासियों को सूचित कर रहे हैं कि हमारी त्रिवेणीपुरम सोसाइटी में श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह व महायज्ञ 20 से 22 जनवरी तक चलेगा। इसके तहत 20 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकालकर कलश जलभरी कार्यक्रम होगा, जिसमें सोसाइटी की महिलाएं



कलश यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद तीनों दिन पूजन, अनुष्ठान, कथा-प्रवचन, महायज्ञ, सामूहिक महाआरती, जागरण व भंडारा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे।

मंदिर में मुख्य रूप ओंकारेश्वर शिवलिंग व नंदी भगवान स्थापित होंगे। इनके अलावा श्रीगणेश, श्रीकार्तिकेय, मां पार्वती, राम दरबार, मां दुर्गा, शीतला माता, राधाकृष्ण, सूर्यदेव, व पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमाएं भी स्थापित होंगी। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद से दिन के दो बजे से भव्य भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें शहर के सारे भक्तजन आमंत्रित रहेंगे। 22 जनवरी को ही शाम सात बजे सामूहिक दीप आरती होगी और इसके बाद रात 11 बजे तक भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा।

# नेपालगंज से काठमांडू जा रही बस राप्ती पुल के नीचे गिरी, दो भारतीय नागरिक सहित 12 की मौत

**अररिया, (हि.स.)।** बिहार सीमा से सटे पड़ोसी देश नेपाल में दांग जिले के भालुवाड़ मे बीती रात्रि हुए बस दुर्घटना में बस में सवार 35 यात्रियों में से 12 यात्री की मौत हो गई। जबकि अन्य यात्री घायल हो गए हैं। जिनका इलाज भालुवाड़ में अस्पताल में कराया जा रहा है। जिनमे कईयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में दो भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। 12 यात्री के मौत की पुष्टि जिला पुलिस कार्यालय दांग के ड-ीएसपी जनक बहादुर मल्ल ने भी की है। पुलिस के अनुसार सात यात्री की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।जबकि चार की मौत इलाज के लिए ले जाने के क्रम में और एक की मौत इलाज के दौरान होने की बात जिला पुलिस



कार्यालय दांग के डीएसपी जनक बहादुर मल्ल ने कही। मृतक की पहचान नेपालगंज के 60 वषीर्या कुसुम बस्नेत, मकवानपुर हेटौंडा के 35 वर्षीय शौरभ विष्ट, जुम्ला के चन्दनाथ 9 के 40 वर्षीय मुन बहादुर रावत, बांके के 30 वर्षीय रामवरण हरिजन,रुकुम गोतामकोट 9 के 25 वर्षीय दीपक डांगी, भारत के पूर्वी चंपारण के 67 वर्षीय योगेन्द्र राम, उत्तर प्रदेश के अतिकुल्ला खैरे निवासी 31 वर्षीय मुने और काठमांडू चन्द्रागिरि नगरपालिका-15 के 65 वर्षीय ताराकान्त पाण्डे की मृत्यु होने की बात पुलिस ने कही है । जबकि मृतकों में अन्य चार लोगो की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात्रि नेपालगंज से काठमांडू के तरफ जा रहे भे1ख 3001 ख 3912 नंबर की बस राप्ती गांव पालिकाझ1 स्थित राप्ती पुल से नीचे गिर गयी थी। बस में कुल 35 यात्री सवार थे। हादसे की जानकारी मिलने के बाद नेपाल पुलिस रात में ही मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# पेंशन, मकान, राशनकार्ड सब दिलाएंगे : मुख्यमंत्री

**- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**

**- निस्तारण के लिए दिया भरोसा, प्रभावी कदम उठाने को अफसरों को दिए निर्देश**

**गोरखपुर, (हि.स.)।** "माई ! बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपको सरकार की योजना का मकान जरूर मिलेगा। आपको पेंशन भी दिलवाएंगे और राशनकार्ड भी बनवाएंगे। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी।" अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली। जनता दर्शन में एक महिला ने जब मकान की समस्या बताकर आवास उपलब्ध कराने की गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री ने उसके मनोभावों से उसकी अन्य दिक्कतों को भी संभवतः समझ लिया।

सीएम ने महिला से पूछा, "क्या आपको पेंशन मिलती है"?

क्या आपको पेंशन मिलती है, सीएम के इस के सवाल पर महिला ने इनकार वाले जवाब में सिर हिलाया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी फौरन बोल पड़े, "आपको पेंशन, मकान, राशनकार्ड सब दिलवाएंगे"। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही शुरू कर महिला की हर समस्या दूर करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपराह्न से गोरखपुर प्रवास पर हैं। शनिवार सुबह हर बार की तरह उनकी दिनचर्या में जनसेवा का विशिष्ट अनुष्ठान "जनता दर्शन" शामिल रहा। गोरखनाथ



मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों को अपनेपन के एहसास से भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। सबकी समस्याओं को सुनते हुए मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में शिथिलता न करें। कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। इन्हें मदद का भरोसा दिया। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया।

# शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास मार्ग के सामने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का काफी दिनों से चल रहा हंगामा शनिवार को प्रदर्शन में बदल गया। शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों के मुख्यमंत्री आवास के बाहर पहुंचते ही वहां गौतमपल्ली थाने से पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर मामले को शांत कराया। जब अभ्यर्थी नहीं माने तो उन्हें हिरासत में लेकर वाहनों से इको गार्डन भेज दिया गया। अभ्यर्थी अमरेन्द्र पटेल ने हिरासत में लिये जाने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में विलम्ब हुआ और फिर अनियमितता की गयी। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित किया गया है। आंदोलन को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दलित, पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश



अधिकारियों को दिया था। उसके आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विसंगति को सुधारने के बाद 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का वादा करते हुए एक सूची जारी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश और अधिकारियों की सक्रियता के बावजूत अभी तक नियुक्ति नहीं मिल सकी है। हमारी सरकार से अपील है कि मुख्यमंत्री स्वयं मामले को पुनः संज्ञान लेकर त्वरित समाधान दें। जिससे 6800 चयनित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को समय से नियुक्ति मिल सके। अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके।

# रांची में जबरन वसूली के खिलाफ ऑटो चालक महासंघ ने पुलिस में की शिकायत



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने ऑटो चालकों से जबरन वसूली करने को लेकर पंडरा ओपी में शनिवार को लिखित शिकायत की। साथ ही तत्काल जबरन वसूली को बंद कराने का आग्रह किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि महासंघ के कार्यकारी सदस्य भोला सिंह और लगभग 15 ऑटो चालकों ने आईटीआई बस स्टैंड के बाहर सड़क पर टोकन काटने वाला स्टाफ के जरिये ऑटो चालक मालिकों से गाली-गलौच एवं जबरन पैसा लेने के संबंध में पंडरा ओपी में एक लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि जबरन वसूली को तत्काल बंद कराया जाए। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूर होकर कानूनी कार्रवाई और उग्र आंदोलन होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस की होगी।

# रेडक्रॉस सोसायटी के पुनः चेयरमैन बने अनिल चमरिया




**कटिहार, (हि.स.)।** रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आहूत नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से अनिल चमरिया को पुनः चेयरमैन, डॉ. रंजना झा एवं शोभा जायसवाल को उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता को सचिव, विवान सरकार को सह सचिव एवं पंकज पूर्वे को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस संदर्भ में अनिल चमरिया ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी, कटिहार पूरे भारत में अपने समाज सेवा कार्यों के लिए जानी जाती है। 2018 में राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा चैंपियन ऑफ ह्यूमैनिटी पुरस्कार से उन्हें नवाजा गया था एवं 2021 में राष्ट्रपति के द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट पुरस्कार भी दिया गया था। उन्होंने कहा कि वे लगातार 2011 से चेयरमैन के रूप में अपनी सेवा देते आ रहे हैं। चमरिया ने कहा कि रेडक्रोस की टीम के साथ काम करते हुए उन्हें अपार आत्मसंतुष्टि मिलती है और पूरी टीम एक परिवार की भांति लगती है।

# प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण विंध्य पर्वत से भरेंगे रोप-वे की सुरक्षित उड़ान

**मीरजापुर, (हि.स.)।** देश-दुनिया से जगविख्यात विंध्याचल धाम आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। यानी अब श्रद्धालुओं को घबराने की जरूरत नहीं है। रोप-वे विंध्य पर्वत-गंगा का विहंगम दृश्य का रोमांच कराने के साथ सुरक्षित उड़ान भरेगा। इसके लिए समय-समय पर रोप-वे की जांच की जाती रहेगी और बचाव कार्य की आपातकालीन सुविधा भी होगी। विंध्य पर्वत पर कालीखोह मंदिर तक आने-जाने के लिए लगे रोप-वे पर किसी प्रकार की अनहोनी न हो और आपातस्थिति में बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी, अग्निशमन विभाग सहित अन्य हितधारकों ने कालीखोह रोप-वे पर संयुक्त माक अभ्यास किया। माक अभ्यास की भूमिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एनडीआरएफ 11 बटालियन उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन शिवप्रताप शुक्ल ने तैयार की। उप कमांडेंट राम भुवन की अगुवाई में



एनडीआरएफ टीम ने संयुक्त माक अभ्यास में भाग लिया।

**आपदा के प्रभाव को कम करने की संभावना पर फोकस** – माक अभ्यास को इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत किया गया। इससे आपसी समन्वय और तैयारियों का परीक्षण व सभी विभागों को इस प्रकार के आपात के दौरान अपनी-अपनी भूमिका निभाने के बारे में पता चला। साथ ही आपदा के प्रभाव को कम करने की संभावना पर भी ध्यान दिया गया। अगलगी व रोप-वे ट्राली में फंसने की बनाई पटकथा, रेस्क्यू कर बचाया माक अभ्यास में सर्वप्रथम माक अभ्यास की प्रक्रिया का निर्धारण किया गया। इसके बाद एनडीआरएफ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनसीसी, चिकित्सा विभाग एवं अग्निशमन विभाग ने कुछ ऐसी स्थिति (पटकथा) बनाई कि रोप-वे फेल हो जाने के कारण रोप-वे ट्राली में कुछ लोग फंस गए हैं और रोप-वे स्थल पर आग लग गई है। ऐसे में माक अभ्यास में एनडीआरएफ ने रोप-वे रेस्क्यू कर प्रभावितों को बचाया और अग्निशमन विभाग ने लगी हुई आग पर काबू पाया।

# अग्निवीर वायु प्रवेश के लिए पंजीकरण 17 जनवरी को 1100 बजे शुरू होगा

**रांची (ईएमएस)।** कमान अधिकारी विंग कमांडर ए. प्रदीप रेड्डी ने जानकारी देते हुए बताया की अग्निवीर वायु प्रवेश 01/2025 के लिए पंजीकरण 17 जनवरी 24 को 1100 बजे शुरू होगा। 10 एयरमैन/अग्निवीर वायु चयन केंद्र बिहार और झारखंड राज्य से भारतीय वायु सेना में एयरमेन के चयन और नामांकन के लिए जिम्मेदार है। प्रेरण गतिविधियों के अलावा, केंद्र पर बिहार और झारखंड के युवाओं के बीच भारतीय वायु सेना में कैरियर और जीवन के बारे में प्रचार और जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी है।

**युवाओं के बीच जागरूकता की कमी** - आईएएफ के एयरमैन/अग्निवीर वायु कैडर में आवेदन करने और भर्ती होने वाले युवाओं की संख्या विशेष रूप से स्टार परीक्षा (एयरमैन भर्ती के लिए निर्धारित परीक्षण) के लिए उत्साहजनक नहीं है, जो साल में दो बार ऑनलाइन आयोजित की जाती है। जबकि भर्ती के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड से सेवा के प्रति प्रेरणा या झुकाव में कोई कमी नहीं है, ये संख्या आईएएफ में कैरियर के अवसरों के बारे में युवाओं के बीच जागरूकता की कमी को इंगित करती है। विशेषकर राज्य के दूरस्थ जिलों में।अग्निवीरवायु प्रवेश 01/2025 के लिए पंजीकरण 17 जनवरी 24 को 1100 बजे शुरू होगा और पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 06 फरवरी 24 को 2300 बजे बंद हो जाएगा।कमांडिंग ऑफिसर और कर्मचारी 12 जनवरी 24 से 23 जनवरी 24 तक स्कूलों और कॉलेजों के लिए जागरूकता और प्रेरणा सत्र आयोजित करने के लिए दौरा करेंगे । इस इकाई के कमांडिंग ऑफिसर और कर्मचारी 12 जनवरी से 23 जनवरी 24 तक स्कूलों और कॉलेजों के लिए जागरूकता और प्रेरणा सत्र आयोजित करने के लिए दौरा करेंगे।

# उत्साहपूर्ण वातावरण में गुंजायमान जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अक्षत वितरण समारोह आयोजित

मधुबनी,,(हि.स.)। मिथिलांचल परिक्षेत्र अयोध्या में रामलला के कार्यक्रम को उत्साहित है।शनिवार को दरभंगा के कुमार कपिलेश्वर सिंह के कुशल संयोजन में आमंत्रण अक्षत वितरण व भव्य झांकी काफी मनोरम रहा। कुमार कपिलेश्वर सिंह उनकी पत्नी कविता सिंह व पुत्र अरिहन्त सिंह को रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अयोध्या से आमंत्रण पत्र मिला है। शनिवार को कुमार कपिलेश्वर सिंह माधेश्वर मंदिर से शोभायात्रा प्रारम्भ किया। उत्साहपूर्ण वातावरण में जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष के साथ मखनाही सहित मुख्यालय स्थित विभिन्न मोहल्ला में अक्षत वितरण किया गया। कुमार कपिलेश्वर सिंह ने बताया कि विश्व वांग्मय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुनीत करतब का डंका बज रहा है।अयोध्या नगरी में बाइस जनवरी को आहुत भगवान श्रीराम के



मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थापन कार्यक्रम आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का अभूतपूर्व ऐतिहासिक निर्णय है। भारत वर्ष के लिए बाइस जनवरी तिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी स्वर्णाक्षर में अंकित करबा रहे हैं। कुमार कपिलेश्वर सिंह ने बताया कि रामजन्म भूमि अयोध्या में निर्धारित भव्य आयोजन में पत्नी पुत्र व स्वयं को आमंत्रण पत्र मिलना साक्षात रामलला का कृपा है।विश्व हिन्दु परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित आयोजन को समर्पित सभी संगठन के सदस्य व भाजपा शीर्ष नेतृत्व के प्रति कुमार कपिलेश्वर ने आभार प्रकट किया।

संपादकीया

# निर्णय के बावजूद सवाल हैं बाकी

**महाराष्ट्र** में असली शिवसेना की दावेदारी के लिये लंबे चले विवाद के बाद विधानसभा स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले में फैसला शिंदे गुट के पक्ष में दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने साफ किया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही असली कहलवाने का हक रखती है। निस्संदेह, इससे शिंदे सरकार पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। हालांकि, उद्धव गुट ने इस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती देने का भी निर्णय किया है। दरअसल, महाराष्ट्र स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दस जनवरी को राजनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील मामले में यह फैसला सुनाया था। हालांकि, शिंदे गुट इस मामले में खुद को पार्टी का असली वारिस बताकर जनता में भावनात्मक संदेश देने का प्रयास कर रहा है। वास्तव में स्पीकर के फैसले के बाद एक ओर जहां शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लगा है, वहीं 21 जून, 2022 में पार्टी विभाजन के बाद उत्पन्न हालात के बीच सोलह बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने तथा व्हिप का उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग भी निष्प्रभावी हो गई है। निश्चित रूप से इस फैसले के बाद सरकार में शामिल शिंदे गुट व भाजपा ने राहत की सांस ली होगी। वहीं उद्धव ठाकरे गुट इस दौरान विधानसभा स्पीकर व मुख्यमंत्री की मुलाकात के मद्देनजर निर्णय की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में निर्णय का विरोध करने और शीर्ष अदालत जाने की बात से लगता है कि इस विवाद का अभी पूरी तरह पटाक्षेप नहीं हो पाया है। ऐसे में माना जाना चाहिए कि जब आम चुनावों के साथ राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं तो निर्णायक फैसला जनता की अदालत से ही आएगा। वही तय करेगी कि असली शिवसेना शिंदे गुट की है या उद्धव ठाकरे की। यह भी कि राजनीतिक जोड़तोड़ ज्यादा प्रभावी होता है या जनता का दल के धड़े विशेष से भावनात्मक लगाव। कह सकते हैं कि जनादेश ही असली-नकली का फर्क मिटाएगा। बहरहाल, महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों के मसले का भले ही तकनीकी रूप से समाधान होता नजर आता हो, लेकिन यह आने वाला वक्त बताएगा कि एक समय महाराष्ट्र की राजनीति व समाज में वर्चस्व रखने वाली शिवसेना का असली वारिस कौन होगा। ऐसे में भले ही उद्धव ठाकरे के हाथ से बाजी निकलती दिखाई दे रही हो, लेकिन यदि ठाकरे इस मुद्दे को भावनात्मक रंग देकर जनता की अदालत में पीड़ित के रूप में गुहार लगाते हैं तो तसवीर में बदलाव भी हो सकता है। विधानसभा स्पीकर ने चुनाव आयोग के फैसले को भी आधार बनाया है, जिसके चलते शिंदे गुट को मान्यता मिली है। जिसके मूल में शिवसेना का संविधान भी रहा है। दरअसल, 1999 में तैयार शिवसेना के संविधान में कहा गया था कि पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जिसके चलते शिंदे गुट को फायदा मिला और उद्धव गुट के हाथों से बाजी निकल गई। हालांकि, विभाजन के दंश से जूझ रही महाराष्ट्र की राजनीति में यही सवाल एनसीपी के विभाजन से भी उठा। जब एनसीपी के विधायकों का एक गुट पार्टी से अलग होकर सरकार में शामिल हो गया। शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने पार्टी का खुद को असली दावेदार बताया। साथ ही सरकार में शामिल विधायकों को अयोग्य ठहराने की बात कही। आम चुनाव व विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में यह गहमागहमी आने वाले दिनों में और तेज होने की उम्मीद है। बहरहाल, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते पार्टी में विद्रोह व नये राजनीतिक समीकरण बनाना महाराष्ट्र की राजनीति का अभिन्न अंग बन चुका है। शिव सेना विभाजन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियां राजनीतिक विद्रूपताओं का अक्स उकेर चुकी हैं। वक्त बताएगा कि शिवसेना के किस धड़े को राज्य की जनता का सकारात्मक प्रतिसाद मिलता है। यह भी कि महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े खिलाड़ी की भूमिका निभाने वाली भाजपा शिवसेना के परंपरागत वोटों में किस हद तक सेंध लगाने में कामयाब होती है। दरअसल, सबसे पुराने गठबंधन में लंबे समय तक साथ रहे भाजपा व शिवसेना का एजेंडा व दक्षिणमार्गी जनाधार कमोबेश मिलता-जुलता रहा है।

> महाराष्ट्र स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दस जनवरी को राजनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील मामले में यह फैसला सुनाया था। हालांकि, शिंदे गुट इस मामले में खुद को पार्टी का असली वारिस बताकर जनता में भावनात्मक संदेश देने का प्रयास कर रहा है। वास्तव में स्पीकर के फैसले के बाद एक ओर जहां शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लगा है, वहीं 21 जून, 2022 में पार्टी विभाजन के बाद उत्पन्न हालात के बीच सोलह बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने तथा व्हिप का उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग भी निष्प्रभावी हो गई है। निश्चित रूप से इस फैसले के बाद सरकार में शामिल शिंदे गुट व भाजपा ने राहत की सांस ली होगी। वहीं उद्धव ठाकरे गुट इस दौरान विधानसभा स्पीकर व मुख्यमंत्री की मुलाकात के मद्देनजर निर्णय की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में निर्णय का विरोध करने और शीर्ष अदालत जाने की बात से लगता है कि इस विवाद का अभी पूरी तरह पटाक्षेप नहीं हो पाया है। ऐसे में माना जाना चाहिए कि जब आम चुनावों के साथ राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं तो निर्णायक फैसला जनता की अदालत से ही आएगा।

## श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है

# श्रीराम के निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस ने राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है

ललित गर्ग

> राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है।

**रामलला** की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है। बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त




किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्रोत हैं, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे। श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि "मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए।'' यहां प्रश्न यह भी है कि जब मंदिर निर्माण को मंजूरी देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया था, तो अब वे इसे केवल भाजपा का पार्टीगत मामला क्यों मान रही है? वास्तव में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल केवल एक ही तरीके से भाजपा को इससे होने वाले राजनीतिक लाभ को कम कर सकते है और वह तरीका शालीनता से इस समारोह में भाग लेना और इस बात पर जोर देना है कि श्रीराम सभी के हैं, उन पर किसी एक पार्टी या नेता का एकाधिकार नहीं है। लेकिन एक तरफ न्यायिक प्रक्रिया का स्वागत करना और दूसरी तरफ उद्घाटन-समारोह का न्योता ठुकराना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने वाली रणनीति है। भले ही कांग्रेस ने सारे नफा-नुकसान को देखकर अपनी धर्मनिरपेक्ष वाली वैचारिक छवि के साथ खड़ी रहने का फैसला लिया हो, लेकिन इस फैसले से सन्निकट खड़े लोकसभा चुनाव में उसे भारी नुकसान ही होगा। वैसे भी श्रीराम के बहुप्रतीक्षित धाम का निर्माण भाजपा का अपना निजी प्रोजेक्ट नहीं है, यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निष्पत्ति है और इसीलिए यह एक गैर-राजनीतिक घटना है। मंदिर-निर्माण की देखरेख के लिए न्यायिक रूप से स्वीकृत ट्रस्ट का गठन किया गया था और वही उद्घाटन-कार्यक्रम की व्यवस्था कर रहा है। भाजपा को श्रीराम मन्दिर बनने का राजनीतिक फायदा मिलना स्वाभाविक भी है। मंदिर निर्माण का बीड़ा भाजपा-संघ ने दशकों से उठा रखा था। शायद जब आडवाणी ने 1990 में रथ यात्रा शुरू की, तब इसकी प्रेरणा आस्था और राजनीति दोनों रही होगी, क्योंकि पार्टी को 1984 की अपमानजनक हार से उबारने के लिए एक मजबूत भावनात्मक मुद्दे की जरूरत थी।

दृष्टि कोण

# पर्यावरणः नदियों में बढ़ती गाद से गहराता संकट, जरूरी है इसका प्रबंधन

**पिछले** महीने संपन्न सतलुज-यमुना जोड़ की बैठक में पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया कि उनके राज्य में सतलुज नदी अभी से सूख रही है। दिल्ली में यमुना हो या फिर गाजियाबाद-शामली में हिंडन, ये भी सिकुड़ रही हैं। दो महीने पहले बरसात में तबाही मचाने वाली बिहार के गोपालगंज जिले से गुजरने वाली घोघारी, धमई व स्याही नदियों ने भी सूखने के लिए गर्मी का इंतजार नहीं किया। विगत जुलाई में सी-गंगा यानी सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट ऐंड स्टडीज द्वारा जल शक्ति मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और झारखंड की 65 नदियां बढ़ती गाद से हांफ रही हैं। हालांकि गाद नदियों के प्रवाह का नैसर्गिक उत्पाद है और देश के कई बड़े तीर्थ व प्राचीन शहर इसी गाद पर विकसित हुए हैं। पर नदी के साथ बहकर आई गाद को जब किनारों पर माकूल जगह नहीं मिलती, तो वह जलधारा के मार्ग में व्यवधान बन जाती है। गाद नदी के प्रवाह मार्ग में जमती रहती है और इससे नदियां उथली होती हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में ऐसी 36 नदियां हैं,



जिनकी कोख में इतनी गाद है कि न केवल उनकी गति मंथर हुई है, बल्कि कुछ ने अपना मार्ग बदला और उनका पाट संकरा हो गया। रही-सही कसर अंधाधुंध बालू उत्खनन ने पूरी कर दी। नतीजतन इनमें से कई नदियों का अस्तित्व खतरे में है। प्रयागराज के फाफामऊ, दारागंज, संगम, छतनाग और लीलापुर के पास टापू बनते हैं। संगम के आसपास गंगा नदी में चार मिलीमीटर की दर से हर साल गाद जमा हो रही है। गंगा की गहराई कम होने से उसकी धारा में भी परिवर्तन हो रहा है। आने वाले दिनों में गंगा की धारा और तेजी से परिवर्तित होगी, क्योंकि जब नदी की गहराई कम हो जाएगी, तो नदी का स्वाभाविक बहाव रुक जाएगा। ऐसे में बाढ़ का खतरा स्वाभाविक है। यह बात सरकारी रिकॉर्ड में है कि आज जहां पर संगम है, वहां यमुना की गहराई करीब 80 फीट है, लेकिन गंगा की गहराई इतनी कम है कि संगम के किनारे नदी में खड़े होकर कोई भी स्नान कर सकता है। पर यमुना की अधिक गहराई के चलते असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। तभी संगम पूरब की तरफ बढ़ रहा है और उसका झुकाव अकबर के किले तक खिसक चुका है, जबकि संगम कभी सरस्वती घाट के पास हुआ करता था। आजादी के बाद भी गढ़मुक्तेश्वर से कोलकाता तक जहाज चला करते थे। गाद के चलते बीते पांच दशक में वहां गंगा की धारा आठ किलोमीटर दूर खिसक गई है। बिजनौर के गंगा बैराज पर गाद की आठ मीटर मोटी परत है। आगरा व मथुरा में यमुना गाद से भर गई है। आजमगढ़ में घाघरा और तमसा के बीच गाद के कारण कई मीटर ऊंचे टापू बन गए हैं। घाघरा, कर्मनाशा, बेसो, मंगई, चंद्रप्रभा, गरई, तमसा, वरुणा और असि नदियां गाद से बेहाल हैं। बिहार में तो उथली हो रही नदियों में गंगा सहित 29 नदियों का दर्द है। जो नदियां तेज बहाव से आ रही हैं, उनके साथ आए मलबे से भूमि कटाव भी हो रहा है और कई जगह नदी के बीच टापू बन गए हैं। अकेले फरक्का से होकर गंगा नदी पर हर साल 73.6 करोड़ टन गाद आती है, जिसमें से 32.8 करोड़ टन गाद इस बैराज के प्रति प्रवाह में ठहर जाती है। झारखंड के साहिबगंज में गंगा अपने पारंपरिक घाट से पांच किलोमीटर दूर चली गई है। वर्ष 2016 में केंद्र सरकार द्वारा गठित चितले कमेटी ने साफ कहा था कि नदी में बढ़ती गाद का एकमात्र निराकरण यही है कि नदी के पानी को फैलने का पर्याप्त स्थान मिले, तटबंध और नदी के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण न हो और अत्यधिक गाद वाली नदियों के संगम क्षेत्र से नियमित गाद निकालने का काम हो। पर ये सिफारिशें ठंडे बस्ते में बंद हो गईं। यह दुर्भाग्य है कि विकास के नाम पर नदियों के कछार को सर्वाधिक हड़पा गया। भूमि के लालच में कछार और उसकी गाद लुप्त हो गई। गाद हर नदी का स्वाभाविक उत्पाद है, पर उसका भली-भांति प्रबंधन अनिवार्य है। गाद जैसे ही नदी के बीच जमती है, तो नदी का प्रवाह बदल जाता है।

अपना साहित्य

# तूफ़ान थम गया था

आज आशुतोष के सामने मानो कॉलेज के पुराने दिन और यादें डायरी के पन्नों की तरह फड़फड़ाने लगीं। कल्पना सत्रह साल की अल्हड़ किशोरी थी। लम्बा छरहरा बदन, गोरा रंग, आकर्षक चेहरा, सलीक़े से कढ़े बाल और हिरन जैसी बड़ी-बड़ी आंखें। जब वह हंस रही थी तो उसके गालों में डिम्पल पड़ रहे थे। कॉलेज की चमचमाती यूनिफॉर्म पहने वह बेहद सुंदर लग रही थी। उसकी देह में, आंखों में, मुस्कान में ऐसा जादुई आकर्षण था कि जो भी उसे देखता अभिभूत हुए बिना न रहता। उसकी आंखों में एक अजीब-सा आमंत्रण, अजीब-सा खिंचाव था। उसकी मुस्कान ने आशुतोष के दिल में अजीब-सी हलचल मचा दी थी। आशुतोष, कल्पना और अमन तीनों की दोस्ती धीरे-धीरे गहरी होती गई, कॉलेज में भी तीनों हमेशा साथ ही होते थे, पूरे बैच में तिकड़ी बहुत फेमस हो गई थी। अपने यौवन और शोख अदाओं के बल पर कल्पना आशुतोष के दिलोदिमाग में पूरी तरह उतर गई थी। कल्पना जब खिलखिलाकर हंस पड़ती तो ऐसा लगता जैसे मंदिर में झूलती छोटी छोटी घंटियां खनखना उठी हों। कल्पना के काले-लम्बे बाल नागिन की तरह थे। आशुतोष कॉलेज के दिनों में उन बालों से खेला करता था और उसे एक पारलौकिक सुख की अनुभूति हुआ करती थी। आशुतोष की चाय खत्म हो चुकी है, किन्तु विचारों का प्रवाह थम नहीं रहा है...

कल्पना, आशुतोष की बेहद अज़ीज़ दोस्त, जो बाद में आशुतोष की पत्नी बन गयी थी, की मुस्कराहट से आशुतोष को बेहद सुकून मिलता था। दोनों की लव मैरिज हुई थी। शादी के बाद वे कश्मीर घूमने गए थें। वहां कल्पना किसी चंचल हिरणी-सी कुलांचें भरने लगी थी। खुशी जैसे उसके अंग अंग से फूट रही थी। कश्मीर की सुन्दर प्राकृतिक छटा देखकर कल्पना का मन आनंद से सराबोर हो गया था। शादी के चंद साल ख़ुशनुमा गुज़रे। अंकुर व अखिल के आने से जीवन की बहार में चार चांद लग गए। कल्पना शादी के पहले से ही नौकरी कर रही थी। आशुतोष के परिवार में सभी कल्पना को बहुत पसंद करते थे। ऑफ़सि में भी कल्पना ने अपने काम से सभी का मन जीत लिया था। यही कारण था कि बॉस ने उसे एक काम के सिलसिले में दिल्ली भेजा था। वहां दिल्ली ऑफ़सि में उसकी मुलाक़ात अमन से हुई। अमन भी कल्पना की ही कंपनी में दिल्ली में पदस्थ था। अमन कल्पना को देखता ही रह गया। आज गहरे गुलाबी रंग की सिन्थेटिक साड़ी में कल्पना बेहद खूबसूरत लग रही है। दो बच्चे होने के बाद गदबदी भी हो गई है। कल्पना दिल्ली तीन दिन के लिए गई थी लेकिन वह दिल्ली में सात दिन रही और इन सात दिनों में अमन कल्पना के साथ ही रहा। कल्पना दिल्ली से लौट आयी थी लेकिन यह कल्पना आशुतोष की कल्पना नहीं थी। वह पूरी तरह से अमन के प्यार में रंग चुकी थी। अमन ने अपना स्थानांतरण कल्पना और आशुतोष के शहर में ही करवा लिया था। कुछ दिनों से कल्पना के रंगढंग बदल गए थे। आजकल वह अपने ऑफिस में सजधज कर जाने लगी। कल्पना की और अमन की नजदीकियां बढ़ने लगीं। किसी अनजानी-सी डोर मे बंधी वह धीरे-धीरे अमन की ओर खींचती जा रही थी। और अमन उसकी ओर। एक दिन जब कल्पना बाथरूम में नहाने गई थी तब आशुतोष ने उसके मोबाइल में अमन का एक मैसेज पढ़ लिया था- 'कल्पना, तुमने अपने पंख क्यों सिकोड़ रखे हैं? क्यों डरती हो उड़ने से? निरभ्र, अनंत आकाश है तुम्हारे सामने। बंधनों को खोलने की कोशिश तो करो।' एक दिन कल्पना के ऑफिस में अमन की हरकत ने आशुतोष को झकझोर दिया। अमन के हाथ में कल्पना का हाथ था और वह कल्पना के बहुत पास था। इतना पास कि आशुतोष को देखते ही दोनों चौंक गए और छिटक कर दूर खड़े हो गए। आशुतोष के लिए यह अप्रत्याशित था। आशुतोष के क्रोधित चेहरे का बदलता रंग कल्पना से छिपा नहीं रहा था।

देश दुनीया से

# लाडलों के सहारे सिसकती बुढ़ापे की सांसें

> हजारों मुश्किलें सहकर मां-बाप अपने बच्चों को कामयाब करते हैं और एक दिन वे ही कामयाब बच्चे अपने मां-बाप को तन्हा छोडक़र चले जाते हैं। यह भी देखा गया है कि कुछ बच्चे तो मां-बाप के मरने पर भी नहीं पहुंचते तथा कई प्रकार के बहाने बनाकर दाह संस्कार पर भी नहीं पहुंचते। सैकड़ों में कुछ ही पुत्रवधुएं होंगी जो अपने सास-सुसर का मन से सम्मान करती हैं अन्यथा अधिकतर तो उन्हें बोझ ही समझती हैं। कभी उन्होंने सोचा कि जिस मां-बाप ने अपना सब कुछ उनके लिए न्योछावर कर दिया, आज वो रोटी के लिए भी मोहताज हैं।

**कहते** हैं कि जब बच्चा रोता है तो पूरी बिल्डिंग को पता चलता है, मगर जब मां-बाप रोते हैं तो साथ वालों को भी पता नहीं चलता। यह जिंदगी का कड़वा सच व सच्चाई है। हजारों मुश्किलें सहकर मां-बाप अपने बच्चों को कामयाब करते हैं और एक दिन वे ही कामयाब बच्चे अपने मां-बाप को तन्हा छोडक़र चले जाते हैं। यह भी देखा गया है कि कुछ बच्चे तो मां-बाप के मरने पर भी नहीं पहुंचते तथा कई प्रकार के बहाने बनाकर दाह संस्कार पर भी नहीं पहुंचते। सैकड़ों में कुछ ही पुत्रवधुएं होंगी जो अपने सास-सुसर का मन से सम्मान करती हैं अन्यथा अधिकतर तो उन्हें बोझ ही समझती हैं। कभी उन्होंने सोचा कि जिस मां-बाप ने अपना सब कुछ उनके लिए न्योछावर कर दिया, आज वो रोटी के लिए भी मोहताज हैं। कई बदनसीब तो वृद्ध आश्रमों में रहकर अपनी अंतिम सांसें गिन रहे होते हैं और अन्य कई तो घर में अपने लाडलों का अंतिम सांसों तक इंतजार करते-करते अपना दम तोड़ देते हैं। सरकार ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण व कल्याण के लिए वर्ष 2007 में एक अधिनियम भी बनाया जिसमें समय-समय पर संशोधन भी किए गए हैं। इसके अंतर्गत बुजुर्गों के शोषण को रोकने के लिए विशेष ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) बनाए गए हैं। इस एक्ट के अंतर्गत 60 वर्ष व 80 वर्ष के ऊपर वाले वरिष्ठ नागरिकों व माता-पिता के शोषण के विरुद्ध क्रमशः 90 दिन व 60 दिन के अंतर्गत न्यायाधिकरणों को संज्ञान लेकर फैसला करना होगा। दोषी संतानों को न केवल जुर्माना, बल्कि एक मास तक सजा दिए जाने का प्रावधान भी है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक पुलिस स्टेशन में विशेष पुलिस यूनिट का गठन करना भी आवश्यक है तथा राज्यों को इस संबंध में हेल्पलाइन बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। मगर ऐसे संवेदनशील मामलों को सुलझाने के लिए ऐसे एक्ट कोई ज्यादा कारगर सिद्ध नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि बूढ़े मां-बाप अपने विचलित व कत्त्रव्य-विमुख बच्चों के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं करवाना चाहते। यहां पर इस उक्ति का उल्लेख करना सारगर्भित होगा : एक बार एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी से शादी करने के लिए शर्त लगा दी कि वह उसके साथ शादी तभी करेगी जब वह अपनी मां का कलेजा निकालकर लाएगा। प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की संतुष्टि के लिए अपनी मां का कलेजा निकाला और ले जाते समय उसे ठोकर लगी और चोटिल हो गया। मां की ममता की आवाज उसके कानों में यही शब्द कहती हुई पाई गई, 'बेटा उठ, कहीं चोट तो नहीं लगी।' मां-बाप की बच्चों के प्रति सहानुभूति, लाड-प्यार व मां की ममता की कोई तुलना नहीं की जा सकती। वो तो बच्चों के लिए अपनी जान भी कुर्बान करने के लिए तैयार रहते हैं, मगर कृतघनता की पराकाष्ठा को लाघंते हुए आजकल के बहुत से युवा-लाडले अपने आदरणीय माता-पिता की अवहेलना व तिरस्कार करते हुए पाए जा रहे हैं। इन अटूट व संवेदनशील संबंधों को सुदृढ़ बनाने के लिए बच्चों व माता-पिता तथा बुजुर्गों को निम्नलिखित आचरण पर चलने की सलाह दी जाती है : 1. बच्चों को अधिक से अधिक समय अपने माता-पिता के साथ व्यतीत करना चाहिए तथा उनके अहसानों को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। जो व्यक्ति आपके मल मूत्र को साफ करते थे, उनके प्रति जिम्मेदारियां समझनी चाहिए। 2. उनकी आत्मा व हृदय को मन, वचन, कर्म और धर्म से किसी भी प्रकार की चोट नहीं पहुंचानी चाहिए। 3. उनसे ऊंची




आवाज में बात न करें तथा उनकी कभी भी बुराई नहीं करनी चाहिए, और न ही किसी अन्य सदस्य को करने दें। 4. अपने मन को नियंत्रण में रखते हुए उनकी हर अच्छी व बुरी आदत का सत्कार करें। 5. न ही अपनी पत्नी को अपने माता-पिता के सामने और न ही माता-पिता को पत्नी के सामने डांटें। 6. पत्नी व माता-पिता में समन्वय बनाने की कोशिश करें और अपना रोल एक जानदार व्यक्ति के रूप में निभाएं। 7. उनके अनुभव और दुनियादारी की समझ की सीख को दबाव नहीं समझना चाहिए। 8. चाणक्य की इस उक्ति को कभी मत भूलें कि पृथ्वी से भारी तथा आसमान से ऊंचा माता एवं पिता की ममता व स्नेह होता है।

1. जब तक जिंदा हैं, आत्मनिर्भर रहने का प्रयास करें तथा किसी पर निर्भर रहने की आदत को कम करें।
2. बच्चों से ज्यादा उम्मीद न लगाएं क्योंकि वे अपनी जिंदगी में बच्चों के कारण वैसे ही बहुत व्यस्त होते हैं। बिना वजह की दखलअंदाजी न करें।
3. इच्छा रहित बनें तथा लोभ, लिप्सा व वासना से दूर रहें।
4. अधिकार की प्रकृति को कम करें तथा किसी बिना वजह से निंदा न करें। पैसा कमाते-कमाते बुढ़ापा भी गुजर जाएगा तथा आखिर में समझ आएगा कि जो कमाया वह किसी भी काम का नहीं है। जो पुण्य किया उसी का लाभ होगा। बुढ़ापे में चिंतामुक्त होकर अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करें।

आप का नजरीया

# संवेदनशील-विवेकशील पीढ़ी बनाने की जवाबदेही

**मैं** अक्सर महसूस करता हूं कि हमारे इर्द-गिर्द फैली नकारात्मकता हमारी सकारात्मकता एवं रचनात्मक जीवन-ऊर्जा को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। कई बार कुटिलता और निराशावाद हमारी चेतना को घेरने लगता है। हम व्यग्र हो उठते हैं, हम गुस्सैल हो जाते हैं और हम तार्किक रूप से दलील और संवाद करने की समझ खो बैठते हैं। वास्तव में, विषैली बनी संस्कृति, जो कि टूट चुके अथवा विकृत संवादों एवं संलग्न भौतिक-प्रतीकात्मक हिंसा की वजह से बुरी तरह ध्रुवीकृत हो चुके सामाजिक-राजनीतिक माहौल को दर्शाती है, शक्तिशाली रूप से व्याप्त है। गुस्सैल परम-राष्ट्रवाद और धार्मिक कट्टरवाद का जश्न मनाना, राजनीतिक दंभ जाहिर करना और सोशल मीडिया से फैलाए जाने वाले गाली-गलौज़ भरे नकारात्मक स्पंदनों का निरंतर प्रवाह हमें अंधेरी दुनिया में धकेल रहा है – वह संसार जिसमें स्नेह, प्रेम, सुनने-समझने की कला नदारद है। हमारे आसपास हर कोई– टेलीविज़न के न्यूज़ एंकरों से लेकर पड़ोसियों तक या वे लोग जो सोशल मीडिया पर प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना पर बिना आगा-पीछा जाने त्वरित टिप्पणियां करते हैं या फिर विद्यालय-कॉलेज के प्रधानाचार्य-उपकुलपति तक– लगता है सब गुस्से से भरे, अड़ियल, 'दुश्मनों' से लड़ने, उन्हें हराने या निपटने जैसी विषैली सोच से ग्रस्त हैं। हमारे दोस्त बेगाने बन गए हैं, यहां तक कि परिवार के सदस्यों के बीच नैसर्गिक बोलचाल लगातार मुश्किल बनती जा रही है। प्रेम तो मानो एक बुरा शब्द हो और नफरत एवं गुस्सा नया सामान्य चलन, और परम-मर्दानगी दिखाने एवं आत्ममुग्धता के बीच विनम्रता तो जैसे कमजोरी की निशानी हो। सवाल यह है कि क्या इस मानसिक व्याधि, सांस्कृतिक ह्रास और अत्यंत गुस्से अथवा व्यग्रता से खुद को बचाए रखना संभव है। यही वो घड़ियां हैं जब मुझे लगने लगता है कि चुप रहना और व्याप्त माहौल पर प्रतिक्रिया न देना ही श्रेयस्कर है। तथापि, पलायनवाद कोई उत्तर नहीं है। जो प्रश्न मुझे और कई अन्यों को सालता है कि क्या इस हिंसा एवं कुटिलता भरे युग में बने रहकर भी आशा, अक्लमंदी एवं जीवन-पुष्ट कृत्यों से अपनी सकारात्मकता को बचाए रखना संभव है। हालांकि, जैसा कि कई लोग दलील देंगे, सकारात्मक बने रहना लगातार मुश्किल होता जा रहा है, सामूहिक अक्लमंदी के लिए हमें यत्न करने की जरूरत है। और यह तभी संभव है जब हमें 'स्वः' और दुनिया के बीच संबंध से जुड़ी गतिशीलता का अहसास हो। काफी ढांचागत कमियों के बावजूद हमारी रचनात्मकता का महत्व है। व्यवस्था हमारे प्रयत्नों, हमारी नेक-नीयत योजनाओं और अर्थपूर्ण कृत्यों के बिना नहीं बदल सकती। इसलिए, भले ही यह दुनिया राजनीतिक रूप से संयोजित और ध्रुवीकृत कर दी जा चुकी है, जिसमें हमारी सोच में किसी को देखने-समझने का नज़रिया केवल दो वर्गों में रखकर करना सिखा दिया गया है (हिंदू या मुसलमान, देशभक्त या देशद्रोही, आस्तिक या धर्मनिरपेक्ष नास्तिक), क्या यह संभव है कि हम इस एकांगी दृष्टिकोण के बिना बौद्धिक स्पष्टता, ऐतिहासिक खोज एवं सूक्ष्म समझदारी से चीज़ें देख पाएं।



# अब जापान नहीं कैरोलिन द्वीप बन गया उगते सूरज की भूमि-किरिबाती देश में सूरज की पहली किरण चूमती है धरती, सबसे पुराना टाइम जोन भी यहीं

**टोक्यो ।**

**अब जापान नहीं बल्कि कैरोलिन द्वीप उगते सूरज की भूमि बन गया है। हालांकि यह सबसे पुराना टाइम जोन भी है। बता दें कि सूर्योदय सबसे अच्छा एहसास है।**

लेकिन सोचिए अगर आप ऐसी जगह पर हों जहां धरती पर सूर्य की पहली करिण आ रही हो तो, आपके मन में शायद जापान का नाम होगा, जिसे हम उगते सूरज की भूमि मानते रहे हैं।

लेकिन अब ठकिाना बदल गया है। प्रशांत महासागर में स्थति एक देश किरिबाती है। मालदीव-लक्षद्वीप को लेकर बहस के बीच इस खूबसूरत जगह के बारे में भी बातचीत होनी चाहिए। किरिबाती को कैरोलनि द्वीप के नाम से भी जाना जाता है। यह वह जगह है, जहां हर दिन सूर्य की पहली करिण आती है। सबसे पहले सूर्य की करिणें इसी जगह की धरती को चूमती हैं। यहां सूर्योदय देखना सुखद यादगार अनुभव है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें हम बता दें कि करिबिाती में पृथ्वी का सबसे पुराना टाइम जोन भी है।

हालांकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि वास्तव में कोई वास्तविक सूर्योदय या सूर्यास्त नहीं होता। ऐसा इसलिए, क्योंकि पृथ्वी गोल है और लगातार घूम रही है। इसकी वजह से जहां सूर्य की करिणें आती हैं, और धरती के घूमने की वजह से जो हिस्सा पीछे चला जाता है, वहां सूर्यास्त या रात हो जाती है। लेकिन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए एक काल्पनकि रेखा खींची गई है, जिसे इंटरनेशनल डेट लाइन कहा जाता है। यही तय करती है कि दिन कहां समाप्त माना जाए और कहां शुरू। यही रेखा किरिबाती के मिलेनियम द्वीप के आसपास से होकर गुजरती है, इसलिए हमें यहां पर 'पहला' सूर्योदय मिलता है। करिबिाती 33 एटोल और रीफ द्वीपों से बना एक द्वीप समूह है। इन्हीं में से एक निर्जन मिलेनियम द्वीप भी है। इसे दुनिया के सबसे खूबसूरत द्वीपों में से एक माना जाता है। सिर्फ भाग्यशाली लोग ही यहां जा सकते हैं और सूर्योदय के जादुई अनुभव का लाभ ले सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### लंदन में भाजपा के विदेशी मित्रों से मिले राजनाथ, बोले- मोदी सरकार 2024 में अधिक सीटों से करेगी वापसी




**लंदन ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के विदेशी मित्रों के साथ मुलाकात में कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 2024 में अधिक सीटें हासिल करेगी। रक्षा मंत्री ने लंदन के ताज होटल में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके (ओएफबीजेपीयूके) के साथ एक विशेष बैठक की। ओएफबीजेपीयूके ने कहा, रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि मोदी सरकार पिछले चुनाव की तुलना में अधिक सीटें हासिल करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारी सीमाएं और राज्य रक्षा बलों की सतर्कता की वजह से सुरक्षित हैं। इसके अलावा, उन्होंने प्रवासी सदस्यों से भारत से बाहर होने पर विश्वसनीयता बनाए रखने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि उनकी विश्वसनीयता भारत की विश्वसनीयता है। उन्होंने चीन के लेख पर भी चर्चा की, जिसमें भारत को भविष्य की महाशक्ति के रूप में बताया गया है।

### बजन घटाने अब आई स्मार्ट टैबलेट, खाते ही आधी कर देगी भूख



**वॉशिंगटन ।** मेडिकल साइंस ने कुछ ऐसा फार्मूला ढूंढ निकाला है जिससे मनुष्य का फटाफट वजन कम हो सकता है। दरअसल एक ऐसी स्मार्ट टैबलेट का ईजाद किया गया है जो खाते ही इंसान की भूख को आधी कर देगी। बता दें कि इस फार्मूले की ज़रूरत लोगों को सालों से थी। हाल ही में ऐसा ही एक इंवेंशन हुआ है, जो निचले स्तर तक पहुंचा तो बहुत से लोगों की समस्या हल हो जाएगी। इस चमत्कारी टैबलेट या पिल ने तहलका मचा रखा है। मिली जानकारी के अनुसार वज़न कम करने के लिए किसी हानिकारक प्रोसीज़र पर जाने के बजाय वैज्ञानिकों की बनाई एक ऐसी पिल मौजूद है, जो स्वस्थ तरीके से वेट कम देगी। इसे गेम चेंजर भी कहा जा रहा है। एक शोध आर्टिकल में इस स्मार्ट पिल के बारे में बताया गया है। इसे वेट लॉस का भविष्य भी कहा जा रहा है। बता दें कि इस गोली की टेस्टिंग फिलहाल सुअरों पर की गई है, जिससे आशाजनक परिणाम मिले हैं। 30 मिनट पहले सुअरों को गोली खिलाने के बाद देखा गया कि उन्होंने कम से कम 40 फीसदी कम खाना खाया। दरअसल ये पिल पेट में खिंचाव लाने वाले रिसेप्टर्स को एक्टिव करके भोजन के स्टीमुलेशन का काम करता है। इससे हाइपोथैलेमस के हार्मोन का स्तर बढ़ने लगता है और पेट भरा हुआ महसूस होता है। मीडिया में आई खबर के मुताबिक वाइब्स नामक स्मार्ट टैबलेट बनाने वाली टीम ने इसके बारे में बताया है कि वाइब्स गोली को भोजन से 20-30 मिनट पहले खा लिया जाए, तो शुरू में ही पेट भरा हुआ लगेगा और आपकी डाइट अपने आप कम हो जाएगी। दरअसल एमआईटी की पूर्व स्नातक छात्रा और पोस्टडॉक श्रिया श्रीनिवासन ने इस गोली के कॉन्सेप्ट को सोचा था, जो हार्वर्ड विश्वविद्यालय में बायोइंजीनियरिंग की असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

### चीन में एक बार फिर कोयले की खदान में हादसा, 10 की मौत




**बीजिंग ।** चीन के हेनान प्रांत में कोयले की एक खदान में बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि छह लोग गायब हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना पिंगदिंगशान में कोयले और गैस के संपर्क में आने के बाद हुई। हादसे में पिंगदिंगशान तिआनन कोल माइनिंग कंपनी लिमिटेड के कर्मचारियों की जान गई है। जब यह घटना हुई तब 425 लोग साइट पर काम कर रहे थे। इनमें से 380 को सही सलामत निकाल लिया गया। राहत-बचाव कार्य अभी भी जारी है। कोयला खदान की देख-रेख में लगे अधिकारियों को कस्टडी में ले लिया गया है। चीन में खदान दुर्घटनाएं आम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इनमें मरने वालों की संख्या में कमी आई है। चीन कोयले का सबसे बड़ा निर्माता और उपयोगकर्ता है। इससे पहले 21 दिसंबर को चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में कोयले की खदान में दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 13 लोग घायल हो गए।

मनोरंजन के लिए भांग के इस्तेमाल पर रोक

# केवल मेडिसिन में उपयोग होगा थाईलैंड सरकार का सख्त फैसला

**बैंकॉक ।**

थाईलैंड की सरकार ने भांग के इस्तेमाल को लेकर सख्त फैसला लिया है। सरकार ने कहा है कि मनोरंजन के मकसद से भांग का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। नई सरकार के फैसले के तहत दवाओं या दूसरी मेडिकल जरूरतों को पूरा करने के लिए भांग का इस्तेमाल किया जा सकेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक 18 महीने बाद हुए बड़े उलटफेर में भांग को आंशिक रूप से बैन करने का कानून बनाया जा रहा है। हालांकि, इस पौधे को अपराध की श्रेणी से बाहर रखा जा रहा है। थाईलैंड की सरकार ने कहा कि एशिया में ऐसा फैसला करने वाला यह पहला देश है। थाईलैंड में गठबंधन सरकार पिछले साल सत्ता में आई है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार नियमों को कड़ा कर रही है। अब केवल चिकित्सा जगत में भांग का इस्तेमाल किया जाएगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक पूरे दक्षिण पूर्व एशियाई देश में स्थानीय लोग और विदेशी सैलानियों के बीच भांग की मांग में उछाल दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय का मसौदा बिल सामने आया। इसमें भारी जुर्माना या एक साल की जेल या दोनों सजा एक साथ देने का प्रावधान किया गया है। खबरों के मुताबिक जनता ने भी इन कानूनों का स्वागत किया है। थाईलैंड में भांग पर अंकुश लगाने के लिए लाए गए बिल में कहा गया है कि भांग / कैनबिस और कैनबिस से संबंधित उत्पाद केवल चिकित्सा और स्वास्थ्य लाभ के लिए ही इस्तेमाल किए जा सकेंगे। बीते सितंबर में प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने इसकी प्रतिज्ञा ली थी। नई सरकार ने अगले छह महीनों के भीतर कैनबिस से जुड़े कानूनों में सुधार करने का एलान किया है। सरकार ने कहा है कि नए कानूनों के तहत कैनबिस बस अर्क और अन्य कैनबिस उत्पादों के विज्ञापन और मार्केटिंग के अभियानों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। पहले केवल सार्वजनिक रूप से मारिजुआना का धूम्रपान के लिए इस्तेमाल गैरकानूनी था। प्रस्तावित नए कानून पर रिपोर्ट के अनुसार, थाईलैंड में थाविसिन के प्रधानमंत्री बनने के बाद नवंबर में मनोरंजक मकसद के लिए भांग के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए मसौदा विधेयक संसद में पेश किया गया। हालांकि, इसे पारित कराने में कामयाबी नहीं मिली। यह भी रोचक है कि नई प्रधानमंत्री बैन को लेकर बेहद मुखर रही हैं। उन्होंने कई मीडिया साक्षात्कारों में कहा है कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग थाईलैंड के लिए एक बड़ी समस्या है। जून, 2022 में थाईलैंड में कई अहम कानूनी बदलाव भी किए गए। कई अन्य देशों में सख्त कानूनों के तहत मारिजुआना रखने, उपभोग करने या तस्करी के दोषी लोगों को लंबी जेल की सजा और यहां तक कि मौत की सजा भी देते हैं। हांगकांग में गैर-साइकोएक्टिव कैनबिडिओल (सीबीडी) भी गैरकानूनी है। सिंगापुर में नशीली दवाओं की तस्करी के लिए मृत्युदंड का कानून है।



### म्यांमार सेना और जातीय गुरिल्ला समूहों में संघर्षविराम पर सहमति, चीनी मध्यस्थता में हुआ समझौता

**बीजिंग ।** म्यांमार की सेना और वहां के जातीय अल्पसंख्यक गुरिल्ला समूहों के गठबंधन के बीच देश के पूर्वोत्तर में जारी लड़ाई को रोकने के लिए तत्काल संघर्षविराम समझौते पर सहमति बन गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी, जबकि म्यांमार की सैन्य सरकार ने भी इसकी पुष्टि की है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, म्यांमार सीमा से 400 किमी दूर चीन की एक प्रांतीय राजधानी कुनमिंग में चीनी मध्यस्थता में यह समझौता हुआ। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि म्यांमार में संबंधित पक्ष ईमानदारी से समझौते को लागू करेंगे, एक-दूसरे के प्रति अधिकतम संयम बरतेंगे और बातचीत तथा परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करेंगे। म्यांमार की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने अस्थायी संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई। हालांकि, पूर्व में हुए समझौते का दिसंबर में दोनों पक्षों ने पालन नहीं किया। चीनी प्रवक्ता ने कहा, सेना और थ्री ब्रदरहुड एलायंस (म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी, तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी तथा अराकान आर्मी) तत्काल संघर्षविराम और अपने-अपने लड़ाकों को बातचीत से हटाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्र में रहने वाले चीनी लोगों और म्यांमार में चीनी परियोजनाओं तथा कर्मियों को नुकसान न पहुंचाने का वादा किया।

# अमेरिका ने यमन की राजधानी सना में फिर बरसाए बम, हूती विद्रोहियों की चेतावनी- इसकी सजा मिलेगी



**वॉशिंगटन ।**

अमेरिकी सेना ने सुबह एक बार फिर से यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की। इससे पहले अमेरिका ने ब्रिटेन की सेना के साथ मिलकर यमन में कई जगहों पर हूती विद्रोहियों के खिलाफ भीषण हवाई हमले किए थे। हमला राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया।

अमेरिका और ब्रिटेन के संयुक्त हमले में 28 स्थानों पर हूती विद्रोहियों के 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए थे। साथ ही अमेरिका ने अपने व्यापारिक जहाजों को कुछ दिनों तक लाल सागर से दूर रहने की सलाह दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हूतियों पर हवाई हमले की पुष्टि करते हुए ही कहा था कि अगर हूती विद्रोहियों ने व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद नहीं किया तो उन पर फिर से निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है, जो पहले से ही इजराइल हमास युद्ध की वजह से तनाव से जूझ रहा है। वहीं अमेरिका के हमलों के बाद हूती विद्रोहियों ने भी जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका को इन हमलों की सजा मिलेगी। अमेरिका का कहना है कि हवाई हमलों में हूती विद्रोहियों के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया, जहां ज्यादा जनसंख्या नहीं थी और खासकर हूतियों के हथियारों, रडार और अहम ठिकानों पर हमले किए गए। इन हमलों में ज्यादा लोगों की मौत की आशंका नहीं है। गौरतलब है कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही इजराइल हमास युद्ध के बाद से लाल सागर से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे। अमेरिकी नौसेना ने कई बार हूती विद्रोहियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम किया था। हालांकि बार-बार चेतावनी के बावजूद हूती विद्रोहियों का जहाजों को निशाना बनाना जारी था। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट बाधित हो रहा था। यही वजह रही कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश ब्रिटेन ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर भारी गोलाबारी की।

# 73 साल की महिला ने करवाई जांच, निकला 35 साल का बच्चा

**वॉशिंगटन ।**

प्रेग्नेंसी और बच्चों के जन्म को ईश्वर की इच्छा बताया जाता है। लेकिन कुछ मामले ऐसे भी सामने आ जाते हैं जिनमें कुदरत के नियम भी फैल हो जाते हैं। इससे ये साबित होता है कि इंसान के हाथ में आज भी सब कुछ नहीं है। ऐसा ही एक मामला अल्जीरिया में सामने आया है, जहां एक 73 साल की महिला के पेट में 35 साल का बच्चा पाया गया है। हालांकि यह बच्चा 7 माह के बाद ही मां के पेट में कुदरती तौर पर विकसित नहीं हो पाया था, जो धीरे-धीरे कैल्सिफाइड हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉक्टरों के पास यह अजीबोगरीब केस आया जब उस बुजुर्ग महिला के पेट में दर्द हुआ। लेकिन उसे अंदाज़ा ही नहीं था कि उसे दिक्कत क्या है। वो जब अपनी समस्या लेकर अस्पताल पहुंची, तो उसने जो नज़ारा देखा, वो खुद महिला की कल्पना से भी बाहर था। रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना साल 2016 की है, जहां एक महिला पेटदर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी। महिला का नाम नहीं बताया गया है लेकिन उसकी उम्र 73 साल बताई जा रही है। महिला के पेट के निचले हिस्से में दर्द हो रहा था, जिसके बाद वो जांच कराने पहुंची। यहां अल्ट्रासाउंड में पता चला कि उसके पेट के अंदर एक बच्चा है, जो उसने



35 साल पहले कंसीव किया था। हुआ यूं कि 7 महीने के बाद बच्चा कुदरती तौर पर विकसित नहीं हो पाया लेकिन वो पेट के अंदर ही रह गया। उस वक्त बच्चे का वज़न 2 किलोग्राम था और वो धीरे-धीरे कैल्सिफाइड होकर पत्थर बन गया। डॉक्टरों ने बताया कि इस मेडिकल कंडीशन को लिथोपेडियन कहा जाता है, जो काफी दुर्लभ है। दुनिया भर के मेडिकल इतिहास में इस तरह की सिर्फ 300 घटनाएं देखी गई हैं। डॉक्टर किम गार्सी ने मुताबिक बच्चे के कैल्सिफाई होने की वजह से मां किसी भी तरह के इंफेक्शन से बच जाती है। महिला के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ।

# इमरान खान ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा, दो सीटों से नामांकन पत्र खारिज किए जाने को दी चुनौती

**इस्लामाबाद ।**

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कोर्ट द्वारा नामांकन खारिज होने से उन्हें चुनाव लड़ने परेशानी आ रही है। इस बीच उन्होंने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) का दरवाजा खटखटाया है और दो सीटों पर चुनाव लड़ने की इजाजत मांगी है।

लाहौर हाईकोर्ट में 71 वर्षीय खान ने एलएचसी में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं। इसमें पंजाब प्रांत के एनए-122, लाहौर और एनए-89, मियांवाली, शहरों से उनके नामांकन पत्रों को खारिज करने के रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) और अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी गई।

### फैसला रद्द करने की मांग की

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक ने अदालत से रिटर्निंग अधिकारियों के फैसलों को रद्द करने की मांग की। अपीलीय न्यायाधिकरण ने नेशनल असेंबली के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से नामांकन पत्रों को मामूली आधार पर खारिज कर दिया। खान का नामांकन पत्र मुख्य रूप से तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने और नैतिक आधार के आधार पर खारिज कर दिया गया था। अपीलीय न्यायाधिकरणों ने भी संबंधित आरओ के निर्णयों को इस टिप्पणी के साथ बरकरार रखा कि दोषसिद्धि और सजा दो अलग-अलग शब्द हैं, क्योंकि दोषसिद्धि दोषी फैसले से संबंधित है और सजा दोषसिद्धि के बाद की कठोरता को दर्शाती है।

### न्यायाधिकरणों ने कही ये बात

न्यायाधिकरणों ने कहा कि दोषसिद्धि का मतलब अदालत द्वारा किसी



आरोपी के लिए जिम्मेदार अपराध के बारे में सुनाया गया फैसला है, जबकि सजा, सजा की मात्रा को दर्शाती है। ट्रिब्यूनल ने पाया कि याचिकाकर्ता की अयोग्यता के संबंध में ईसीपी का निर्णय अभी भी क्षेत्र में था और सक्षम मंच से अलग नहीं किया गया था। पूर्व क्रिकेटर से नेता बने, जो पिछले साल अगस्त से जेल में हैं, उन्हें पिछले रावलपिंडी पुलिस ने 9 मई की हिंसा के कम से कम एक दर्जन मामलों में गिरफ्तार किया था, जिसमें सेना मुख्यालय पर हमला भी शामिल था।

# राम मंदिर उद्घाटन के दिन मॉरीशस में विशेष छुट्टी, हिंदू कर्मियों को उत्सव मनाने की मंजूरी

**पोर्ट लुइस ।**

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर दुनियाभर में उत्साह है। इस बीच, मॉरीशस सरकार ने हिंदू सरकारी कर्मचारियों के लिए 22 जनवरी को दो घंटे की विशेष छुट्टी देने की घोषणा की है। इस फैसले से मॉरीशस में हिंदू सरकारी कर्मचारी 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बन सकेंगे। यह विशेष छुट्टी दोपहर दो बजे से दो घंटे तक रहेगी। मॉरीशस में 48.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है। मॉरीशस के पीएम प्रविंद जुगनाथ ने कहा कि यह भावनाओं और परंपराओं के सम्मान का छोटा सा प्रयास है। प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ के नेतृत्व में मॉरीशस कैबिनेट ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को देते हुए कैबिनेट ने दो घंटे की विशेष छुट्टी देने पर सहमति जताई



है। यह एक ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी की तरह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति की स्थापना में शामिल होंगे। राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए सभी क्षेत्रों के कई नेताओं और हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में 50 से अधिक देशों के गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। कांची कामकोटि मठ के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि भगवान राम के आशीर्वाद से ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। इस दौरान यज्ञशाला का पूजन होगा। काशी के 100 से अधिक विद्वान यज्ञशाला के पूजन और हवन का कार्य शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम भारत के तीर्थस्थलों के विकास पर विशेष भरोसा रखते हैं। पीएम ने केदारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों के परिसरों को भी भव्य आकार रूप दिया है।

### नामचीन शख्सियतों के साथ 300 श्रमिक व भिक्षुक होंगे मेहमान

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में समाज के हर विशिष्ट व सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व होगा। सात हजार से कुछ अधिक मेहमानों में चार हजार धर्माचार्यों के अलावा तीन हजार से अधिक गृहस्थ विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किए गए हैं। बड़ी संख्या में नामचीन शख्सियतों के साथ ही मंदिर के सृजन में सहभागी 300 श्रमिक व दान देने वाले भिक्षुक भी अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। 50 के करीब पद्म सम्मानों से विभूषित हस्तियां आएंगी।

### सोमालिया की तट से अमेरिकी नौसेना के दो नाविक लापता, तलाशी अभियान जारी

**वॉशिंगटन ।** सोमालिया की तट पर ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी नौसेना के दो नाविक लापता हो गए। अमेरिकी सेना ने एक बयान जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाविकों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा, इन नाविकों की अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े में तैनाती हुई थी, जिसके तहत सैनिकों को कई अभियानों को अंजाम देना होता है। बयान में यह भी कहा गया कि जब तक तलाशी अभियान पूरा नहीं हो जाता, तब तक अतिरिक्त जानकारी नहीं दी जाएगी। बता दें कि हाल ही में सोमालिया की तट से ही एक जहाज को हाइजैक कर लिया गया था। इस जहाज में 15 भारतीय नागरिक शामिल थे। झंडे पर लाइबेरिया का झंडा लगा था। जब यह जहाज अरब सागर से गुजर रहा था, तब 5-6 हथियारबंद अज्ञात लोग जहाज पर चढ़े और जहाज को अगवा करने का प्रयास करने लगे। घटना की जानकारी पाकर भारतीय नौसेना ने अपने युद्धक जहाज आईएनएस चेन्नई को रवाना किया था। सोमालिया हॉर्न ऑफ अफ्रीका पर स्थित है, जिसके एक तरफ भारतीय महासागर और दूसरी तरफ अदन की खाड़ी है। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट भी सोमालिया के नजदीक से गुजरता है। यही वजह है कि सोमालिया के नजदीक समुद्री लुटेरों का खतरा रहता है।

# सरकार में यादव समाज की उपेक्षा के विरोध में अलवर में हुआ प्रदर्शन




**अलवर ( हिंस )।** राजस्थान में भजनलाल मंत्रिमंडल में यादव समाज की कथित तौर पर उपेक्षा के विरोध में शनिवार को शहर के राव तुला राव सर्किल पर समाज की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। समाज के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मंत्रिमंडल विस्तार में भी यादव समाज के जनप्रतिनिधियों को जगह ने दी गई तो पूरे राजस्थान में यादव समाज भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इसका असर देखने को मिलेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के नेता एडवोकेट फतेह सिंह यादव ने कहा कि सन 1962 से लेकर 2023 तक हर सरकार के मंत्रिमंडल में यादव समाज के जन प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया लेकिन इस बार राजस्थान में बनी भाजपा सरकार ने यादव समाज के जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा की है। इससे यादव समाज में बड़ा आक्रोश है। उन्होंने बताया कि पांच लोकसभा और करीब 20 विधानसभा सीटों को यादव समाज प्रभावित करता है। जिलाध्यक्ष गुरुदयाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा के साथ अधिकारियों की भी उपेक्षा की। समाज के तीन कलेक्टर और चार एसपी सभी को बाबू की तरह ऑफिस में बिठा दिया है जबकि वह फील्ड के मजबूत अधिकारी थे। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज की लगातार सरकार उपेक्षा कर रही है और ऐसे में यादव समाज चुप बैठने वाला नहीं है। अलवर से शुरू हुआ प्रदर्शन पूरे राजस्थान में देखने को मिलेगा। इस प्रदर्शन में अलवर जिले से बाहर के भी नेता शामिल हुए। मंच पर बैठे सभी वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान भारत यादव, पाल यादव, योगेश यादव, लोकचंद यादव आदि मौजूद रहे। समाज के नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में हमारे दो विधायक है। दोनों योग्य हैं फिर मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी। यादव ने कहा कि पूर्वी राजस्थान में यादव समाज भारी तादाद में है। भाजपा ने बालकनाथ को सीएम बनाने के नाम पर चेहरा आगे कर सरकार बना ली और अब मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया। डॉ. जसवंत यादव भी योग्य है। 38 साल से राजनीति कर रहे है। उन्हें भी कोई स्थान नहीं दिया। अब भी अगर सरकार हमारे लोगों को स्थान नहीं देती है तो भाजपा को समाज वोट नहीं करेगा।

# राम मंदिर का विरोध करने वाला हिंदुस्थान से मिट जाएगा : जेपी दलाल

## गौशालाओं को बांटे 76 लाख के चेक



**झज्जर ( हिंस )।** राज्य के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि राम इस देश के 140 करोड़ लोगों के आराध्य हैं। इसलिए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का विरोध करने वाला हिंदुस्थान से अपने आप ही मिट जाएगा। मंत्री जेपी दलाल शनिवार को को बहादुरगढ़ की मांडोठी गोशाला के वार्षिक उत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने यहां पत्रकारों के कांग्रेस द्वारा राम मंदिर का विरोध करने संबंधी सवालों के जवाब भी दिए। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि राम मंदिर का विरोध कोई नहीं कर सकता। कोई हिंदुस्थान में रहता है और राम का विरोध करता है तो वह अपने आप ही मिट जाएगा। उन्होंने कहा कि हम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। देश का बच्चा-बच्चा कह रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को ही बनाएंगे। बीजेपी हरियाणा में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह चुनाव आयोग को तय करना है कि हरियाणा के लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे या अलग-अलग। भाजपा प्रदेश में होने वाले हर चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बहादुरगढ़ की सात गोशालाओं को 76 लाख की अनुदान राशि के चेक भी वितरित किए। उन्होंने बताया कि झज्जर जिले की गोशालाओं के लिए सरकार ने डेढ़ करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। इतना ही नहीं सरकार ने पंचायती जमीनों पर गोशाला बनाने का कानून पास कर रखा है। बेसहारा गोवंश को सहारा देने के लिए यह कानून पास किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 650 गोशालाओं में साढ़े 4 लाख से ज्यादा गोवंश की सेवा की जा रही है।

# पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझाया ब्लाइंड मर्डर केस



**जालंधर।** कमिश्नरेट पुलिस ने 24 घंटे में ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच जारी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि आज सुबह कमिश्नरेट पुलिस के थाना डिवीजन नंबर 2 के इलाके गोपाल नगर के पास स्थित दाना मंडी के गेट नंबर एक पर एक शव मिला था। मृतक की पहचान सरजू कुमार उर्फ काला वासी मकान नंबर बी-4/69 मोहल्लू पर्वत नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच विज्ञान और तकनीक के आधार पर शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि करण भाटिया उर्फ रिक्की निवासी बीएच 1-695 राम नगर जालंधर, मृतक का दोस्त है। करण पेशे से ऑटो चालक है। दोनों दोस्तों ने गत रात्रि एक साथ बैठ कर शराब पी। इस दौरान दोनों में मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। टकराव बढ़ गया जिसने भयानक रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि मृतक ने करण को कुछ उत्तेजक शब्द बोले थे जिस कारण ने दोनों में हाथापाई भी हुई। इस दौरान करण ने सीमेंट की भारी स्लैब से सरजू का सिर कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आरोपी के खिलाफ थाना डिवीजन नंबर 2, जालंधर में धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा नंबर 07 दिनांक 13-01-2024 दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें आज कमिश्नरेट पुलिस के थाना डिवीजन नंबर 2 के इलाके गोपाल नगर के पास स्थित दाना मंडी से खून से लथपथ हालत में एक युवक का शव पुलिस को बरामद हुआ है जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जहां शुरू कर दी। युवक का कत्ल करने के बाद उसका शव यहां पर फेंक दिया गया।

# लोस चुनाव में मुझे निशाने पर लेगी भाजपा, एकजुट होकर लड़ना होगा चुनाव : दीपेंद्र हुड्डा

## जजपा पर साधा निशाना, सांसद बोले, नब्बे में से एक सीट पर भी जेजेपी की नहीं बचेगी जमानत



**रोहतक ( हिंस )।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस भी लोकसभा चुनाव में भाजपा उन्हें ही निशाना पर लेगी, इसलिए पूरी तरह से एकजुट होकर चुनाव लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि रोहतक लोकसभा प्रत्याशी का चुनाव परिणाम ही हरियाणा की राजनीति की दिशा व दशा तय करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा ने करवट ले ली है, प्रदेश में बदलाव का माहौल है। हम पूरी ताकत से लड़ेंगे और पूरे हरियाणा में जीतेंगे। वे शनिवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सेक्टर-3 के सामुदायिक केंद्र में गढ़ी-सांपला-किलोई हलके की बूथ कमेटियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ता को आज से ही युद्ध स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुटने और वोट पड़ने तक अपना बूथ संभालने का निर्देश दिया। दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रत्येक बूथ कमेटी से हर बूथ में पिछले बार पड़े वोट से 100 वोट बढ़ाने के लिए काम करने का आवाहन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में 15 जनवरी से घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान शुरू हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता हर घर में हर मतदाता तक पहुँचकर कांग्रेस पार्टी के संकल्पों के बारे में बताएं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जो राज्य 2014 के पहले विकास में नंबर एक पर था, वो आज बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, नशे, अत्याचार में नंबर एक पर पहुंच गया। 2019 चुनाव के समय भी लोग बीजेपी सरकार से खुश नहीं थे और इनके भ्रष्टाचार, नाकामियों से परेशान हो चुके थे। इसलिये सरकार और पार्टी दोनों को हराकर वापस भेज दिया। हरियाणा की जनता ने 14 में से 12 मंत्रियों को हरा दिया और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला को बड़े अंतर से चुनाव हराया। 2019 में बीजेपी सरकार भी हार गयी और बीजेपी पार्टी भी हार गयी। कांग्रेस और भाजपा के बीच केवल 3900 वोट का अंतर था। लेकिन जेजेपी ने अपने मतदाता से धोखा करके फिर से बीजेपी सरकार बना दी। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद क्षेत्र पूरी तरह से विकास कार्यो में पिछड़ गया और सांसद अरविंद शर्मा को जवाब देना चाहिए कि इन पांच सालों के दौरान उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के लिए क्या किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद शादीलाल बतरा, विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक, पूर्व विधायक संत कुमार, कुलदीप नंबरदार, प्रो. वीरेंद्र, बलराम दांगी, जयदीप धनखड़, सुखिन्दर हुड्डा, बिट्टू हुड्डा, बिल्लू हुड्डा, रविंदर हुड्डा, सोनू बुधवार, एससी सेल के जिलाध्यक्ष बलवान रंगा, जिला पार्षद मांगे राम, पंडित राजबहादुर, रामकरण अत्री, निर्मला बलहारा, जिला पार्षद नीलम, जिला पार्षद सुषमा, सतीश भांडु, मनोज बागड़ी, राजबीर समानिया सहित काफी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घायल पक्षियों के लिए तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर शुरू

**जयपुर ( हिंस )।** सर्दी के कहर से थोड़ी सी राहत मिलते ही पंतगबाजी का सिलसिला काफी बढ़ गया है। रविवार को मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का माहौल परवान पर रहेगा। ऐसे में मांझे की डोर से घायल होने वाले पक्षियों को समय पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने के लिए शहर भर के विभिन्न संस्थाओं की ओर से पक्षी चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे है। यह चिकित्सा शिविर शनिवार से सोमवार तक तक लगाया जा रहा है। सर्व समाज सेवा समिति राजस्थान और हरिओम जन सेवा समिति राजस्थान पक्षी चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार से सोमवार तक तक तीन स्थानों पर पक्षी चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। पक्षी चिकित्सा शिविर खेतान हॉस्पिटल चौराहा रोड नंबर 7 सीकर, रोड नंबर 17 बस स्टैंड, विद्याधर नगर, दाना शिवम हॉस्पिटल विद्याधर नगर में लगाए जा रहे है। जहां शिविर में पशु चिकित्सक सेवाएं दे रहे है। वीरेंद्र पारीक, सुरेश मेहता, मनोज सेन, नवरत्न को संयोजक बनाया गया है। हरिओम जन सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज गोयल ने बताया कि समिति की कई टोलियां गठित की गई, जो घायल पक्षियों को इन पक्षी चिकित्सा शिविर तक पहुंचाने का काम कर रही है। गंभीर घायल पक्षियों को पक्षी चिकित्सालय पहुंचाया जा रहा है।

# सम्मान भत्ता के लिए दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं : मंत्री ओम प्रकाश




**नारनौल ( हिंस )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने शनिवार को गांव खत्रीपुर व दुबलाना में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आम नागरिकों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अब लोगों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं। प्रोएक्टिव मोड पर लोगों की पेंशन बन रही है। इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। किसानों के लिए फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि योजना लागू करके उनका आर्थिक उत्थान किया है। उन्होंने कहा कि जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना ही सरकार का लक्ष्य है। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाया व कॉपी, पेंसिल वितरित की। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े 9 साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंच कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है।

# पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा करेंगे घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस कार्यक्रम की शुरुआत : आनंद दांगी

**जींद ( हिंस )।** जींद जिला कांग्रेस प्रभारी एवं महम के विधायक आनंद सिह दांगी ने कहा कि 15 जनवरी से कांग्रेस पार्टी घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस कार्यक्रम को शुरू करने जा रही है। जिसका शुभारंभ प्रतिपक्ष नेता एव पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा जींद के टाउन हाल से करेंगे। जो शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए शिव चौक पर पहुंचेगी। बूथ लेवल पर 31 सदस्यीय कमेटी बनाई जा रही है। कुछ स्थानों पर यह कार्य पूरा भी हो चुका है। वे शनिवार को 15 जनवरी को कांग्रेस के शुरू होने वाले घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस कार्यक्रम की तैयारी के सिलसिले में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। सभी नेता कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। आने वाला समय कांग्रेस का है और कांग्रेस भारी बहुमत के लिए सरकार बनाएगी। भाजपा के शासन से लोग परेशान हो चुके हैं। आने वाले समय में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इससे पूर्व उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया और कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जींद पांचों विधानसभा पर 107 दावेदार है, जबकि टिकट पांच को मिलनी है। दावेदारी करना सभी का अधिकार है। जिनको टिकट नहीं मिलती वे साथी उस साथी को मजबूत करें, जिसे पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

# महाराजा अग्रसेन का समाजवाद करता है निर्धनों का उत्थान : बजरंग गर्ग

## श्रीनिवास गुप्ता बने राष्ट्रीय संगठन मंत्री



**झज्जर ( हिंस )।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने शुक्रवार को बहादुरगढ़ में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक ली और समस्त समाज से महाराजा अग्रसेन के समाजवाद के सिद्धांत को हमेशा आगे रखने का आह्वान किया। बैठक में बजरंग गर्ग ने कहा कि वैश्य समाज के संगठन का राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर विस्तार किया जा रहा है। अग्रोहा महाराजा अग्रसेन की राजधानी थी और धर्म नगरी है। अग्रोहा के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने व टीले की खुदाई का काम करने की घोषणा करने के बावजूद अभी तक काम शुरू ना होने से देश के वैश्य समाज व आम जनता में बड़ी भारी नाराजगी है जबकि केंद्रीय रेल बजट में अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने की मंजूरी दिए 10 महीने हो चुके हैं मगर बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि अभी तक रेलवे लाइन का काम केंद्र सरकार द्वारा शुरू नहीं किया गया है जबकि अग्रोहा धाम में हर रोज हजारों लोग देश के कोने-कोने से दर्शन करने के लिए आते हैं। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, विकासपुरी दिल्लूी प्रधान रमेश बंसल व राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल ने श्रीनिवास गुप्ता को राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनने पर बधाई दी।

# मकर संक्रांति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मकर संक्रान्ति 14 जनवरी के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने अपने संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। सूर्य की आराधना का यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। मिश्र ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने इस पर्व पर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की है।

# रोहतक में कई जनप्रतिनिधि भाजपा में हुए शामिल

**रोहतक ( हिंस )।** जेजेपी के हलका अध्यक्ष व मासाखोर एसोसिएशन के प्रधान धर्मेंद्र सैनी और पुरानी सब्जी मंडी के प्रधान गगन कांगड़ा ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि सभी साथियों को पार्टी में पूरा मान सम्मान मिलेगा वहीं जेजेपी छोड़कर बीजेपी ज्वाइन करने वाले सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। सब्जी मंडी में आयोजित जॉइनिंग कार्यक्रम में दुकानदारों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में कोरोना जैसे मुश्किल हालात में भी देश की अर्थव्यवस्था पटरी से नहीं उतरी और आज भारत विश्व की पहले तीन स्थानों में आने के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर और गरीब व मध्यम वर्ग के हित में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू करके देश को नई दिशा देने का काम किया है, जिससे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में आज सभी दुकानदार और व्यापारी भयमुक्त होकर अपना बिजनेस कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, महामंत्री सुरेश किराड़, मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, पूर्व विधायक सरिता नारायण, रेनू डाबला, आशा शर्मा, मंडल अध्यक्ष बिट्टू भानकर, प्रशांत राणा, कालू मग्गू सुमित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# अंगदान की ऑनलाइन रजिस्ट्री में राजस्थान नंबर वन

**जयपुर ( हिंस )।** नेशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन के पोर्टल पर अंगदान की शपथ लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाने में राजस्थान प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। उल्लूेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में अंगदान की शपथ लेकर नोटो की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाने का आह्वान किया गया था। राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अंगदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिसके माध्यम से हम लोगों का जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अंगदान को लेकर जनचेतना बढ़ी है और लोग आगे बढ़कर अंगदान की शपथ ले रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में नवाचार के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में आमजन को अंगदान की ऑनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे आमजन में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. एसएन धौलपुरिया ने बताया कि शुक्रवार शाम तक 24 हजार 869 ऑनलाइन रजिस्ट्री के साथ राजस्थान प्रथम स्थान पर आ गया। देशभर में लगभग 1 लाख 25 हजार लोगों ने अब तक ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाई है।

# रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन गाय के गोबर से बने दीपकों से रोशन होंगे मंदिर



**जयपुर ( हिंस )।** अयोध्या में प्रस्तावित रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव बाईस जनवरी को जहां देशभर में उत्साह का माहौल है। वहीं राजस्थान में भी इस आयोजन को लेकर सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्थानीय निकायों ने भी अपने स्तर पर इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी कर ली है। इसी के तहत देवस्थान विभाग की ओर से राज्यभर के समस्त राजकीय मंदिरों में विशेष सजावट सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस दिन अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सभी मंदिरों में लाइव प्रसारण होगा। इसके अलावा मंदिरों में खासकर गाय के गोबर से बने दीपकों से रोशनी की जाएगी। वहीं, मंदिरों में सत्संग, सुंदरकांड या हनुमान चालीसा के पाठ होंगे। साथ ही महाआरती व देवी-देवताओं के मूर्तियों का श्रंगार किया जाएगा। आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण होगा। कुमावत ने बताया कि अयोध्या के महोत्सव को लेकर मंदिरों के बाहर होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। इन सब कार्यों के लिए देवस्थान विभाग की ओर से बजट आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को इस संबंध में देवस्थान विभाग के शासन उप सचिव अनिल कुमार शर्मा ने राजकीय व अराजकीय मंदिरों में उक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। निजी मंदिरों में निकायों और पंचायतों को व्यवस्था करने के निर्देश शहरों में पंचायत स्तर पर स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं को निजी मंदिरों में ये व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, जबकि जिला मुख्यालय पर बने राजकीय मंदिरों में देवस्थान विभाग और बड़े निजी मंदिरों में उपखंड अधिकारी या कलेक्टर स्तर पर व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए हैं।

# टाटा ने नूडल्स और चाय बेचने वाली दिग्गज ब्रांड्स पर लगाया दांव, 7000 करोड़ रुपये में हुई डील

TATA

TATA CONSUMER PRODUCTS LIMITED

**नई दिल्ली ।**
टाटा कंज्यूमर लिमिटेड ने चिंग्स सीक्रेट, स्मिथ एंड जोन्स के मालिक कैपिटल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड और फैबइंडिया समर्थित ऑर्गेनिक इंडिया को लगभग 7,000 करोड़ रुपये के दो अलग-अलग सौदों में खरीदने पर सहमति व्यक्त की है। कंपनी उच्च मार्जिन वाले व्यवसायों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना चाहती है। टाटा समूह की कंपनी ने अजय गुप्ता द्वारा स्थापित कैपिटल फूड्स को 5,100 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर चरणबद्ध तरीके से नकद सौदे के जरिए शेयर खरीद समझौता और शेयरधारकों के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, बोर्ड की मंजूरी के बाद कंपनी शुरू में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी, और शेष 25 प्रतिशत हिस्सेदारी तीन वर्षों में हासिल करेगी। फाइलिंग में यह कहा गया है कि यह अधिग्रहण कंपनी के खाद्य और पेय क्षेत्र में नई उच्च वृद्धि/आकर्षक मार्जिन श्रेणियों में प्रवेश करने के रणनीतिक इरादे के तहत किया जा रहा है। सौदे के अनुसार, 75 प्रतिशत इक्विटी शेयरधारिता का अधिग्रहण 31 मार्च, 2024 को या उससे पहले पूरा होने की उम्मीद है। शेष 25 प्रतिशत शेयरधारिता तीन साल के भीतर खरीदी जाएगी। कैपिटल गुड्स पैकेज्ड फूड और मसालों का कारोबार करता है और मुख्य रूप से ट्रेडमार्क चिंग्स सीक्रेट और स्मिथ एंड जोन्स ब्रांड के तहत चटनी, मसाला, सॉस, नूडल्स और सूप बनाती और बेचती है।

**ऑर्गेनिक इंडिया को 1,900 करोड़ रुपये में खरीदेगा टाटा**

कंज्यूमर टाटा कंज्यूमर लिमिटेड ने हेल्थ और वेलनेस प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 1,900 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ऑर्गेनिक इंडिया का अधिग्रहण करने की योजना बनाई है। एक्सचेंज को दी गई एक अलग सूचना के अनुसार कंपनी ने फैबइंडिया के साथ ऑल कैश डील के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। इक्विटी शेयरधारिता के 100 प्रतिशत तक का अधिग्रहण तीन महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। ऑर्गेनिक इंडिया के उत्पाद बेहतर टिकाऊ जीवन पर पर केंद्रित हैं, इनमें हर्बल सप्लीमेंट्स, चाय और इन्फ्यूजन, और ऑर्गेनिक पैकेज्ड फूड शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बीआरओ के लिए काम कर रहे दिहाड़ी मजदूरों को मिलेगा बीमा का लाभ, रक्षा मंत्री ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

श्रमेण सर्वम् साध्यम
Border Roads Organisation

**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लगाए गए दिहाड़ी मजदूरों के लिए मियादी बीमा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत, परियोजना कार्यों के दौरान किसी मजदूर की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को 10 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन/जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स द्वारा लगाए गए आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों (सीपीएल) के लिए चल रहे परियोजना कार्यों के लिए समूह (सावधि) बीमा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बयान में कहा गया है, यह योजना सीपीएल के परिवार/परिजनों को किसी भी तरह की मृत्यु की स्थिति में बीमा के रूप में 10 लाख रुपये का बीमित मूल्य प्रदान करेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह योजना देश के दूरदराज के क्षेत्रों में काम करने वाले सीपीएल के लिए एक सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी उपाय के रूप में काम करेगी। बयान के अनुसार, खतरनाक कार्यस्थलों पर तैनात सीपीएल के जीवन के लिए गंभीर जोखिम, खराब मौसम, दुर्गम इलाके और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों को ध्यान में रखते हुए और उनके काम के दौरान हुई मौतों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर बीमा कवरेज का प्रावधान एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला साबित होगा।

### ओपनएआई सीईओ सैम ऑल्टमैन ने ओलिवर मुलहेरिन से शादी कीः लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखा था, सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं मुलहेरिन

**सैन फ्रांसिस्को।** चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में




अपने लॉन्ग टाइम पार्टनर ओलिवर मुलहेरिन से शादी कर ली है। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। 38 साल के ऑल्टमैन ने लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखा था। सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें सर्कुलेट होने के बाद 38 साल के ऑल्टमैन ने एक टेक्स्ट में इस खबर की पुष्टि की। तस्वीरों में ऑल्टमैन को मुलहेरिन की उंगलियों पर अंगूठी पहनाते हुए दिखाया गया है। ऑल्टमैन और मुलहेरिन दोनों सफेद शर्ट में दिख रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में कपल को यहूदी वेडिंग रिचुअल के हिस्से के रूप में कांच तोड़ते हुए दिखाया गया है। वो डिनर टेबल पर भी दिख रहे हैं। इन तस्वीरों से पता चलता है कि शादी किसी ट्रॉपिकल बीच लोकेशन पर हुई है, जो पाम के पेड़ों से घिरी हुई है। गेस्ट भी काफी कम है। ऑल्टमैन ने कहा था कि यह कपल जल्द ही बच्चे पैदा करना चाहता है। पिछले साल, ऑल्टमैन और मुलहेरिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित किए गए डिनर में पहुंचे थे।

### बैंकों का जमा सात साल में हुआ दोगुना, पहली बार पहुंचा 200 लाख करोड़ के पार

**मुंबई ।** देश के बैंकों में जमा रकम सात साल में दोगुनी हो गई है। बैंकों की जमा राशि पहली बार 200 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। इससे पता चलता है कि 5-6 फीसदी ब्याज के बावजूद बैंकों में रकम जमा करने पर लोगों का भरोसा अब भी कायम है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर, 2016 में बैंकों में कुल जमा रकम 100 लाख करोड़ रुपये थी। इसमें सालाना आधार पर 9.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह भारतीय बैंकों में जमा पैसे का सबसे कम समय में 100 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का आंकड़ा है। 29 दिसंबर, 2023 तक बैंक डिपॉजिट का आंकड़ा 200.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह 2022 के मुकाबले 13.2 फीसदी बढ़ा है। बैंक जमा में ऐसे समय में भी तेजी आई है, जब लोग बड़े पैमाने पर म्यूचुअल फंड और शेयरों में निवेश कर रहे हैं। शेयर बाजार का पूंजीकरण जहां 373 लाख करोड़ है, वहीं म्यूचुअल फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य पहली बार 50 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। फंड हाउसों का एयूएम 10 साल में छह गुना बढ़ा है। पिछले साल इसमें 10 लाख करोड़ की तेजी आई है। आरबीआई के मुताबिक, बैंकों में जमा रकम में से 176 लाख करोड़ रुपये टर्म डिपॉजिट व बाकी पैसा बचत एवं चालू खाते में है। बैंकों ने इस दौरान 159.6 लाख करोड़ रुपये कर्ज दिया है। इसमें 2022 के मुकाबले करीब 20 फीसदी इजाफा हुआ है। साल 1997 में बैंकों में जमा रकम 5.1 लाख करोड़ थी। चार साल में यह 10 लाख करोड़ हो गई। इसके बाद मार्च, 2006 में यह रकम दोगुनी होकर 20 लाख करोड़ हो गई।

# किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में हो सकता है बड़ा एलान

**नई दिल्ली ।**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में पेश करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमण इस बार छठवीं बार बजट पेश करेंगी। हालांकि इस साल आम चुनाव होने हैं इस लिए इस बार वित्त मंत्री की ओर से पेश किया जाने वाला बजट एक अंतरिम बजट होगा। आम चुनावों के बाद जब नई सरकार का गठन होगा, उसके बाद फिर से पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। जानकारों का मानना है कि इस बार के अंतरिम बजट के जरिए सरकार अगले वित्त वर्ष में किए जाने वाले विकास का खाका पेश कर सकती है, ऐसे में देश के हर वर्ग के लोगों को बजट से काफी उम्मीदें हैं। इनमें गरीब, युवा, किसान, महिलाएं, कारोबारी और नौकरीपेशा तबका भी शामिल है।




**चुनावी साल में क्या किसानों और महिलाओं के लिए सरकार करेगी बड़ा एलान**

आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि इस साल होने वाले आम चुनावों को देखते हुए अंतरिम बजट 2024 किसानों और महिलाओं के लिए बहुत खास हो सकता है। उनके लिए इस बार के बजट में सरकार की ओर से अहम एलान किए जा सकते हैं। आइए जानते हैं उन अहम बदलावों के बारे में जिनका एलान मोदी सरकार अंतरिम बजट के दौरान कर सकती है।

**किसानों के लिए अंतरिम बजट में क्या होगा**

कृषि क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इस बार के बजट में सरकार किसान सम्मान निधि की राशि में बढ़ोतरी का एलान कर सकती है। किसान सम्मान निधि को वर्तमान के 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 से 9000 तक किया जा सकता है। इस बार के बजट में सरकार नेशनल पेंशन स्कीम यानी एनपीएस को आकर्षक बनाने का एलान कर सकती है। इस बार के अंतरिम बजट में सरकार का फोकस आम लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बढ़ावा देने पर हो सकता है। साल 2024 के अंतरिम बजट में मोदी सरकार किसानों के फसल के साथ-साथ स्वास्थ्य और जीवन बीमा योजनाओं का भी प्रस्ताव ला सकती है।

**महिलाओं को इस बार बजट में क्या मिल सकता है**

इस बार के अंतरिम बजट में महिलाओं के लिए भी बजट का आकार बढ़ाया जा सकता है। पिछले 10 वर्षों में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर बजट खर्ज का दायरा 30 प्रतिशत तक बढ़ा है। इस बार के अंतरिम बजट में सरकार डायरेक्ट कैश ट्रांसफर जैसी योजना का एलान कर सकती है। महिलाओं की कौशल विकास योजना का भी एलान किया जा सकता है। संभव है कि महिला किसानों के लिए सम्मान निधि के रूप में सालाना 12 हजार रुपये तक की राशि देने का एलान किया जाए। मनरेगा के लिए महिलाओं को विशेष आरक्षण और अधिक मानदेय देने की भी उम्मीद है। इसके लिए महिलाओं को ब्याज रहित लोन देने का भी प्रस्ताव लाया जा सकता है।

**31 जनवरी आर्थिक सर्वेक्षण में गुजरे साल का हिसाब-किताब देगी सरकार**

सरकार अंतरिम बजट से पहले 31 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण पेश कर सकती है। इस बार संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और 9 फरवरी तक चलेगा। 31 जनवरी को राष्ट्रपति का अभिभाषण होना है। इस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के संबोधन के बाद इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी पेश किया जाएगा। आर्थिक सर्वे सरकार का वह लेखा-जोखा होता है जिसमें देश के पिछले एक साल के हिसाब-किताब के आधार पर अगले साल का बजट तैयार करने की रूपरेखा बनाई जाती है।

**आर्थिक सर्वे से पता चलेगा आने वाले साल में क्या होगा महंगा, क्या सस्ता**

आर्थिक सर्वे से यह पता चलता है कि पिछले एक साल से अंदर देश की अर्थव्यवस्था ने कैसा प्रदर्शन किया। आर्थिक मोर्चों पर नफा या नुकसान हुआ इसका पता भी आर्थिक सर्वेक्षण से ही चलता है। इसी सर्वे के आधार पर यह तय किया जाता है कि आने वाले साल में देश की अर्थव्यवस्था में क्या-क्या बदलाव किए जा सकते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर यह पता लगाया जाता है आने वाले वित्तीय वर्ष में क्या महंगा या फिर क्या सस्ता हो सकता है।

# चीन से संबंध को लेकर भारतीय कंपनी पर कार्रवाई, सरकार ने लगाया 21 लाख से अधिक का जुर्माना



**नई दिल्ली ।**
रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने एक भारतीय कंपनी और उससे संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं पर कुल 21 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। इन सभी पर एक चीनी समूह के लाभकारी स्वामित्व संबंधों को छिपाने के आरोप में बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, भारतीय कंपनी मेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया गया है कि चीन और हांगकांग में मेटेक ग्रुप ऑफ कंपनीज की इकाइयों के साथ नए समझौते नहीं किए जाएं। इस मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि मेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने खुद को एक स्टैंडअलोन इकाई के रूप में चित्रित किया था, जिसमें दो विदेशी नागरिकों और एक भारतीय नागरिक की शेयरधारिता थी। विदेशी नागरिकों की पहचान चेन फियान और यांग वेन के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने चीन की मेटेक ग्रुप की कंपनियों के साथ किसी भी रिश्ते से इनकार किया है। उनका दावा है कि रिश्ता केवल सामान खरीदने तक ही सीमित है। लेकिन अधिकारी के मुताबिक कंपनी वास्तव में चीन की मेटेक ग्रुप ऑफ कंपनीज की एक समूह कंपनी के रूप में काम कर रही थी। बता दें कि आरओसी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत आता है। वहीं, इन उल्लंघनों के लिए, दिल्ली और हरियाणा के आरओसी, एनसीटी ने कंपनी और व्यक्तियों सहित विभिन्न संस्थाओं पर जुर्माना लगाया है। शेयरों में लाभकारी हित की घोषणा से संबंधित कंपनी कानून की धारा 89 के तहत, आरओसी ने चीन के मेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और तीन व्यक्तियों - चेन फियान, यांग वेन और विकास भारद्वाज पर कुल 10,21,600 रुपये का जुर्माना लगाया है। 8 जनवरी के आदेश के अनुसार, उनमें से प्रत्येक को 2,55,400 रुपये का जुर्माना देना होगा। इसके अलावा, धारा 90 का उल्लंघन करने के लिए 11,16,200 रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जो किसी व्यक्ति को यह घोषित करने की आवश्यकता से संबंधित है कि वह एक महत्वपूर्ण लाभकारी मालिक है। आदेश के मुताबिक, भारतीय कंपनी मेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड पर कुल 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

# ट्रेडिंग अकाउंट को फ्रीज करने की सुविधा देगा सेबी : इसके लिए 1 अप्रैल तक तैयार होगा फ्रेमवर्क, संदिग्ध गतिविधि रोकने में मिलेगी मदद

**मुंबई ।**
सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी इन्वेस्टर्स को उनकी मर्जी से ट्रेडिंग अकाउंट को फ्रीज या ब्लॉक करने की सुविधा देने जा रहा है। सेबी ने सर्कुलर जारी करते हुए कहा कि ट्रेडिंग अकाउंट का अनऑथराइज्ड ऑनलाइन एक्सेस रोकने के लिए इन्वेस्टर्स को उसे फ्रीज या ब्लॉक करने की सुविधा देने के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।



सेबी के परामर्श से ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स फोरम इसके लिए 1 अप्रैल 2024 तक या उससे पहले फ्रेमवर्क तैयार करेगी, जिसमें जरूरी दिशानिर्देश भी शामिल होंगे। इसके बाद स्टॉक एक्सचेंज सुनिश्चित करेंगे कि फ्रेमवर्क के तहत जारी किए गए जारी दिशानिर्देशों को 1 जुलाई 2024 से लागू किया जाए।

**सेबी ट्रेडिंग अकाउंट को ब्लॉक करने की सुविधा क्यों देना चाहती है** - सेबी ने कहा कि भारत में स्टॉक ब्रोकिंग इंडस्ट्री कॉल एंड ट्रेड से बदलकर ऑनलाइन मोड में बदल गया है, जिसमें इन्वेस्टर को लॉगिन आईडी और पासवर्ड का यूज करते हैं। कई बार यह देखा गया है कि इन्वेस्टर के ट्रेडिंग अकाउंट में संदिग्ध गतिविधियां होती हैं, लेकिन अधिकांश ट्रेडिंग मेंबर्स के पास अकाउंट फ्रीज या ब्लॉक करने की सुविधा नहीं होती है। इसीलिए सभी इन्वेस्टर्स के लिए यह सुविधा लाने की तुरंत जरूरत है। अभी एटीएम कार्ड और क्रेडिट कार्ड को इस तरह ब्लॉक करने की सुविधा अवेलेबल है।

**ट्रेडिंग अकाउंट क्या होता है** - ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए स्टॉकब्रोकर के पास एक अकाउंट खुलवाना पड़ता है। ट्रेडिंग अकाउंट एक इंटरफेस होता है जो शेयरों की खरीद और बिक्री की अनुमति देता है। यह इन्वेस्टर्स के बैंक अकाउंट और डीमैट अकाउंट के बीच एक इंटरफेस के रूप में काम करता है। इसी अकाउंट के माध्यम से खरीदे गए शेयरों को किसी के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट किया जाता है।

# लोहड़ी से पहले महंगा हुआ सोना और सस्ती हुई चांदी, चेक करें आपके शहर में क्या है लेटेस्ट रेट

**नई दिल्ली ।**
12 जनवरी 2024 को गोल्ड-सिलवर के नए रेट जारी हो गए हैं। कल पूरे देश में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाएगा। ऐसे में हर त्योहार के सीजन में देश में सोने-चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। बाजार में सोना महंगा हुआ है लेकिन चांदी सस्ती हो गई है। अगर आप भी गोल्ड और सिल्वर खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको अपने शहर के लेटेस्ट रेट को जरूर चेक करना चाहिए।

**सोना हुआ महंगा** - एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार वैश्विक स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 130 रुपये बढ़कर 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। पिछले कारोबार में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर सोने का फरवरी कॉन्ट्रैक्ट 541 रुपये चढ़कर 62,329 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना बढ़त के साथ 2,038 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

**सस्ता हुआ सिल्वर** - चाँदी 300 रुपये गिरकर 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इस बीच वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर चांदी का मार्च कॉन्ट्रैक्ट 695 रुपये उछलकर 72,049 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी गिरावट के साथ 22.92 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर थी।



**कहां सबसे सस्ता है गोल्ड और सिल्वर**

- दिल्ली में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 63,100 रुपये है।
- जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 63,100 रुपये में बिक रहा है।
- पटना में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 63,000 रुपये है।
- कोलकाता में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 62,950 रुपये है।
- मुंबई में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 60,950 पर बिक रहा है।
- बेंगलुरु में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 62,950 रुपये का है।
- हैदराबाद में 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 62,950 रुपये का है।
- चंडीगढ़ में सोने की कीमत 63,100 रुपये है।
- लखनऊ में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का रेट 63,100 रुपये है।

# ईडी ने महादेव एप धनशोधन मामले में दो और लोगों को किया गिरफ्तार, ये हैं आरोप

**नई दिल्ली ।**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग एप मामले में धन शोधन की जांच के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि नितिन टिबड़ेवाल और अमित अग्रवाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया और रायपुर में एक विशेष अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि अदालत ने उन्हें 17 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। टिबड़ेवाल पर मामले के एक आरोपी विकास चप्परिया का करीबी सहयोगी होने का आरोप है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि उन पर दुबई में कुछ अघोषित संपत्तियां खरीदने और एक एफपीआई कंपनी में बहुलांश शेयरधारक होने का आरोप है। एजेंसी को संदेह है कि ये संपत्तियां महादेव ऐप के मुनाफे से उत्पन्न अपराध की आय का उपयोग करके खरीदी गई थीं। सूत्रों ने बताया कि अमित अग्रवाल मामले के एक अन्य




आरोपी अनिल कुमार अग्रवाल का रिश्तेदार है। अमित अग्रवाल पर आरोप है कि उसने अनिल कुमार अग्रवाल से महादेव ऐप फंड प्राप्त किया था और कहा जाता है कि उसकी (अमित अग्रवाल की) पत्नी ने मामले के एक अन्य आरोपी अनिल दममानी के साथ मिलकर कई संपत्तियां खरीदी थीं। ईडी ने पिछले साल छप्परिया और अनिल अग्रवाल की दुबई स्थित दो अचल संपत्तियां, एक फ्लैट और एक भूखंड जब्त किया था, जिनकी कीमत 99.46 करोड़ रुपये है। एजेंसी ने पहले कहा था कि एप से उत्पन्न कथित अवैध धन का उपयोग राज्य में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया। एजेंसी ने कई मशहूर हस्तियों और बॉलीवुड अभिनेताओं को ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच के साथ उनके संबंधों और भुगतान के तरीके पर पूछताछ के लिए तलब किया था। ईडी ने अब तक इस मामले में दो आरोपपत्र दायर किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ आरोप पत्र शामिल हैं। ईडी के कहने पर जारी इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर दोनों को हाल ही में दुबई में हिरासत में लिया गया था और एजेंसी उन्हें यूएई से भारत प्रत्यर्पित करने या प्रत्यर्पित करने की कोशिश कर रही है।

### ब्लैकरॉक ने बायजू का मूल्यांकन घटाकर एक अरब डॉलर किया, अब तक हो चुकी है 95 प्रतिशत की कटौती

BYJU'S

**नई दिल्ली ।** ब्लैकरॉक ने बायजू में अपनी होल्डिंग के मूल्य में फिर से कटौती की है, भारतीय शिक्षा तकनीक स्टार्टअप के निहित मूल्यांकन को 2022 की शुरुआत में निर्धारित 22 बिलियन डॉलर से घटाकर 1 बिलियन डॉलर कर दिया है। टेकक्रंच ने एसेट मैनेजर की ओर से किए गए खुलासे का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। ब्लैकरॉक, जिसकी बायजू में 1 प्रतिशत से भी कम की हिस्सेदारी है ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वहीं बायजू ने भी इस मामले में टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेक निवेशक प्रोसस एनवी ने पिछले साल नवंबर में बायजू का मूल्यांकन 3 अरब डॉलर से कम किया था, जब ब्लैकरॉक ने मई में इसका मूल्यांकन लगभग 8.4 अरब डॉलर कर दिया था। कई झटकों के बीच, बायजू को नवंबर के अंत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से भी एक नोटिस मिला था। विदेशी मुद्रा कानूनों के कथित उल्लंघन के लिए उस पर जुर्माना लगाए जाने की आशंका है। पिछले एक साल के दौरान बायजू के निवेशकों ने कई बार इसके मूल्यांकन में कटौती की है। प्रोसस और ब्लैकरॉक सहित शेयरधारकों ने मार्च में बायजू के मूल्यांकन में क्रमिक रूप से 11 बिलियन डॉलर, मई में 8 बिलियन डॉलर और जून में 5 बिलियन डॉलर की कटौती की है।

# फिल्म द केरल स्टोरी होने जा रही ओटीटी पर रिलीज

### -बॉक्स ऑफिस पर किया था 245 करोड़ का कारोबार




**मुंबई (ईएमएस)।** आखिरकार फिल्म द केरल स्टोरी ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। पहले इस फिल्म को कोई भी ओटीटी प्लेटफार्म खरीदने को तैयार नहीं था। अब जाकर इस एक ओटीटी प्लेटफार्म ने खरीदा है। द केरल स्टोरी में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी और सिद्धि इदनानी मुख्य भूमिकाओं में थी। हालांकि रिलीज के बाद मूवी काफी विवादों में भी घिर गई थी। अब फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जी5 ने द केरल स्टोरी के ओटीटी राइट्स सफलतापूर्वक हासिल कर लिए हैं। फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होगी। द केरल स्टोरी का ओटीटी डेब्यू जनवरी 2024 में होगा। हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है। पहले कहा जा रहा था कि फिल्म को पहले कोई ओटीटी खरीदार नहीं मिल रहे थे। जबरन धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के विषय पर आधारित फिल्म द केरल स्टोरी को विशेष रूप से केरल में राजनीतिक दलों से भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। द केरल स्टोरी को पश्चिम बंगाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था और विवाद के कारण इसे तमिलनाडु के सिनेमाघरों से हटा दिया गया था। केरल स्टोरी केरल की एक हिंदू महिला की कहानी है, जो पढ़ाई के लिए हॉस्टल रहने जाती है और उसका ब्रेनवॉश कर दिया जाता है। उसे सीरिया भेज दिया जाता है, जहां उसे आईएसआईएस आतंकवादी संगठन में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। बता दें कि सुदीप्तो सेन निर्देशित फिल्म द केरल स्टोरी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म 5 मई, 2023 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी और ये सुपरहिट हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 245 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी।

# मेरा हुआ है कलंक से सामना : सनी लियोनी



**मुंबई (ईएमएस)।** दक्षिण भारत की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना से पहले बॉलीबुड अभिनेत्री सनी लियोनी आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस यानी एआई का शिकार हो चुकी हैं। उन्होनें अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा भी इस कलंक से सामना हो चुका है। सनी के खुलासे से नेटिजन्स हैरान और चिंतित हो गए। सनी कहा कहना कि उनका भी एक डीप फेफ वीडियो काफी वायरल हुआ था। सनी लियोन ने हाल ही में तर्क दिया कि उनके साथ भी पहले ऐसा हो चुका है। सनी ने उल्लेख किया कि भले ही कोई बहुत अधिक सावधानियां नहीं बरत सकता, लेकिन ऐसी घटनाएं होने पर कोई हमेशा शिकायत दर्ज कर सकता। सनी ने कहा कि यह एक खतरा है जो लंबे समय से चला आ रहा है।यह कोई हालिया मुद्दा नहीं है, जैसा कि कई लोग मानते हैं। ये चीजें मेरे साथ हुई हैं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचती। मैं इसे मनोवैज्ञानिक या मानसिक रूप से प्रभावित नहीं होने देती। लेकिन कुछ यंग लड़कियां भी होती हैं जिन्हें कभी-कभी कलंक का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि यह उनकी गलती नहीं है। उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। अगर ऐसा कुछ होता है, तो वे हमेशा साइबर सेल में जा सकते हैं और अधिकारियों को इस मामले के बारे में जानकारी दे सकते हैं।सनी ने कहा, लड़कियां को जाकर अपनी शिकायत में ये बताना होगा कि आपकी पहचान और समानता का दुरुपयोग किया गया है। पुलिस कार्रवाई करेगी। और यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी, तकनीकी सहायता उपलब्ध है जहां आप इन मुद्दों की रिपोर्ट कर सकते हैं।

बता दें कि रश्मिका मंदाना को एक लिफ्ट में एंटर करते हुए दिखाया गया था। क्लिप के ट्रेंड होने के तुरंत बाद, यह पाया गया कि यह वास्तव में ब्रिटिश-भारतीय जारा पटेल का वीडियो था। डीप फेक तकनीक का उपयोग करके इमेज के साथ छेड़छाड़ की गई और उसके बाद आया रिजल्ट बेहद चौंकाने वाला था।

इसमें जारा के चेहरे पर एक्ट्रेस का फेस लगा दिया गया था। इसके बाद सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर जाकर कानूनी कार्रवाई की मांग की इसके डीपफेक वीडियो ने सबका ध्यान खींचा। बाद में, नानी, विजय देवरकोंडा, नागा चैतन्य और मृणाल ठाकुर सहित कई मशहूर हस्तियों ने भी वायरल वीडियो पर चिंता व्यक्त की। डीप फेक वीडियो के बारे में बहुत कल लोगों को पता है कि यह कितना घातक है। ऐसी वीडियो में असल इंसान की शक्ल पर दूसरे इंसान का चेहरा लगा दिया जाता है। लोग इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से करते हैं। फोटो और वीडियो के साथ इस तरह से छेड़छाड़ की जाती है कि मालूम ही नहीं लग पाता कि ये असली है या नकली।

# रश्मिका के अंदाज से नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

### -3 लाख का पर्स, 63,000 की जालीदार ड्रेस



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के अंदाज से उसके फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस के पास कई लग्जरी और महंगी चीजें है। ब्राउन और ब्लैक लेदर वाला एक लुई वुइटन मीडियम मॉडल बैग है, जिसकी कीमत लगभग 3 लाख से ज्यादा है। इस महंगी बैग का इस्तेमाल रश्मिका अक्सर बाहर जाने पर करती हैं। यह उनके पास कुछ सबसे शानदार और महंगे हैंडबैग में से एक है। अभिनेत्री के पास जिम्मरमैन लवलोर्न फ्लोरल फ्लटर ड्रेस है जिसमें वे एक बेबी डॉल की तरह देखी जा सकती हैं जो कि एक लोकप्रिय फैशन ब्रांड है। फ्लोरल ड्रेस की कीमत 63,000 रुपए के करीब है। इसमें वे काफी अट्रैक्टिव दिख रही हैं और फैंस उनके इस अंदाज से नजरें नहीं हटा पा रहे। अभिनेत्री के पास मर्सिडीज बेंज सी क्लास भी है, जिसकी कीमत 50 लाख रुपये है। उनके पास एक और महंगी कार बताई गई है, जिसकी कीमत 45 लाख रुपए है। उनके पास एक रेंज रोवर, एक टोयोटा इनोवा और एक हुंडई क्रेटा भी है।

रश्मिका मंदाना के पास बेंगलुरु में एक आलीशान विला भी है, जिसकी कीमत कथित तौर पर 8 करोड़ रुपए है। उनके पास मुंबई में एक आलीशान घर भी है, हालांकि संपत्ति की कीमत के बारे में बहुत कम जानकारी है। यह शहर के सबसे महंगे घरों में से एक है। वहीं बात अगर महंगी चीजों से हटकर रश्मिका के वर्कफ्रंट को लेकर करें तो वे आखिरी बार रणबीर कपूर के साथ एनिमल में देखी गई थीं जो कि एक बड़ी ब्लॉकबस्टर निकली। फिलहाल वे अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं।


# बड़े मियां छोटे मियां का लुक शेयर किया अक्षय ने



बालीवुड की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां इस वर्ष ईद के अवसर पर रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ ने प्रमुख भूमिका निभाई है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर बड़े मियां छोटे मियां का लुक शेयर किया है। तस्वीर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ दोनों ही बेहद स्टाइलिश अंदाज में एक हेलीकाप्टर के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। जहां अक्षय ने फुल-स्लीव्स की टीशर्ट पहन रखी है, वहीं टाइगर अपने बाइसेप्स को दिखाते नजर आ रहे हैं। अक्षय ने कैप्शन में लिखा, फिल्म की रिलीज को अब बस तीन महीने बचे हैं। उन्होने बताया कि बड़े मियां छोटे मियां इस साल ईद पर रिलीज हो रही है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।


# बच्चों को हिंदी भाषा सीखनी चाहिएः शुभांगी अत्रे

### -शूटिंग के दौरान मिला हिंदी मुहावरे कहने का मौका



**मुंबई (ईएमएस)।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भाभीजी घर पर हैं की अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया कि उन्हें शो की शूटिंग के दौरान आकर्षक हिंदी मुहावरे कहने का मौका मिला। अभिनेत्री ने कहा कि आज के बच्चों को हिंदी भाषा सीखनी चाहिए और उसका आनंद लेना चाहिए। शुभांगी ने कहा, शूटिंग के दौरान मुझे कई मशहूर हिंदी मुहावरे सुनने को मिले, जिनका इस्तेमाल हम अक्सर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और शो के सीन के बीच में करते हैं। मुझे प्रसिद्ध हिंदी मुहावरा धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का याद है, जिसे मुझे एक दृश्य में विभूति (आसिफ शेख) पर इस्तेमाल करना था। हिंदी मुहावरों का अर्थ समझाते हुए अभिनेत्री ने कहा, एक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति कभी एक जगह नहीं टिकता, वह सफल नहीं होगा। दूसरा यह है कि जो व्यक्ति हमेशा चलता रहता है, जिसकी जड़ें एक जगह नहीं होती, वह जिम्मेदारियों से बचता है। कस्तूरी फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, हम अपने शो में रोजाना ऐसी कई कहावतों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, जिसका मतलब है किसी ऐसे व्यक्ति को उपयोगी या मूल्यवान चीज देकर अपना समय बर्बाद करना है, जो इसकी सराहना या समझ नहीं करता है। सेट पर हम अक्सर ऐसी मजेदार कहावतों और मुहावरों का प्रयोग मजेदार मजाक के रूप में नियमित रूप से करते हैं।शुभांगी ने हिंदी को वास्तव में सीखने के लिए एक अद्भुत भाषा बताते हुए कहा, आज के बच्चों को इसे सीखना चाहिए और इसका आनंद लेना चाहिए, जैसे उन्हें अंग्रेजी बोलने में आनंद आता है।

# एथनिक लुक में मिसैज आहूजा ने ढहाया कहर



**मुंबई (ईएमएस)।** सोनम कपूर बॉलीवुड की एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं, जो अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में रहती हैं। इन दिनों सोनम काम से दूर अपनी फैमिली पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। वह अक्सर अपनी फैमिली को लेकर खास पोस्ट शेयर करती रहती हैं। हाल ही में सोनम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति आनंद आहूजा संग कुछ एथनिक लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोनम ने अपने पति संग इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- सबसे शानदार डेट...मैंने एक परफेक्ट जेंटलमैन से शादी की। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि सोनम अपने पति संग सुपर पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं आनंद अपनी पत्नी को किस करते दिख रहे हैं तो कहीं अपनी बाहों में लेकर जबरदस्त केमिस्टी बना रहे हैं। जबकि अन्य फोटोज में एक्ट्रेस कातिलाना पोज देती दिख रही हैं। इस दौरान सोनम का ट्रेडिशनल लुक देखने को मिल रहा है। पफी स्लीव वाले ब्लाउज के साथ उन्होंने येलो साड़ी पहनी है। साड़ी के ऊपर से सोनम ने कढ़ाई वाला बास्कट पहना है। गले में नेकलेस, बल्कै इयररिंग्स और लो बन से लुक को कंप्लीट करती एक्ट्रेस का एक दम शानदार लुक देखने को मिल रहा है। वहीं, उनके पति आनंद व्हाइट कुर्ता पैजामा के साथ ब्राउन बास्कट से अपने लुक को कंप्लीट करते नजर आ रहे हैं।

# अवेज के घुटने में लगी चोट, शो को कहेंगे अलविदा



डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के लिए अपने दूसरे एक्ट की रिहर्सल करते समयट्यूब सेंसेशन और डांस क्रिएटर अवेज दरबार के घुटने में चोट लग गई, जिसके चलते उनके दाहिने पैर पर एमसीएल टियर ग्रेड 3 आ गया। इस वजह से वह डांसर रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बने सकेंगे। एक परफॉर्मेंस के बाद ही डांस शो झलक दिखला जा को अलविदा कह देंगे। उन्हें फिर से डांस शुरू करने में कम से कम 2 महीने लगेंगे। अवेज ने पिछले हफ्ते रियलिटी शो के सेट पर अपने परफॉर्मेंस से झलक दिखला जा के जजों को इंप्रेंस किया। क्रिएटर ने वाइल्ड कार्ड के रूप में डांस शो में एंट्री की। उन्होंने फिल्म सिम्बा के गाने आला रे आला पर पावर-पैक परफॉर्मेंस दी और जजों से 27 का स्कोर हासिल किया। डांस इंडस्ट्री में बड़ा नाम कमाने के अपने सपने की दिशा में काम करने के साथ-साथ, अवेज ने 2014 में अपनी यूट्यूब और इंस्टाग्राम जर्नी शुरू की।

# ऑस्कर लाइब्रेरी के कोर कलेक्शन में शामिल जोराम का स्क्रीनप्ले




बालीवुड फिल्म जोरम के स्क्रीनप्ले को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की लाइब्रेरी ने इसके परमानेंट कोर कलेक्शन के लिए हासिल कर लिया है। जोरम देवाशीष मखीजा द्वारा लिखित और निर्देशित है, और अनुपमा बोस और मखीजाफिल्म के सहयोग से जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में एक्टर मनोज बाजपेयी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। एकेडमी अपने कोर कलेक्शन में स्क्रीनप्ले जोड़ता है जो रिसर्च के उद्देश्य से छात्रों, फिल्म निमार्ताओं, लेखकों, अभिनेताओं और सिनेमा के क्षेत्र के अन्य लोगों के लिए सुलभ हैं। इन सालों में, इस कलेक्शन में साल 1910 से लेकर वर्तमान तक 11,000 से ज्यादा निर्मित फिल्मों की स्क्रिप्ट शामिल हो गई है। इस पर टिप्पणी करते हुए, लेखक-निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा, जोराम को बनाने के लिए प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पड़ी। हम यह देखकर रोमांचित हैं कि फिल्म के स्क्रीनप्लेस एकेडमी लाइब्रेरी के परमानेंट कोर कलेक्शन का हिस्सा बन गई है। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान से यह सम्मान दुर्लभ, बहुमूल्य और विनम्र है। एकेडमी को हमारा हार्दिक धन्यवाद।

# इमरान हाशमी ने खरीदी नई रोल्स-रॉयस, वीडियो वायरल



इमरान हाशमी अपनी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में रहे थे, लेकिन अब वह एक अलग वजह से खबरों में हैं। इमरान नए साल में नई लग्जरी कार लेकर आए हैं। इमरान ने भारत की सबसे महंगी रोल्स-रॉयस घोस्ट ब्लैक बैज कार खरीदी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस कार की कीमत 12.25 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इमरान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह नई कार में बैठे नजर आ रहे हैं। पेपराजी ने इमरान को मुंबई में नई कार के साथ देखा। दरअसल, इमरान को नई और महंगी कारों का बहुत शौक है। उनके पास लेम्बोर्गिनी ह्यूराकन टेक्निका (3 करोड़ रुपये), रेंज रोवर वोग (1.7 करोड़ रुपये), मर्सिडीज एस-क्लास (1.9 करोड़ रुपये), ऑडी ए8 एल (1.5 करोड़ रुपये) और 55 लाख की बीएमडब्ल्यू 5-सीरीज भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 105 करोड़ है। वर्क फ्रंट की बात करें तो इमरान हाशमी आखिरी बार फिल्म 'टाइगर-3' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य विलेन की भूमिका निभाई थी। अब इमरान 'डॉन-3' में विलेन का किरदार निभाएंगे। 'डॉन-3' में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने किया है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में आने की संभावना है।

# वाणी के साथ मजेदार सेल्फी शेयर की राशि ने



बालीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर के साथ अपनी दोस्त राशि खन्ना ने मजेदार तस्वीरें शेयर की, जिसमें उनके मेकअप ट्यूटोरियल की झलक दिखाई गई। राशि ने इंस्टाग्राम पर वाणी के साथ वैनिटी से दो मिरर सेल्फी शेयर की। तस्वीरों में राशि पेस्टल पिंक स्वेटर और छोटी चेकर्ड स्कर्ट पहने नजर आ रही हैं। वाणी एक ऊंची कुर्सी पर बैठी हैं और उन्होंने ब्लू कलर की ड्रेस पहनी हुई है। दोनों कैमरे के लिए खुलकर पोज दे रही हैं। तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, यह तब होता है जब आप मेकअप ट्यूटोरियल को दोस्ती और कैमरे के साथ मिलाते हैं। उन्होंने पोस्ट को फिल्म दोस्ताना में विशाल और शेखर द्वारा गाए गए ट्रैक जाने क्यों का म्यूजिक दिया। राशि की अगली फिल्म अरनमनई 4, योद्धा और मेथावी पाइपलाइन में हैं। दूसरी ओर, वाणी, जिन्हें आखिरी बार रणबीर कपूर-स्टारर शमशेरा में देखा गया था, उनकी झोली में रेड 2 और मंडला मर्डर्स हैं। बता दें कि राशि रुद्र, फर्जी, ऑक्सीजन, मद्रास कैफे और अन्य प्रोजेक्ट्स में काम कर चुकी है। देश भर में आज उनकी जबदस्त फैन फालोईग भी है।

## सूडोकु नवताल- 6672

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6671 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्दजाल - 7419

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | पु | र्त | गा | ल | ह | ट | झ | क | स्वि |
| यू | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | ट |
| ना | र | ह | इं | ग्लैं | ड | ज | बे | ला | ल | ज |
| न | म | दा | लैं | ल | क | र्म | हा | दा | र | र |
| टा | रा | र | ड | हा | मि | नी | चि | स | र | लैं |
| ह | बु | प | व | दा | ला | ट | वि | या | न | ड |
| ट | ल्गा | डे | अं | र | वी | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | रि | वा | न | क | छ | सौ | न | हा | लैं | ड |
| स | या | तें | व | मा | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | र्क | ऐ | स्वी | ड | न | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

*शब्द जाल में उन 10 देशों के नाम ढूंढिए जिन्होंने यूरो कप-2004 में भाग लिया था. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

पुर्तगाल, हालैंड, यूनान, स्वीडन, डेनमार्क, इंग्लैंड, जर्मनी, बुल्गारिया, लाटविया, स्विटजरलैंड

### शब्दजाल - 7418 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | अ | मे | अ | आ | स्ट्रे | लि | या | र | प | जा |
| न | ट | क | मे | इं | डो | ने | ग | ति | मा | पा |
| अ | दा | ली | रि | मा | ग | ची | द | ह | प | न |
| जी | ग | ल | का | द | न | स | न | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | क्षि | मे | ह | का | न | दे |
| ज | र्म | नी | र | व | प | ण | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | ग्रे | ला | को | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | ट | रा | रि | वि | ला |
| क | फ्रां | बा | रू | स | का | र | ब्रि | न | या | दे |
| र | स | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स | टे | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | न | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-6372

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6371 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# एडिलेड इंटरनेशनल : लेहेका ने ड्रेपर को हराकर ट्रॉफी जीती

**एडिलेड।**

22 वर्षीय चेक सनसनी जिरी लेहेका ने एडिलेड इंटरनेशनल में जैक ड्रेपर के खिलाफ अपना पहला एटीपी टूर खिताब सुरक्षित करने के लिए अपने लचीलेपन और मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। लेहेका की 4-6, 6-4, 6-3 की जीत से वापसी ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में हार्ड-कोर्ट एटीपी 250 में दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, तीव्र लड़ाई के बीच, लेहेका के फोरहैंड ने रैलियों पर हावी होकर उसे ड्रेपर के 24 के मुकाबले 34 विनर्स तक पहुंचाया। चेक की मानसिक दृढ़ता चमक उठी जब उसने निर्णायक तीसरे सेट में 3-1, 0/40 के स्कोर पर अपनी सर्विस बरकरार रखी, एक महत्वपूर्ण क्षण जिसने उसके चैंपियनशिप-योग्य प्रदर्शन को रेखांकित किया। एक भव्य ट्रॉफी समारोह में, लेहेका ने अपनी जबरदस्त भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, मेरे लिए कुछ कहना कठिन है क्योंकि यहां एडिलेड में अपना पहला खिताब जीतना मेरे लिए बहुत भावनात्मक है। उन्होंने ड्रेपर और उनकी टीम को बधाई दी और उनके प्रभावशाली खेल को देखने की खुशी को स्वीकार किया। जैक ड्रेपर ने लेहेका की उत्कृष्ट उपलब्धि को स्वीकार करते हुए कहा, मैं जिरी और उनके कोच को बधाई देना चाहता हूं। आप लोग कुछ अद्भुत काम कर रहे हैं। करियर की सर्वोच्च रैंकिंग, कुछ अद्भुत टेनिस खेलना और आपका पहला खिताब। मैं आज भी वैसा ही करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन आप इसके हकदार थे और आप आज बेहतर खिलाड़ी थे। यह जीत 2020 में पुणे में जिरी वेस्ली के बाद पहला चेक एटीपी टूर खिताब है। अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार के रूप में, लेहेका पेपरस्टोन एटीपी रैंकिंग में नौ स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के नए उच्चतम 23वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। एडिलेड में जीत निस्संदेह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी क्योंकि उनकी नजरें ऑस्ट्रेलियन ओपन पर हैं, जहां वह 2023 में अपने पहले प्रमुख क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

लेहेका मेलबर्न में अपने शुरुआती मैच में बर्नबे ज़पाटा मिरालेस का सामना करने के लिए तैयार है, जबकि ड्रेपर मार्कोस गिरोन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### साउदी टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

**ऑकलैंड ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साऊदी ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले ही टी20 मुकाबले में 4 विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अब साऊदी टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। साऊदी ने पाक के खिलाफ 25 रन देकर 4 विकेट लिए जिससे उनकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। साऊदी के इन 4 विकेटों के साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब 117 टी20 मुकाबलों में 151 विकेट हो गए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन अल हसन के 140 विकेट हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। वहीं अफगानिस्तान के राशिद खान 130 विकेट लेकर तीसरें नंबर पर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिभाशाली होने के बाद भी टीम में टिक नहीं पाये रायुडू

**मुम्बई ।** क्रिकेटर अंबाती रायुडू को शानदार प्रदर्शन के बाद भी वह जगह नहीं मिली जहां वह पहुंच सकते थे।



2019 विश्वकप में जब उन्हें टीम में जगह नहीं मिली तो निराश होकर उन्होंने खेल का अलविदा कह दिया हालांकि वह घरेलू क्रिकेट वह आईपीएल खेलते रहे। रायुडू ने 21 साल के करियर में कई गलतियां बार-बार कीं जिसका भी उन्हें नुकसान हुआ। आजकल वह राजनीति में उतरे हैं। भारत के लिए 61 मैच खेलने वाले अंबाती रायुडू क्रिकेट छोड़कर 28 दिसंबर 2023 को राजनीति में उतर गये। वह वाईएसआर कांग्रेस में शामिल हुए पर एक सप्ताह में ही उन्होंने राजनीति से दूरी बना ली। इसका कारण उन्होंने आईएलटी20 लीग में हिस्सा बताया है। भारतीय क्रिकेट में जब सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण अपने आखिरी पड़ाव पर था, तब अंबाती अपने करियर को पुनर्जीवित कर रहे थे। वह इस दौड़ में रैना, रोहित, विराट से पिछड़ चुके थे। रायुडू में काफी प्रतिभा थी। उन्होंने रणजी सत्र में जमकर रन बनाये। चयनकर्ताओं ने 2013 में अंबाती रायुडू को टीम इंडिया में जगह दी। साल 2013 में उन्होंने पहला एकदिवसीय खेला और 2014 में पहला टी20 इंटरनेशनल मैच। साल 2018 में उनका प्रदर्शन इतना बेहतरीन था कि सबने मान लिया था कि टीम इंडिया की नंबर-4 की परेशानी दूर हो गई है। साल 2019 आते ही रायुडू की किस्मत ने धोखा दे दिया।

### टेबल टेनिस क्वालिफायर में शरत और साथियान पेश करेंगे चुनौती, 23 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट



**मापुसा (गोवा)।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालिफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालिफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है जो पिछले साल से एक अधिक है। शरत, साथियान, अयहिका मुखर्जी, सुतीर्थ मुखर्जी और सानिल शेट्टी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा क्वालिफायर में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन पोयमंती बैस्या, पायस जैन, एस फिदेल आर स्नेहित, मुदित दानी, जीत चंद्रा, दीया चितले, यशस्विनी घोरपड़े, अर्चना कामथ, स्वस्तिका घोष और सुहाना सैनी जैसे कुछ अन्य प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के पास खुद को साबित करने का मौका होगा।

### इंग्लैंड के खिलाफ पहले 2 टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित , ध्रुव जुरैल नया चेहरा, ईशान को फिर नहीं मिला अवसर

BCCI

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी है। रोहित शर्मा के पास टीम की कप्तानी रहेगी। टीम में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल को पहली बार अवसर मिला है। ध्रुव के अलावा दो अन्य विकेटकीपर बल्लेबाज हैं केएस भरत और केएल राहुल को शामिल किया गया है पर ईशान किशन को एक बार फिर टीम में जगह नहीं मिली है। इससे एक बार फिर इस प्रकार की अटकलों को बल मिल रहा है कि ईशान को अनुशासन तोड़ने की सजा मिल रही है हालांकि गत दिवस ही टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि ईशान ने आराम की मांग की थी और उनके खिलाफ कार्रवाई जैसी जो भी बातें मीडिया में आ रही हैं वे गलत हैं। द्रविड़ के बयान के बाद भी प्रशंसक संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि पहले अफगानिस्तान और अब इंग्लैंड के खिलाफ उन्हें शामिल न करना बताता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। टीम में बल्लेबाज जायसवाल को भी टीम में जगह मिली है। जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार टेस्ट पदार्पण किया था और अब घरेलू सीरीज में भी वह ये सिलसिल बनाये रखना चाहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक अपनी चोट से नहीं उभर पाए हैं। उन्हें विश्वकप के दौरान ये चोट लगी थी। चोटिल होने के कारण ही अब वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट नहीं खेलेंगे। फिट होने पर तीसरे टेस्ट में उनकी वापसी हो सकती है। इस सीरीज में पांच मैच खेले जाएंगे।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 के साथ ही सीरीज जीतने उतरेगी, विराट के खेलने की संभावना

**इंदौर ।**

**भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को यहां के होल्कर स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 मैच में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले मैच में जीत दर्ज की थी जिससे वह सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम का लक्ष्य साल की शुरुआत में सीरीज जीतना है। इसमें भारतीय टीम को शायद ही कोई परेशानी आये। इसका कारण है कि अफगान टीम के खिलाफ भारत ने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं। इस मैच में भारतीय टीम बदलावों के साथ उतर सकती है और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को टीम में शामिल किया जा सकता है।**




वहीं इस मैच में युवा खिलाड़ी जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल भी बेहतर प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। इसके साथ ही आगामी टी20 विश्व कप टीम के लिए भी अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। इस में विराट की वापसी से तिलक वर्मा को बाहर बैठना पड़ सकता है। हाल में उनका प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा और वह 13 पारियों में केवल एक अर्धशतक ही बना पाये हैं। ऐसे में उनकी जगह की दावेदारी सबसे कमजोर है।

वहीं अक्षर अब सीमित ओवरों ही नहीं बल्कि टेस्ट मैचों में खेलने के लिए भी तैयार है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मोहाली में पहले टी20 मैच में 23 रन दे कर दो विकेट लिए थे। वह अगले मैच में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने का प्रयास करेंगे।

सुंदर ने पहले मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं किया और ऐसे में उनकी नजरें इस दूसरे मैच पर रहेंगी। इंदौर की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के अनुकूल रही है और ऐसे में जितेश और तिलक अवसर मिलने पर इसका पूरा लाभ उठाना चाहेंगे।

वहीं दूसरी ओर अफगानिस्तान की टीम के लिए ये मैच भी आसान नहीं रहेगा। पहले मैच में वह बल्लेबाज और गेंदबाजी में भारतीय टीम के सामने टिक नहीं पायी थी। इसी बाद भी भारतीय टीम उसे कमजोर मानने की भूल नहीं करेगी। उसके पास रहमानुल्लाह गुरबाज़, अज़मतुल्लाह उमरज़ई और अनुभवी मोहम्मद नबी जैसे खिलाड़ी हैं। ये बल्लेबाजी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण के सामने रन बना सकते हैं। टीम को हालांकि अपने स्टार स्पिनर राशिद खान की कमी खल रही है। टीम की गेंदबाजी तेज गेंदबाज नवीन उल हक और फजलहक फारूकी के अलावा स्पिनर मुजीब उर रहमान पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान:** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कै़स अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

# तूफान आने वाला है, ऑस्ट्रेलिया से मैच से पहले कोच स्टिमैक की टीम इंडिया को चेतावनी



**दोहा ।**

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने अपने खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महामुकाबले से पहले चेतावनी दी है। टीम इंडिया और मजबूत टीम मानी जाने वाली ऑस्ट्रेलिया के बीच एशियाई कप में मुकाबला खेला जाएगा। स्टिमैक ने अपनी टीम को चेतावनी देते हुए कहा कि तूफान आने वाला है। ग्राहम अर्नोल्ड की ऑस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है। खासतौर पर सेट पीस से वह किसी भी टीम के लिए खतरा बन सकते हैं। स्कॉटलैंड में जन्मे डिफेंडर हैरी सौतर, जो कि 21 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 10 गोल कर चुके हैं, टीम इंडिया के लिए बड़ा खतरा होंगे। स्टिमैक ने दोहा में कहा, यह हमारे लिए काफी मुश्किल मैच होगा क्योंकि हम सभी ऑस्ट्रेलिया की ताकत के बारे में जानते हैं। यह पूछने पर कि भारत डेड बॉल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया का सामना कैसे करेगा, क्रोएशिया के इस पूर्व खिलाड़ी ने मजाकिया अंदाज में कहा, जाहिर तौर पर सेट पीस में विकेट नहीं गंवाकर। वेस्ट हैम और डर्बी के पूर्व डिफेंडर स्टिमैक ने कहा- वे बहुत व्यावहारिक फुटबॉल खेलते हैं। इस बात पर जोर देते हैं कि उनकी ताकत क्या है। फ्लैंक पर आना, बॉक्स में कई गेंदें डालना और ताकत के साथ हमला करना ऑस्ट्रेलियाई टीम की खासियत है। उन्होंने कहा, हम उम्मीद कर सकते हैं कि उनकी ओर से तूफान आ रहा है। हमें ऐसी स्थितियों का बचाव करने और खुद को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकालने का एक तरीका खोजने की जरूरत है। सबसे पहले हमें फ्लैंक को तितरबितर होने से रोकना होगा। अगर यह संभव नहीं हुआ तो हमें अपने बॉक्स में आने वाले क्रॉस को रोकने के लिए सब कुछ करने की जरूरत होगी। स्टिमैक ने कहा कि उनकी टीम नतीजों की कीमत पर भी अपना नैसर्गिक खेल खेलना चाहेगी क्योंकि उन्होंने भारत की कमान संभालने के करीब पांच साल के दौरान फुटबॉल की संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास किया है।उन्होंने कहा, हम मैदान पर फुटबॉल का लुत्फ उठाने की कोशिश करेंगे जैसा कि हमने पिछले चार साल में किया। अगर इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हार मिलती है तो मैं इसके खिलाफ नहीं हूं।

# ओलंपिक की तैयारियों के लिए किशोर , चानू सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों को विदेश भेजेगा खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली ।**

**खेल मंत्रालय आगामी ओलंपिक खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए शीर्ष खिलाड़ियों को अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत प्रशिक्षण के लिए विदेश भेज रहा है। इसी कड़ी में एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को प्रशिक्षण लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा जाएगा। वहीं भारोत्तोलक मीराबाई चानू अमेरिका में प्रशिक्षण लेंगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने इन दोनो की ही यात्राओं को अपनी मंजूरी दे दी है। जेना 78 दिनों तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में अभ्यास करेंगे। खेल मंत्रालय टॉप्स योजना के तहत, जेना, उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के सभी खर्च उठाएगा।**



वहीं टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मीराबाई चानू सेंट लुइस में एक महीने के पुनर्वास प्रशिक्षण के लिए अमेरिका जाएंगी। वह विशेषण कोच एरोन होर्शिग के साथ नियमित सत्र करेंगी और इस दौरान उनके साथ मुख्य कोच विजय शर्मा भी होंगे। खेल मंत्रालय, उनके और उनके कोच के सभी खर्च उठाएगा। मंत्रालय ने पहलवान दीपक पुनिया (फ्रीस्टाइल), आशु (ग्रीको-रोमन) और रोनित शर्मा (ग्रीको-रोमन) के भी विदेश में प्रशिक्षण के प्रस्तावों को अपनी सहमति दे दी है। टॉप्स ओलंपियन दीपक पुनिया को मिशिगन, अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता करेगा। किशोर अपने फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ वहां 31 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे, जबकि भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान अल्माटी, कजाकिस्तान जाएंगे और कजाकिस्तान की कुश्ती टीम के साथ 14 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे।

# अंतुम नकवी ने रचा इतिहास, 300 रन बनाने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने

**मुम्बई ।**

हरारे, मिड वेस्ट राइनोज का नेतृत्व कर रहे 24 वर्षीय अंतुम नकवी ने प्रतिनिधि क्रिकेट के किसी भी स्तर पर तिहरा शतक लगाने वाला जिम्बाब्वे टीम का पहला खिलाड़ी बनकर जिम्बाब्वे क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।

हरारे में राइनोस बनाम माटाबेलेलैंड टस्कर्स लोगान कप मैच के दौरान यह उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई. जैसे ही तीसरे दिन का खेल शुरू हुआ, पहले से ही 250 रन बनाकर खड़े नकवी ने टस्कर्स के 128 रन के जवाब में अपनी टीम को 3 विकेट पर 461 रन तक पहुंचा दिया. नकवी का निरंतर प्रदर्शन जारी रहा, दोपहर के भोजन से पहले 300 रन के मील के पत्थर तक पहुंच गए, साथ ही जिम्बाब्वे के कई रिकॉर्ड फिर से लिखे।

300 रन की अपनी यात्रा में नकवी ने 2017-18 सीज़न में सेफस जुवाओ के 265 को पीछे छोड़ते हुए, सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के लिए लोगान कप प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड तोड़ दिया. यहीं नहीं रुके, उन्होंने रे ग्रिपर के 279 रन को पीछे छोड़ दिया, जो दक्षिण अफ्रीका में 1967-68 के करी कप के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जिम्बाब्वे के किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था।

अंतिम मील का पत्थर 1973-74 में ब्रायन डेविसन का 299 रन था, जो प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त करने से पहले लोगान कप का उच्चतम स्कोर था. ग्रीम हिक और मरे गुडविन ने भले ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तिहरे शतक लगाए हों, लेकिन नकवी की उपलब्धि एक अलग सम्मान रखती है क्योंकि यह इंग्लिश काउंटी सर्किट में नहीं बल्कि जिम्बाब्वे टीम के लिए सामने आई है।



हालाँकि 2000-01 सीज़न में क्वेकवे में जिम्बाब्वे ए के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए मार्क रिचर्डसन का 306 रन जिम्बाब्वे की धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्रथम श्रेणी स्कोर है, लेकिन 300 पर उनके साथ 3 विकेट पर 538 रन पर पारी घोषित करने का नकवी का निर्णय दबाव डालने के लिए एक रणनीतिक कदम दर्शाता है। 410 की शानदार बढ़त के साथ, तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राइनोज़ ने टस्कर्स का स्कोर 2 विकेट पर 143 रन कर दिया, लेकिन वह अभी भी 267 से पीछे है. 444 मिनट में 295 गेंदों पर बनाए गए नकवी के तिहरे शतक में 30 चौके और दस छक्के शामिल थे।

# वेस्टइंडीज पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन को लेकर बिल्कुल स्पष्ट है: क्रैग ब्रैथवेट

**एडिलेड।**

वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने कहा कि 17 जनवरी को एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए मेहमान टीम अपनी अंतिम एकादश को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है। करेन रोल्टन ओवल में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ अभ्यास मैच में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ दा सिल्वा ने आखिरी दिन शतक लगाया, जबकि केवम हॉज और जस्टिन ग्रीव्स रन बनाने वालों में से थे, तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने भी अपने स्पैल से सभी को प्रभावित किया। जिस तरह से सभी लोगों ने शिविर में भाग लिया (और) इस मैच में भाग लिया उससे बहुत खुश हूं। इस बार अगले सप्ताह यह वेस्टइंडीज को गौरवान्वित करने के बारे में है। (डा सिल्वा) ने इसे दोनों हाथों से लिया, ओपनिंग करने का मौका, और उन्होंने लंबे समय तक बल्लेबाजी की, जो कि आप टेस्ट क्रिकेट में चाहते हैं, इसलिए



यह देखना अच्छा था। ब्रैथवेट ने खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों के हवाले से कहा, जिस तरह से (हॉज ने) दिखाया कि वह दूसरी पारी में फिर से आ सकता है और ऐसा कर सकता है, उससे बहुत खुश हूं। हम यही चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के 2022 टेस्ट दौरे में खेलने वाली टीम से, केवल ब्रैथवेट, केमार रोच, अल्ज़ारी जोसेफ, जोशुआ दा सिल्वा और तेगनारायण चंद्रपॉल 2023/24 सीज़न में दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम में हैं। (आप इस बारे में बात कर सकते हैं) कि आपने अलग-अलग स्पैल का सामना किया होगा, पिचें कैसी थीं, इसके बारे में बहुत सारी जानकारी साझा की गई है। ब्रैथवेट ने रोच के 79 टेस्ट के अपने विशाल अनुभव को बताते हुए कहा, जाहिर तौर पर केमार रोच समान अनुभव के साथ युवा गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व कर रहे हैं, कूकाबुरा गेंद इस प्रकार की पिचों पर कैसे प्रतिक्रिया करती है, खासकर नई गेंद के साथ लंबाई बहुत महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में इसका उपयोग करें। वेस्टइंडीज 30 दिसंबर को एडिलेड पहुंचा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की तैयारी और परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में दो सप्ताह बिताए। ध्यान अच्छी तरह से कैच लेने पर भी है, एक पहलू जहां पाकिस्तान पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया में 3-0 से टेस्ट सीरीज हार के दौरान लड़खड़ा गया था। कैच करना बहुत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से यहां ऑस्ट्रेलिया में। पिचों पर काफी उछाल मिलता है, इसलिए विशेष रूप से स्लिप क्षेत्ररक्षकों को तेज होना होगा। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में क्षेत्ररक्षण कोच बोलते हैं, (लेकिन) हमें कड़ी मेहनत करते रहना होगा। ब्रैथवेट ने निष्कर्ष निकाला, यहां एडिलेड में अभ्यास करने का समय मिला, पिचों और चीजों से अभ्यस्त हुए, सोचा कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा था।

### टी20 विश्वकप में अहम भूमिका निभा सकते हैं शिवम : सबा करीम

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सबा करीम के अनुसार ऑलराउंडर शिवम दुबे अब लंबे समय तक खेलेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ही टी20 में शिवम ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। सबा करीम के अनुसार शिवम को हार्दिक पंड्या की तरह तैयार किया जा रहा है। टीम प्रबंधन के पास उनके लिए अहम भूमिका है। जून में होने वाले टी20 विश्वकप में वह अहम भूमिका निभा सकते हैं। पूर्व विकेटकीपर सबा ने कहा, 'आप सिर्फ उनके रन को मत देखिए। आप यह देखिए कि उन्होंने कैसे बड़े-बड़े शॉट लगाए। सबसे बड़ी बात यह कि उन्हें जो भूमिका दी गयी उसे उन्होंने बखूबी निभाया। यह वही भूमिका है, जो पंड्या निभाते रहे हैं। इसी साल जून में विश्व कप होना है और भारतीय टीम प्रबंधन शिवम को उसी के अनुसार तैयार कर रहा है।

-- Janasanyog /D/16413/ 23

জনতাৰ চৰকাৰ | my GOV मेरी सरकार

सत्यमेव जयते

Government of Assam
Department of Food, Public Distribution and Consumer Affairs



As per decision of Assam Cabinet

# Ensuring food security - yet another promise fulfilled by Government of Assam

## 16 - 25 January 2024

## Distribution of new Ration Cards

In every new Legislative Assembly Constituency



Chief Guest
**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

**Benefits of Ration Card**

Antyodaya Anna Yojana (AAY) ration card holders receive 35 kg of free rice per month and each member of Priority Household (PHH) receives 5 kg of free rice per month. All new Ration Card holders will get this benefit from January 2024.

Every ration card holder will get free medical services up to ₹5 lakh per annum through Ayushman Card under Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana and Ayushman Assam Mukhya Mantri Jan Arogya Yojana.

Ration card holders who currently do not have LPG connections will get free LPG connections under the Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY). Under the Ujjwala scheme, beneficiaries initially receive gas stove, pipe, regulator and cylinder with gas weighing 14.20 kg or two cylinders with gas weighing 5 kg free of charge. On refilling the next time, the beneficiary can avail ₹300 off from the total cost of LPG as cash back.

- No. 37 Jalukbari — 16-01-2024 — 2 PM
- No. 47 Mazbat — 18-01-2024 — 11 AM
- No. 97 Nazira — 24-01-2024 — 11 AM
- No. 100 Jorhat — 23-01-2024 — 11 AM
- No. 104 Dergaon — 23-01-2024 — 3 PM

## Schedule for distribution of ration cards in new Legislative Assembly constituencies

| Number and Name of new LAC | New Ration Cards as on 16-12-2023 | New beneficiaries as on 16-12-2023 | Minister or other official to be present | Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| No. 1 Gossaigaon | 14,393 | 38,199 | Shri Pramod Boro, CEM, BTR | 17-01-2024 | 1 PM |
| No. 2 Dotma (ST) | 6,787 | 31,885 | | 16-01-2024 | 2 PM |
| No. 3 Kokrajhar (ST) | 5,885 | 26,997 | | 16-01-2024 | 10:00 AM |
| No. 4 Baokhungri | 2,004 | 25,824 | | 16-01-2024 | 11.30 AM |
| No. 5 Parbatjhora | 2,083 | 16,682 | | 17-01-2024 | 10 AM |
| No. 6 Golakganj | 7,575 | 29,394 | Shri Sanjoy Kishan, Minister | 24-01-2024 | 12 PM |
| No. 7 Gauripur | 9,568 | 40,558 | | 24-01-2024 | 10 AM |
| No. 8 Dhubri | 10,955 | 52,429 | | 23-01-2024 | 12 PM |
| No. 9 Birsing Jarua | 15,866 | 71,372 | | 23-01-2024 | 10 AM |
| No. 10 Bilasipara | 13,265 | 43,626 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 19-01-2024 | 2 PM |
| No. 11 Mankachar | 11,702 | 80,842 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 12 Jaleswar | 7,041 | 16,531 | Shri Ashok Singhal, Minister | 25-01-2024 | 3 PM |
| No. 13 Goalpara West (ST) | 4,948 | 11,656 | | 25-01-2024 | 1 PM |
| No. 14 Goalpara East | 19,258 | 50,710 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 15 Dudhnoi (ST) | 16,947 | 41,945 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 19-01-2024 | 11 AM |
| No. 16 Abhayapuri | 14,149 | 49,549 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 18-01-2024 | 12.30 PM |
| No. 17 Srijangram | 9,277 | 34,141 | | 18-01-2024 | 3 PM |
| No. 18 Bongaigaon | 7,464 | 28,065 | | 19-01-2024 | 11 AM |
| No. 19 Sidli Chirang(ST) | 9,574 | 48,657 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 17-01-2024 | 2 PM |
| No. 20 Bijni | 10,208 | 47,404 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 18-01-2024 | 10 AM |
| No. 21 Bhowanipur-Sorbhog | 13,233 | 45,626 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 17-01-2024 | 10 AM |
| No. 22 Mandia | 10,979 | 32,594 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 23 Chenga | 6,530 | 20,810 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 24 Barpeta (SC) | 12,367 | 35,982 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 25 Pakabetbari | 12,567 | 39,236 | | 16-01-2024 | 3 PM |
| No. 26 Bajali | 5,752 | 18,486 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 27 Chamaria | 11,736 | 45,895 | Shri Chandra Mohan Patowary, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 28 Boko Chaygaon (ST) | 12,090 | 46,819 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 29 Palasbari | 11,536 | 46,362 | | 24-01-2024 | 3 PM |
| No. 30 Hajo Sualkuchi | 14,074 | 51,052 | | 17-01-2024 | 2 PM |
| No. 31 Rangia | 8,912 | 36,058 | | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 32 Kamalpur | 10,818 | 38,859 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 33 Dispur | 5,949 | 19,100 | Shri Atul Bora, Minister | 19-01-2024 | 11 AM |
| No. 34 Dimoria (SC) | 6,883 | 23,220 | Smti Ajanta Neog, Minister | 25-01-2024 | 2 PM |
| No. 35 New Guwahati | 6,814 | 20,196 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 36 Guwahati Central | 7,521 | 23,150 | Shri Chandra Mohan Patowary, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 37 Jalukbari | 7,350 | 22,995 | Chief Minister, Assam | 16-01-2024 | 2 PM |
| No. 38 Barkhetri | 9,657 | 37,119 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 21-01-2024 | 1 PM |
| No. 39 Nalbari | 9,186 | 29,041 | | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 40 Tihu | 7,642 | 29,045 | Shri Chandra Mohan Patowary, Minister | 16-01-2024 | 2 PM |
| No. 41 Manas | 9,686 | 48,029 | Shri U.G. Brahma, Minister | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 42 Baksa (ST) | 8,956 | 37,778 | | 16-01-202 | 11 AM |
| No. 43 Tamulpur (ST) | 10,116 | 46,883 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 23-01-2024 | 10 AM |
| No. 44 Goreswar | 4,016 | 22,280 | Shri U.G. Brahma, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 45 Bhergaon | 7,289 | 31,793 | | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 46 Udalguri (ST) | 7,908 | 27,139 | | 19-01-2024 | 11 AM |
| No. 47 Mazbat | 12,362 | 37,737 | Chief Minister, Assam & Shri Pramod Boro, CEM, BTR | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 48 Tangla | 9,871 | 43,704 | Shri U.G. Brahma, Minister | 18-01-2024 | 2 PM |
| No. 49 Sipajhar | 11,600 | 31,822 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 23-01-2024 | 2 PM |
| No. 50 Mangaldai | 9,795 | 24,502 | Shri Ashok Singhal, Minister | 16-01-2024 | 2 PM |
| No. 51 Dalgaon | 11,045 | 30,601 | Shri U.G. Brahma, Minister | 19-01-2024 | 2 PM |
| No. 52 Jagiroad (SC) | 13,702 | 32,345 | Shri Pijush Hazarika, Minister | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 53 Laharighat | 14,079 | 35,227 | | 25-01-2024 | 3 PM |
| No. 54 Morigaon | 10,420 | 31,211 | Shri Sanjoy Kishan, Minister | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 55 Dhing | 9,589 | 41,172 | Shri Bimal Borah, Minister | 18-01-2024 | 10 AM |
| No. 56 Rupahihat | 3,916 | 27,729 | | 18-01-2024 | 1 PM |
| No. 57 Kaliabor | 7,033 | 27,730 | Shri Keshab Mahanta, Minister | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 58 Samaguri | 10,798 | 55,054 | Shri Bimal Borah, Minister | 18-01-2024 | 3 PM |
| No. 59 Barhampur | 5,604 | 35,186 | Shri Keshab Mahanta, Minister | 23-01-2024 | 1 PM |
| No. 60 Nagaon-Batadraba | 5,704 | 28,522 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 61 Raha (SC) | 4,844 | 40,907 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 17-01-2023 | 2 PM |
| No. 62 Binnakandi | 6,777 | 53,061 | Shri Keshab Mahanta, Minister | 18-01-2024 | 3 PM |
| No. 63 Hojai | 10,872 | 59,774 | | 18-01-2024 | 1 PM |
| No. 64 Lumding | 5,240 | 47,508 | | 18-01-2024 | 10 AM |
| No. 65 Dhekiajuli | 6,578 | 33,715 | Shri Ashok Singhal, Minister | 18-01-2024 | 10 AM |

| Number and Name of new LAC | New Ration Cards as on 16-12-2023 | New beneficiaries as on 16-12-2023 | Minister or other official to be present | Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| No. 66 Barchalla | 4,888 | 27,427 | Shri Ashok Singhal, Minister | 17-01-2024 | 4 PM |
| No. 67 Tezpur | 6,740 | 29,668 | Shri Pijush Hazarika, Minister | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 68 Rangapara | 6,212 | 26,125 | Shri Ashok Singhal, Minister | 18-01-2024 | 2 PM |
| No. 69 Naduar | 3,037 | 14,830 | Shri Pijush Hazarika, Minister | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 70 Biswanath | 10,663 | 38,937 | | 23-01-2026 | 11 AM |
| No. 71 Behali (SC) | 5,597 | 23,298 | | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 72 Gohpur | 8,671 | 33,326 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 73 Bihpuria | 4,912 | 22,426 | Shri Atul Bora, Minister | 25-01-2024 | 1 PM |
| No. 74 Ranganadi | 7,070 | 22,444 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 75 Nowboicha (SC) | 10,475 | 37,782 | | 24-01-2024 | 1 PM |
| No. 76 Lakhimpur | 10,517 | 50,945 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 77 Dhakuakhana (ST) | 11,107 | 47,215 | | 18-01-2024 | 3 PM |
| No. 78 Dhemaji (ST) | 14,363 | 41,393 | Dr Ranoj Pegu, Minister | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 79 Sisiborgaon | 8,022 | 23,818 | | 16-01-2024 | 3 PM |
| No. 80 Jonai (ST) | 13,309 | 46,915 | | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 81 Sadiya | 8,177 | 37,406 | Shri Sanjoy Kishan, Minister | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 82 Doom Dooma | 5,641 | 26,760 | Shri Bimal Borah, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 83 Margherita | 6,923 | 28,665 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 84 Digboi | 4,088 | 18,228 | | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 85 Makum | 5,370 | 26,708 | Shri Sanjoy Kishan, Minister | 16-01-2024 | 3 PM |
| No. 86 Tinsukia | 7,836 | 33,025 | | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 87 Chabua Lahowal | 9,475 | 35,895 | Shri Jogen Mohan, Minister | 19-01-2024 | 11 AM |
| No. 88 Dibrugarh | 11,195 | 39,318 | | 18-01-2024 | 2 PM |
| No. 89 Khowang | 5,248 | 20,468 | | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 90 Duliajan | 5,612 | 21,351 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 91 Tinkhong | 6,888 | 30,053 | Shri Bimal Borah, Minister | 21-01-2024 | 2 PM |
| No. 92 Naharkatia | 5,951 | 24,703 | Shri Jogen Mohan, Minister | 23-01-2024 | 02 PM |
| No. 93 Sonari | 6,809 | 36,809 | Dr Ranoj Pegu, Minister | 18-01-2024 | 3 PM |
| No. 94 Mahmora | 5,287 | 27,218 | Shri Jogen Mohan, Minister | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 95 Demow | 10,493 | 47,335 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 96 Sivasagar | 11,911 | 48,802 | Dr Ranoj Pegu, Minister | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 97 Nazira | 7,150 | 34,584 | Chief Minister, Assam & Dr Ranoj Pegu, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 98 Majuli (ST) | 10,148 | 35,396 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 99 Teok | 12,116 | 39,910 | Shri Atul Bora, Minister | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 100 Jorhat | 6,328 | 23,103 | Chief Minister, Assam & Smti Ajanta Neog, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 101 Mariani | 7,545 | 25,161 | Dr Ranoj Pegu, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 102 Titabor | 7,240 | 27,788 | Smti Ajanta Neog, Minister | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 103 Golaghat | 7,505 | 24,895 | | 16-01-2024 | 12:30 PM |
| No. 104 Dergaon | 3,984 | 8,993 | Chief Minister, Assam & Smti Ajanta Neog, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 105 Bokakhat | 7,478 | 23,571 | Shri Atul Bora, Minister | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 106 Khumtai | 5,676 | 20,233 | Smti Ajanta Neog, Minister | 17-01-2024 | 2 PM |
| No. 107 Sarupathar | 8,500 | 26,857 | | 16-01-2024 | 10:30 AM |
| No. 108 Bokajan (ST) | 9,247 | 39,123 | Shri Tuliram Ronghang, CEM, KAAC | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 109 Howraghat (ST) | 5,605 | 22,637 | | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 110 Diphu (ST) | 10,337 | 41,738 | | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 111 Rongkhang (ST) | 4,159 | 19,448 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 112 Amri (ST) | 6,893 | 26,898 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 113 Haflong (ST) | 6,887 | 27,722 | CEM, NCHAC | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 114 Lakhipur | 11,153 | 45,851 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 115 Udharbond | 4,981 | 24,290 | Shri Parimal Suklabaidya, Minister | 18-01-2024 | 3 PM |
| No. 116 Katigorah | 6,917 | 28,565 | | 18-01-2024 | 11 AM |
| No. 117 Borkhola | 8,208 | 29,219 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 118 Silchar | 8,822 | 29,300 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 119 Sonai | 6,487 | 27,442 | Shri Parimal Suklabaidya, Minister | 17-01-2024 | 11 AM |
| No. 120 Dholai (SC) | 7,672 | 29,799 | | 16-01-2024 | 11 AM |
| No. 121 Hailakandi | 8,163 | 45,012 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 122 Algapur Katlicherra | 8,702 | 45,458 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 123 Karimganj North | 6,522 | 33,826 | Shri Parimal Suklabaidya, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 124 Karimganj South | 5,767 | 36,150 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 125 Patharkandi | 6,263 | 36,970 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 126 R K Nagar | 6,202 | 36,993 | Shri Parimal Suklabaidya, Minister | 24-01-2024 | 3 PM |

Households covered **66,38,399** | Beneficiaries covered **2,31,88,213** | New beneficiaries **42,85,745** | New ration cards **10,73,489**

All new Ration Card holders can avail their free rice from **16th January'24 to 31st January'24**

Published by **Directorate of Information and Public Relations, Assam** | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in


मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**